शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

# विकसित भारत समाचार


राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

वर्ष : 10 | अंक : 173 | गुवाहाटी | रविवार, 21 जनवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 12 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

हमने लोगों की समस्याओं को सुनने को शुरू की न्याय यात्रा : राहुल — पेज 3
प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की — पेज 4
प्रधानमंत्री के वोकर फॉर लोकर की आधारशिला है हैंडीक्राफ्ट... — पेज 5
नाखून के विकास में सहायक ऑलिव ऑयल... — पेज 8

## देश को अगले तीन वर्षों में नक्सल समस्याओं से मिल जाएगी मुक्ति : अमित शाह

**गुवाहाटी ( हि.स. )।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने विश्वास जताया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आगामी तीन वर्षों के भीतर नक्सल समस्या से पूरा देश शत-प्रतिशत मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवान नेपाल और भूटान जैसे मित्र देशों की सीमा की सुरक्षा करने के साथ-साथ छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के नक्सल प्रभावित इलाकों में भी मुस्तैदी से ड्यूटी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीआरपीएफ और बीएसएफ के साथ मिलकर एसएसबी ने नक्सल आंदोलन को हाशिये पर लाकर रख दिया है। गृहमंत्री अमित शाह शनिवार को असम के तेजपुर स्थित एसएसबी रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में सशस्त्र सीमा बल के 60वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, केंद्रीय गृह सचिव, एसएसबी के महानिदेशक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस दौरान गृह मंत्री ने देश की सुरक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले एसएसबी के 51 वीर जवानों को श्रद्धांजलि दी। गृह मंत्री ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले वर्ष ही सशस्त्र सीमा बल के पांच कर्मियों ने कर्तव्य पथ पर अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर जवानों के भरोसे पर ही देश चैन की नींद सोता है। अमित शाह ने परमवीर चक्र से सम्मानित करम सिंह की पुण्य तिथि पर उन्हें याद करते हुए कहा कि करम सिंह ने उत्तम



बहादुरी का उदाहरण देते हुए अपने प्राणों का बलिदान दिया था और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करम सिंह की स्मृति में उनके नाम पर अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में एक द्वीप का नाम करम सिंह आइलैंड रखा है। अमित शाह ने कहा कि आज 226 करोड़ रुपए की लागत से एसएसबी से जुड़ी कई परियोजनाओं का उद्घाटन भी किया गया। जिनमें 45वीं वाहिनी मुख्यालय वीरपुर, 20वीं वाहिनी मुख्यालय सीतामढ़ी, रिजर्व वाहिनी मुख्यालय बारासात में आवास, जवानों के लिए बैरक, मेस, अस्पताल, क्वार्टर गार्ड, स्टोर और गैराज जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सभी सीएपीएफ की सुविधाओं के लिए अनेक कल्याणकारी कदम उठाए हैं। गृहमंत्री ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल की 60वीं हीरक जयंती के मौके पर भारत सरकार ने एक डाक टिकट का भी विमोचन किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह डाक टिकट हमेशा एसएसबी की कर्तव्यपरायणता को देश के सामने जीवंत बनाए रखेगा। गृहमंत्री शाह ने कहा कि एसएसबी का इतिहास सेवा, सुरक्षा और बंधुत्व के मंत्र से सुसज्जित है। एसएसबी 2,450 किमी लंबी खुली सीमाओं की रखवाली पूरी तत्परता के साथ कर रही है और वन हो या पहाड़, नदी हो या पठार, एसएसबी के जवानों ने किसी भी प्रकार के मौसम में ड्यूटी के साथ कभी समझौता नहीं किया है। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने बीते एक वर्ष के भीतर पांच हजार से ज्यादा तस्करों, 24 हजार -शेष पृष्ठ दो पर

### इंसाफ मांग रही कांग्रेस शासन के दौरान परिजनों को खो चुकी जनता

**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने दावा किया कि असम की जनता बड़ी संख्या में कांग्रेस की यात्रा का विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में असम में उग्रवाद चरम पर था। इस दौरान हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी। पीड़ित परिवार आज भी इंसाफ के इंतजार में आस लगाकर बैठे हैं। असम पुलिस की पासिंग आउट परेड में शरीक होने के बाद संबोधन में गृह मंत्री शाह ने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। आज कुछ मीडिया कर्मियों से पूछा कि असम में क्या हुआ ? बकौल गृह मंत्री शाह, कांग्रेस शासन के दौरान, हजारों -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत-म्यांमार के बॉर्डर पर फेंसिंग लगाएगी सरकार : केंद्रीय गृहमंत्री

**शोणितपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि केंद्र जल्द ही भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ लगाएगा, जैसे उसने देश में मुक्त आवाजाही को प्रतिबंधित करने के लिए बांग्लादेश के साथ सीमा पर बाड़ लगा दी है। इस घोषणा के साथ, फ्री मूवमेंट रिजीम (एफएमआर), जो भारत-म्यांमार सीमा के करीब रहने वाले लोगों को बिना वीजा के एक-दूसरे के क्षेत्र में 16 किमी तक जाने की अनुमति देता है, जल्द ही समाप्त हो जाएगा। गुवाहाटी में असम पुलिस कमांडो की पासिंग आउट परेड में बोलते हुए अमित शाह ने कहा कि म्यांमार के साथ भारत की सीमा जल्द ही बांग्लादेश के साथ सीमा की तरह सुरक्षित की जाएगी। शाह ने कहा कि मैं असम में अपने दोस्तों -शेष पृष्ठ दो पर



### अखिल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए अमित शाह

**शोणितपुर ( हि.स. )।** शोणितपुर जिला के ढेकियाजुली में आयोजित अखिल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हिस्सा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा, असम सरकार के मंत्री अशोक सिंघल, बीटीआर के मुख्य कार्यकारी पार्षद प्रमोद बोडो भी मौजूद रहे। अमित शाह तीन दिवसीय असम और मेघालय के दौरे पर गत गुरुवार को गुवाहाटी होते हुए मेघालय पहुंचे थे। मेघालय के -शेष पृष्ठ दो पर

## गांधी परिवार से ज्यादा कोई भ्रष्ट नहीं हो सकता : सीएम

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा ने जबसे असम में प्रवेश किया है, तबसे ही पार्टी के नेता मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा पर निशाना साध रहे हैं। उन पर लगातार भ्रष्टाचार के आरोप लगाए जा रहे हैं। ऐसे में अब शर्मा ने शनिवार को पलटवार किया। उन्होंने कहा कि गांधी परिवार से ज्यादा कोई भ्रष्ट नहीं हो सकता। शर्मा को राहुल गांधी द्वारा पिछले दो दिनों में -शेष पृष्ठ दो पर



পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

## जनता की आवाज न मीडिया उठा रहा और न सरकार सुन रही : राहुल

**लखीमपुर।** अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी भाजपा और केंद्र की मोदी सरकार पर जबरदस्त तरीके से हमलावर है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान अपने संबोधन में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में भाजपा और आरएसएस के लोग नफरत फैला रहे हैं। एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ा रहे हैं, एक जाति को दूसरी जाति से लड़ा रहे हैं और एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ा रहे हैं।




उन्होंने कहा कि महीनों से मणिपुर जल रहा है और देश के प्रधानमंत्री आज तक मणिपुर नहीं गए... इसलिए हमने सोचा कि क्यों ना हम एक भारत जोड़ो यात्रा शुरू करें। राहुल गांधी की यात्रा आज अरुणाचल प्रदेश भी पहुंची थी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मणिपुर में सिविल वॉर जैसा माहौल बना हुआ है, लोग मारे जा रहे हैं, घर जलाए जा रहे हैं..लेकिन देश के प्रधानमंत्री आज तक -शेष पृष्ठ दो पर

*कांग्रेस ने भाजपा पर लगाए आरोप, कहा-*

## उपद्रवियों ने यात्रा के बैनर उतारे, वाहनों में की तोड़फोड़

**गुवाहाटी।** असम में अज्ञात उपद्रवियों ने कथित तौर पर भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बैनर और पोस्टरों में तोड़फोड़ की और उन्हें उतार दिया। यह घटना शुक्रवार रात असम के लखीमपुर जिले से सामने आई है। कांग्रेस पार्टी ने लखीमपुर की घटना का एक वीडियो क्लिप साझा किया, जिसमें उपद्रवियों को कांग्रेस पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बैनर उतारते और तोड़फोड़ करते देखा जा सकता है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि इस घटना के पीछे कुछ भाजपा कार्यकर्ताओं का हाथ है। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने दावा किया कि पार्टी के कुछ कार्यकर्ताओं पर भी हमला किया गया और उपद्रवियों ने कारों में तोड़फोड़ की। असम कांग्रेस ने कहा कि पिछली रात, भाजयुमो -शेष पृष्ठ दो पर





### डराने और धमकाने से हम रुकने वाले नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को असम में *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* पर *भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के गुंडों* द्वारा किए गए हमले की निंदा की और राज्य में सत्तारूढ़ दल पर देशवासियों को संविधान-प्रदत्त हर अधिकार और न्याय की गारंटी को *कुचलने और ध्वस्त करने* के प्रयास का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष -शेष पृष्ठ दो पर

door graph Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## कोरोना : पिछले 24 घंटों में तीन की मौत, 313 नए मामले आए सामने



**नई दिल्ली।** भारत में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि पिछले 24 घंटों के दौरान देश में कोरोना के 313 नए मामले सामने आए हैं। वहीं, देश में सक्रिय मामलों में कमी दर्ज की गई है, जो कि घटकर 2,041 रह गए हैं। देश में शुक्रवार को सक्रिय मामलों की संख्या 2,331 थी। मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, पिछले 24 घंटों में संक्रमण से कर्नाटक में दो और महाराष्ट्र में एक लोगों की मौत हो गई है। मालूम हो कि पांच -शेष पृष्ठ दो पर

## केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने रखी अत्याधुनिक आयुष दीक्षा केंद्र की आधारशिला

**नई दिल्ली ( हि.स. )।** केंद्रीय जहाजरानी, पोत तथा जलमार्ग और आयुष मंत्री, सर्वानंद सोनोवाल ने शनिवार को केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान भरतपुर भुवनेश्वर में *आयुष दीक्षा* केंद्र की आधारशिला रखी। यह अपनी तरह का पहला केंद्र है, जो आयुष मानव संसाधन का विकास कर भविष्य के आयुष प्रोफेशनल्स का निर्माण करेगा। सीएआरआई परिसर के भीतर इस अत्याधुनिक केंद्र को विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आयुष सेक्टर को विशेष ख्याति मिली है । हमारी प्राचीन और समृद्ध विरासत का लाभ उठाने के लिए अथक प्रयास -शेष पृष्ठ दो पर



## लालू के करीबी विधायक के घर पहुंची सीबीआई

**पटना।** लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के बाद अब उनके करीबियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। लालू यादव के बेहद करीबी संदेश विधायक किरण देवी के घर सीबीआई की टीम पहुंची है। बालू के काले कमाई से जुड़े मामले में पूछताछ करने का नोटिस लेकर सीबीआई की एक पांच सदस्यीय टीम दिल्ली से बिहार के आरा पहुंची है। आरा ही में संदेश विधानसभा क्षेत्र है। यहीं से किरण देवी विधायक हैं। कहा जा रहा है कि सीबीआई पूर्व विधायक अरुण यादव से पूछताछ करने पहुंची है। जानकारी के मुताबिक अरुण यादव घर पार मौजूद नहीं मिले। ऐसे में -शेष पृष्ठ दो पर



सुप्रभात
*अन्न के सिवाय कोई दूसरा धन नहीं है।*
- आचार्य चाणक्य

### न्यूज गैलरी

#### चीन : स्कूल के शयनगृह में आग लगने से 13 की मौत

**बीजिंग।** चीन के मध्य हेनान प्रांत में एक स्कूल के शयनगृह में आग लगने से कम से कम 13 लोगों की मौत हो गयी है। चीन के सरकारी अखबार द पीपुल्स डेली ने शनिवार को बताया कि हेनान के यानशानपु गांव में यिंगकाई स्कूल में शुक्रवार रात स्थानीय समयानुसार 11 बजे आग लगने की सूचना मिली। बचावकर्ता तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और रात 11.38 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। अखबार में बताया गया है कि 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। एक व्यक्ति घायल है। स्थानीय प्राधिकारी आग लगने की वजह की जांच कर रहे हैं।

## 2100 तक 40 प्रतिशत कम हो सकती है लेबर प्रोडक्टिविटी : स्टडी में दावा

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में श्रम उत्पादकता को लेकर एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। एक अध्ययन के अनुसार, जलवायु परिवर्तन के कारण सदी के अंत तक भारत और पाकिस्तान जैसे देशों में श्रम उत्पादकता 40 प्रतिशत तक कम हो सकती है। जिससे वैश्विक खाद्य उत्पादन पर खतरा पड़ सकता है। ग्लोबल चेंज बायोलॉजी जर्नल में प्रकाशित शोध में कहा गया है कि दक्षिण पूर्व और दक्षिण एशिया, पश्चिम-मध्य अफ्रीका और उत्तरी दक्षिण अमेरिका के अन्य क्षेत्रों में शारीरिक कार्य क्षमता 70 प्रतिशत तक कम होने की उम्मीद है। अमेरिका के इलिनोइस यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर गेराल्ड नेल्सन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से फसलों की पैदावार में कमी आएगी, जिससे खाद्य सुरक्षा चुनौतियां और भी बदतर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि केवल फसलें और पशुधन ही प्रभावित नहीं होंगे बल्कि कृषि श्रमिक जो हमारे लिए आवश्यक भोजन की बुआई-जुताई और कटाई करते हैं, उन्हें भी गर्मी के कारण नुकसान होगा। जिससे -शेष पृष्ठ दो पर



*सीट बंटवारे पर कांग्रेस-टीएमसी में रार*

## कुणाल ने लगाए आरोप तो अधीर बोले- मुझे फर्क नहीं पड़ता

**कोलकाता।** लोकसभा चुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने पश्चिम बंगाल में सभी 42 सीटों से चुनाव लड़ने की घोषणा की। टीएमसी के इस एलान के बाद बंगाल में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने प्रतिक्रिया दी है। अधीर रंजन ने कहा कि मुझे इससे बिलकुल भी फर्क नहीं पड़ता है। हमारे नेता पहले ही इसपर बात कर चुके हैं। मैं यहां केवल चुनाव लड़ने और जीतने आया हूं। हमें केवल चुनाव लड़ना और जीतना आता है। कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर टीएमसी राज्य महासचिव कुणाल घोष ने कहा कि कांग्रेस की राज्य इकाई यहां टीएमसी पर हमला कर रही है और भाजपा को ऑक्सीजन दे रही है। यह काम नहीं करने -शेष पृष्ठ दो पर



**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# एक साथ चुनाव होने पर हर 15 साल में खरीदने होंगे दस हजार करोड़ के ईवीएम : ईसी

**नई दिल्ली।** देश में अगर लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते हैं, तो नई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की खरीद के लिए चुनाव आयोग (ईसी) को हर 15 साल में करीब दस हजार करोड़ रुपए की जरूरत होगी। देश में चुनाव कराने वाली शीर्ष संस्था ने सरकार को लिखे एक पत्र में यह बात कही। पत्र में आयोग ने कहा कि ईवीएम पंद्रह साल तक चलती है। एक साथ चुनाव कराए जाने पर ईवीएम के एक सेट का इस्तेमाल तीन दौरे के चुनाव कराने के लिए किया जा सकता है। इस साल आम चुनाव कराने के लिए देशभर में करीब 11.80 लाख मतदान केंद्र बनाने की जरूरत होगी। एक साथ चुनाव के दौरान प्रत्येक मतदान केंद्र पर ईवीएम के दो सेट (एक लोकसभा सीट के लिए और दूसरा विधानसभा क्षेत्र के लिए) की जरूरत होगी। आयोग ने पिछले अनुभवों के आधार पर सरकार को पत्र भेजा। इसमें कहा गया, मतदान के दौरान दोषपूर्ण इकाइयों को बदलने के लिए कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू) और वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपीएटी) मशीनों की आवश्यकता होती है। आयोग ने पिछले साल फरवरी में कानून मंत्रालय को पत्र लिखा था। इसमें उसने कहा था कि विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए एक साथ चुनाव कराने के लिए कम से कम 46,75,100 बैलेट यूनिट, 33,63,300 कंट्रोल यूनिट और 36,62,600 वीवीपीएटी मशीनों की आवश्यकता होगी। पिछले साल के शुरुआत में ईवीएम की लागत करीब 7,900 रुपए प्रति बैलेट यूनिट, 9,800 रुपए प्रति कंट्रोल यूनिट और 16,000 रुपए प्रति वीवीपीएटी थी। चुनाव आयोग ने यह जानकारी कानून मंत्रालय की ओर से भेजे गए सवालों के जवाब में कही। आयोग ने अतिरिक्त मतदान और सुरक्षाकर्मियों, ईवीएम के लिए भंडारण सुविधाओं में वृद्धि और ज्यादा वाहनों की जरूरत पर भी जोर दिया। विज्ञापन आयोग ने यह भी कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं का एक साथ पहला चुनाव 2029 में ही हो सकता है और इसके लिए संविधान के पांच अनुच्छेदों में संशोधन की जरूरत होगी। जिन अनुच्छेदों में संशोधन की जरूरत होगी, उनमें अनुच्छेद 83, 85, 172,174 और 356 शामिल हैं।

# श्रीनिवास हत्या मामला : पीएफआई से जुड़े 15 लोग दोषी करार

**कोच्चि।** केरल की अदालत ने शनिवार को 15 प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) कार्यकर्ताओं को ओबीसी मोर्चा के राज्य सचिव रंजीत श्रीनिवासन की हत्या का दोषी पाया। इस मामले में कुल 31 आरोपी हैं और शनिवार को पहले 15 आरोपियों पर फैसला सुनाया गया। शनिवार को मावेलिकरा की अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वी.जी. श्रीदेवी ने सभी 15 आरोपियों को हत्या का दोषी पाया और अब 22 जनवरी को सजा सुनाएगी। मृतक के परिवार ने फैसले पर खुश हुए और उम्मीद जताई कि आरोपियों को अधिकतम सजा मिलेगी।

অসম লোকসেৱা আয়োগ
ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No. 45PSC/CON/Exam-06/2023-2024

**RESULT**

The Assam Public Service Commission hereby declares today, the 20th January, 2024, the result of the recruitment for the post of ***Research Assistant in Planning Services under Transformation and Development Department*** (Advt. No. 03/2023 Dtd. 23/03/2023).

The Interview for the said post was conducted by the Commission on 18th, 19th and 20th January, 2024. The Commission recommended the following candidates for the said post in order of merit.

No. of Posts: 25 (RFW:5) (PwBD:1-OH) (Ex-Serviceman:2)
Break-up: OC: 16 RFW:2, OBC/MOBC: 5 RFW:2, SC:1, STP:2, STH:1 (RFW)

| Position | Roll No. | Name of Candidate | Gender | PwBD | Ex-Servicemen | Recommended against vacancy |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 60462 | ASHIM SAIKIA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 2 | 64054 | RAHUL SIDDIKI | M | | | OPEN CATEGORY |
| 3 | 61514 | EDWARD RAJBONGSHI | M | | | OPEN CATEGORY |
| 4 | 62101 | JITPAL KALITA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 5 | 20972 | KAUSHIK RANJAN BORAH | M | | | OPEN CATEGORY |
| 6 | 63470 | PADMA LOCHAN BORA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 7 | 60267 | ANKIT DUTTA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 8 | 63192 | NARAYAN SAIKIA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 9 | 21144 | MD SAHID ULLAH | M | | | OPEN CATEGORY |
| 10 | 62304 | KAMAL KRISHNA SARMA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 11 | 63128 | NABAJIT PATGIRI | M | | | OPEN CATEGORY |
| 12 | 64032 | RAHUL DAS GUPTA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 13 | 62015 | JAYADITYA SAHA | M | | | OPEN CATEGORY |
| 14 | 64577 | SANTOSH BURAGOHAIN | M | | | RESERVED |
| 15 | 50253 | PRAKASH ACHARYA | M | | | RESERVED |
| 16 | 60077 | ADITA GHOSH | F | | | OPEN CATEGORY |
| 17 | 63882 | PRITAM DAS | M | | | RESERVED |
| 18 | 65172 | TRISHAMANI DEKA | F | | | OPEN CATEGORY |
| 19 | 64564 | SANKOV KAUSHIK DAS | M | | | RESERVED |
| 20 | 60230 | ANINDITA CHOUDHURY | F | | | RESERVED |
| 21 | 62954 | MOITREE GOGOI | F | | | RESERVED |
| 22 | 65330 | JIARUL ISLAM | M | OH | | OPEN CATEGORY |
| 23 | 63752 | PRAHLAD BORO | M | | EX-SER | RESERVED |
| 24 | 21873 | SANJIB BORAH | M | | EX-SER | RESERVED |
| 25 | 64445 | SAIRING HASNU | F | · | | RESERVED |

**NB:** The Commission will not be responsible for any typing/printing mistakes.
* Results may be accessed through the APSC's website www.apsc.nic.in

*-- Janasanyog /D/16661/ 23*

Principal Controller of Examinations,
Assam Public Service Commission,
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*गलत जानकारी को लेकर एक्शन में सरकार*

# राम मंदिर को लेकर मीडिया और सोशल प्लेटफॉर्म को किया सचेत



**नई दिल्ली।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले कई तरह की गलत जानकारी विभिन्न साइटों और सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म पर चल रही हैं। इसको लेकर अब सरकार एक्शन मोड में आ गई है। सरकार ने मीडिया आउटलेट्स, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से राम मंदिर कार्यक्रम से संबंधित झूठी, हेरफेर की गई सामग्री प्रकाशित करने से सचेत किया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा ये सलाह दी गई है। मंत्रालय ने अपनी एडवाइजरी में कहा कि हाल ही में यह देखने को मिला है कि कुछ असत्यापित, उत्तेजक और भ्रामक संदेश सोशल मीडिया पर वायरल किए जा रहे हैं। ये संदेश सांप्रदायिक सद्भाव और सार्वजनिक व्यवस्था को बिगाड़ सकते हैं। अयोध्या में राम लला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित होंगे। एडवाइजरी में समाचार पत्रों, निजी सैटेलाइट टीवी चैनलों और डिजिटल मीडिया पर समाचार प्रकाशकों से ऐसी किसी भी सामग्री को प्रकाशित और प्रसारित करने से परहेज करने को कहा गया है जो झूठी या हेरफेर की जा सकती है। एडवाइजरी में कहा गया है, हम इन सबके बीच सोशल मीडिया प्लेटफार्मों को सलाह देते हैं कि वे ऊपर बताई गई जानकारी को प्रदर्शित या प्रकाशित न करें।

# फिल्म निर्देशक कमर हाजीपुरी ने राज्यपाल रमेश बैस को किया सम्मानित




**मुंबई।** वाग्धारा सम्मान 2024 का भव्य समारोह सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस ने वाग्धारा के सम्मानमूर्तियों को अपने कर कमलों से वाग्धारा की ट्रॉफी व प्रमाणपत्र प्रदान किया। समाजसेवा, चिकित्सा, शिक्षा, सिनेमा, थियेटर, संगीत, पत्रकारिता और कला के लिए क्रमशः इकबाल ममदानी, डॉ.जीवन शंखे, नरेशचंद्र जोशी, वीरेंद्र सक्सेना, रंजीत कपूर, ऋतु वर्मा, राजेश बादल और डॉ. राजीव मिश्रा को सम्मानित किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार 95 वर्षीय नंदलाल पाठक को इस अवसर पर जीवन गौरव सम्मान से नवाजा गया। वरिष्ठ पत्रकार सुदर्शना द्विवेदी, सीमा विश्वास,मंगला वाघे,संगीता बाजपेई और बेला बारोट को स्वयंसिद्धा सम्मान प्रदान किया गया। पत्रकार मृत्यंजय सिंह, संध्या सिंह समीप, रविकांत दीक्षित, यशोवर्धन मिश्रा, ममता पंडित, श्रद्धा मोहिते, भूमिका जैन,पूजा हिरवडे झा और वर्षा मिश्रा को यंग एचीवर्स सम्मान प्रदान किया गया। संगीतकार सरोज सुमन, पत्रकार पराग छापेकर, नरेंद्र कोठेकर, अरुण शेखर,अंकुर जावेरी, अभिनेता नंदकिशोर पंत और प्रख्यात कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को वाग्धारा स्वयंसिद्ध सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ वागीश सारस्वत, दुर्गेश्वरी सिंह महक, कंचन अवस्थी, जयंत देशमुख, कमर हजीपुरी, मालती शर्मा व अमर त्रिपाठी ने राज्यपाल का स्वागत किया। एकता केशर की सरस्वती वंदना पर राज्यपाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। भार्गव तिवारी व देव फौजदार के व्यवस्थापन में आयोजित इस समारोह का सफल संचालन अभिनेता व कवि रवि यादव ने किया। वाग्धारा के जूरी अध्यक्ष जयंत देशमुख ने स्वागत वक्तव्य दिया जबकि डॉ वागीश सारस्वत ने वाग्धारा संस्था व समस्त सम्मानमूर्तियों का परिचय करवाया। राज्यपाल रमेश बैस ने अपने वक्तव्य में कहा कि सरस्वती के उपासकों के समारोह में आकर वे आनंद महसूस कर रहे हैं। उन्होंने मोबाइल फोन के कर बढ़ती संवाद की दूरियों और टीवी धारावाहिकों के दुष्परिणामों का जिक्र भी किया।

# पृष्ठ एक का शेष

## देश को अगले तीन ...

किलोग्राम मादक द्रव्यों, 144 हथियारों और भारी मात्रा में गोला-बारूद की जब्ती की है और लगभग 500 मासूमों को मानव तस्करी से भी बचाया है। जम्मू-कश्मीर में भी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सीआरपीएफ, बीएसएफ, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सेना के साथ एसएसबी के जवानों ने कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष किया है, बलिदान भी दिए हैं और अपनी वीरता से ऐतिहासिक गाथाओं की रचना भी की है। अमित शाह ने कहा कि खेलों के क्षेत्र में भी एसएसबी ने अच्छा प्रदर्शन किया है। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में एसएसबी ने इस वर्ष 234 पदक जीते हैं। उन्होंने कहा कि सभी सीएपीएफ में खेलों को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय ने एक नीति बनाने का निर्णय किया है और जल्द ही यह नीति सामने आएगी। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में एसएसबी द्वारा किए गए कार्यों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि एसएसबी ने 2026 तक बल में महिला कर्मियों की संख्या को छह प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। अभी बल में 4 प्रतिशत महिला कर्मी हैं। इसके अलावा, यूएन मिशन और अमरनाथ यात्रा जैसी चुनौतीपूर्ण ड्यूटी में भी एसएसबी की महिला जवानों ने हिस्सा लिया है। अमित शाह ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज योजना सीमावर्ती गांवों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भेंट है। उन्होंने कहा कि यह योजना इस नये लक्ष्य के साथ लाई गई है कि सीमा पर देश का अंतिम गांव नहीं है, बल्कि देश का पहला गांव है और देश वहीं से शुरू होता है। उन्होंने कहा कि एक नई अवधारणा और कार्य संस्कृति के साथ मोदी सरकार आगे बढ़ रही है। गृह मंत्री ने कहा कि जबसे नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने हैं तबसे रिक्त पदों को भरने और सीमा की सुरक्षा करने वाले कर्मियों के कार्य बोझ को बांटने के लिए बड़ा अभियान चलाया गया है। उन्होंने कहा कि एक लाख 75 हजार रिक्तियों की भर्ती 2014 से अब तक पूरी कर ली गई है। किसी भी नौ साल में होने वाली भर्तियों से यह दोगुना से भी अधिक है। अमित शाह ने कहा कि देश के क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम में आमूलचूल बदलाव लाने के लिए तीनों कानूनों को नए स्वरूप में लाकर देश की जनता के सामने रखा है। इन कानूनों का उद्देश्य देश की जनता को न्याय दिलाना है, जबकि पहले के कानूनों का उद्देश्य दंड देना था। अब किसी भी एफआईआर के तहत सजा दिलाने का काम तीन साल के अंदर पूरा होगा और न्याय में देरी खत्म होगी। इन कानूनों के लागू होने से हमारी न्याय व्यवस्था दुनिया में सबसे आधुनिक होगी, इससे सजा कराने की दर में भी बहुत वृद्धि होगी, क्योंकि इसमें फॉरेंसिक को बहुत महत्व दिया गया है। गृहमंत्री ने कहा कि एसएसबी की सभी इकाइयां दूध, पनीर, फल, सब्जियां और अन्न को स्थानीय गांवों से खरीद रही हैं, जो गांव में रोजगार और आर्थिक उन्नति की दिशा में बहुत बड़ा प्रयास है। इसके साथ-साथ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, स्वच्छ भारत मिशन, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी, एक भारत श्रेष्ठ भारत और आजादी का अमृत महोत्सव के क्षेत्र में भी एसएसबी ने अच्छा काम किया है। अमित शाह ने कहा कि सीएपीएफ के कर्मियों के लिए *आयुष्मान सीएपीएफ* के तहत 40 लाख से ज्यादा सीएपीएफ कर्मचारियों को कार्ड दिया गया है, आवास योजना में 11 हजार नए मकान बीते 5 साल में बनाए गए हैं, ई-आवास पोर्टल के माध्यम से लगभग 52 हजार खाली पड़े मकान आवंटित किए गए हैं, प्रधानमंत्री छात्रवृत्ति योजना को साइंटिफिक बनाया गया है, ताकि यह हर बच्चे तक पहुंचे। इसके साथ-साथ केंद्रीय पुलिस कल्याण भंडार के नियमों को भी सरल किया गया है।

## भारत-म्यांमार के ...

को बताना चाहता हूं कि नरेंद्र मोदी सरकार ने म्यांमार के साथ भारत की खुली सीमा पर बाड़ लगाने का फैसला किया है, जैसे हमने बांग्लादेश के साथ देश की सीमा पर बाड़ लगाई है। उन्होंने कहा कि सरकार म्यांमार के साथ भारत के मुक्त आंदोलन व्यवस्था (एफएमजी) समझौते पर भी पुनर्विचार कर रही है और जल्द ही भारत में मुक्त आंदोलन को समाप्त कर देगी। भारत म्यांमार के साथ 1,643 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है जो मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड और अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों से होकर गुजरती है। इन सभी राज्यों में वर्तमान में एफएमआर है, जिसे 2018 में भारत की एक्ट ईस्ट नीति के एक हिस्से के रूप में लागू किया गया था। अमित शाह की यह टिप्पणी भारत द्वारा म्यांमार के साथ अपनी सुरक्षा चिंताओं, विशेष रूप से देश में म्यांमार के शरणार्थियों की आमद सहित सीमा पर चुनौतियों को उठाने के एक महीने बाद आई है। अपने भाषण में आगे, अमित शाह ने पिछले कांग्रेस शासन पर हमला किया और कहा कि उसके कार्यकाल के दौरान लोगों को सरकारी नौकरी पाने के लिए रिश्वत देनी पड़ती थी, और कहा कि भाजपा शासन के तहत रोजगार के लिए एक पैसा भी नहीं देना पड़ता था। गृह मंत्री अमित शाह ने असम के शोणितपुर में कांग्रेस पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीति समस्याओं से ध्यान भटकाना और सत्ता का आनंद लेना है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हाल ही में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है, मैंने आज यहां कुछ मीडिया कर्मियों से पूछा कि असम में क्या हुआ। कांग्रेस शासन के दौरान, हजारों युवाओं ने अपनी जान गंवाई, असम में उग्रवाद व्याप्त था, कांग्रेस शासन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने इस यात्रा का विरोध किया और न्याय की मांग की।

## अखिल बाथौ महासभा ...

बाद वे असम के शोणितपुर जिला मुख्यालय तेजपुर में शुक्रवार की दोपहर बाद पहुंचने के बाद कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। एसएसबी के 60वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अमित शाह ढेकियाजुली में अखिल बाथौ महासभा के 13वें त्रिवार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में गृह मंत्री ने ने कहा कि बवराई बाथौ असम के बोडो समुदाय की प्राचीन आस्था का प्रतिनिधित्व करता है और हमारी प्रकृति के संरक्षण में निहित है।

## इंसाफ मांग रही ...

युवाओं ने अपनी जान गंवाई, असम में उग्रवाद व्याप्त था। कांग्रेस शासन के दौरान जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों ने कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का विरोध करते हुए न्याय की मांग की है। गुवाहाटी में असम पुलिस कमांडो के पासिंग आउट परेड समारोह में शामिल हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 10 दशकों से चला आ रहा घुसपैठ का मुद्दा, 1971 का बांग्लादेश मुक्ति संग्राम...नशीले पदार्थों की तस्करी जैसे मुद्दों से असम हमेशा प्रभावित रहा है। हालांकि, बेहद चुनौतीपूर्ण परिस्थियों के बावजूद असम पुलिस का इतिहास शानदार रहा है। उन्होंने कहा कि चुनौतियों को मात देने, मुद्दों से प्रभावी तरीके से लड़ने और जीतने का गौरवशाली इतिहास असम पुलिस से जुड़ा है।

## गांधी परिवार से ...

कई सार्वजनिक सभाओं में *देश में सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री* कहा गया है, जो राज्य में यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ भी अपमानजनक, जो तथाकथित गांधी परिवार से आता है, मैं उसे आशीर्वाद मानता हूं। क्योंकि यह मुझे एक ऐसे परिवार के खिलाफ लड़ने की ताकत देता है जो खुद को सबसे शक्तिशाली मानता है। उन्होंने कहा कि लेकिन मैं सिर्फ एक चीज पूछना चाहता हूं कि क्या कोई गांधी से ज्यादा भ्रष्ट हो सकता है? बोफोर्स घोटाला, नेशनल हेराल्ड घोटाला, भोपाल गैस त्रासदी, 2जी घोटाला, कोयला घोटाला आदि। घोटाले की सूची बहुत बड़ी है। राहुल ने दावा किया था कि शर्मा अन्य भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को सिखा सकते हैं कि भ्रष्टाचार कैसे किया जाता है। वहीं, कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने यात्रा के दौरान आरोप लगाया था कि राज्य में भ्रष्टाचार को भुनाया जा रहा है क्योंकि यह राज्य के लोगों के लिए *मुख्य मुद्दा* है। शर्मा ने असम में यात्रा के पहले दिन गुरुवार को भी आरोपों का जवाब देते हुए गांधी परिवार को *सबसे भ्रष्ट* बताया था और *डुप्लिकेट* उपनाम का इस्तेमाल किया था। बता दें, न्याय यात्रा 25 जनवरी तक असम से होकर गुजरेगी और 17 जिलों में कुल 833 किलोमीटर की यात्रा करेगी।

## जनता की आवाज...

मणिपुर नहीं गए। उन्होंने कहा कि पिछले साल हमने *भारत जोड़ो यात्रा* की थी। जिसमें देश के कोने-कोने से लोग आए। उन्होंने कहा कि हमें पूर्वोत्तर में भी यात्रा करनी चाहिए। जिसके बाद हमने पूर्वोत्तर से *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* शुरू की है। कांग्रेस नेता ने कहा कि देश में विचारधारा की लड़ाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा भाई को भाई से लड़ाती है, एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाती है, एक भाषा को दूसरी भाषा से लड़ाती है और दो-तीन लोगों के लिए सरकार चलाती है। इसमें पूरा फायदा दो-तीन बड़े उद्योगपतियों का होता है और जनता का नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों को जोड़ने का काम करती है, उन्हें प्रतिनिधित्व देने का काम करती है- जैसे अरुणाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया। राहुल ने कहा कि आज हिंदुस्तान में बहुत बेरोजगारी और महंगाई है। लेकिन मीडिया महंगाई और बेरोजगारी के बारे में कुछ नहीं बोलता। जनता की आवाज न मीडिया उठा रहा है और न सरकार सुन रही है। उन्होंने कहा कि हम आपके बीच आपकी पीड़ा सुनने आए हैं, इसलिए इस यात्रा को भारत जोड़ो न्याय यात्रा नाम दिया गया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि आमतौर पर विपक्ष की आवाज को मीडिया उठाता है, लेकिन आज भाजपा-आरएसएस ने मीडिया पर कब्जा कर लिया है। वे सारे मीडिया संस्थानों पर दबाव बनाकर जनता के मुद्दों को उठाने से रोकते हैं। जनता के मुद्दों को उठाने का यही एक तरीका है, इसलिए हमने यह यात्रा शुरू की।

## उपद्रवियों ने यात्रा के ...

(भाजपा युवा मोर्चा) ने युवा कांग्रेस से जुड़े वाहनों में तोड़फोड़ की। इस बीच, असम कांग्रेस ने कहा है कि कांग्रेस पुलिस शिकायत दर्ज करने की योजना बना रही है, जिसमें भाजपा से जुड़े उपद्रवियों को पकड़ने के लिए त्वरित कार्रवाई का आग्रह किया जाएगा।

## डराने और धमकाने ...

मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि पार्टी उसके कार्यकर्ताओं और नेताओं को डराने-धमकाने के ऐसे हथकंडों से नहीं डरेगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर एक पोस्ट में कहा कि हम असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल वाहनों पर शर्मनाक हमले करने तथा कांग्रेस पार्टी के बैनर एवं पोस्टर फाड़ने की कड़ी निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने भारतवासियों को संविधान-प्रदत्त हर अधिकार और न्याय को कुचलने और ध्वस्त करने का प्रयास किया है। वह (भाजपा) लोकतंत्र का हरण करके उनकी आवाज दबाना चाहती है। खड़गे ने इस हमले के लिए प्रदेश भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस *असम की भाजपा सरकार* के हमले और धमकी की इस रणनीति से डरने वाली नहीं है। कांग्रेस महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने भी कथित हमले का एक वीडियो साझा किया और कहा कि इस बात का और क्या सबूत चाहिए कि *सबसे भ्रष्ट* मुख्यमंत्री हिमंत भारत जोड़ो न्याय यात्रा से कितने डरे हुए हैं? देखिए, उनके गुंडे हमारे कांग्रेस के पोस्टर को फाड़ रहे हैं और वाहनों को तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के व्यापक असर से वह (हिमंत) इतना बौखला गये हैं कि वह किसी भी हद तक गिर सकते हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि असम के उत्तरी लखीमपुर शहर में उसकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करने वाले बैनर और पोस्टर नष्ट कर दिए गए हैं। लखीमपुर शहर से ही यह यात्रा शनिवार को गुजरेगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में यह यात्रा राज्य में अपने तीसरे दिन की यात्रा पर है और अपराह्न अरुणाचल प्रदेश में प्रवेश करने से पहले, उत्तरी लखीमपुर सहित लखीमपुर जिले के कई हिस्सों से होकर गुजरेगी।

## कोरोना : पिछले 24 ...

दिसंबर तक कोरोना मामलो में कमी दर्ज की गई थी, जो कि इसके मामलों की संख्या दोहरे अंक में आ गई थी। हालांकि, कोरोना के नए वैरिएंट सामने आने के बाद इसके माममों में तेजी से बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि वर्तमान में उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि देश में कोरोना का जेएन.1 वैरिएंट न तो नए मामलों में तेजी से वृद्धि कर रहा है और न ही अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर में वृद्धि कर रहा है। देश में कोविड मामलों की संख्या में लगातार वृद्धि और जेएन.1 वेरिएंट का पता चलने को लेकर केंद्र सरकार ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से निगरानी करने को कहा है। राज्यों को कहा गया कि केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों को पालन करें। मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक इस बीमारी से 4.4 करोड़ से अधिक लोग ठीक हो गए है। मंत्रालय की वेबसाइट के मुताबिक, देश में अब तक कोविड टीकों की 220.67 करोड़ खुराकें लगाई जा चुकी हैं।

## केंद्रीय मंत्री सर्वानंद ...

कर हम एक एकीकृत चिकित्सा दृष्टिकोण की ओर बढ़ रहे हैं, जहां एक सशक्त आयुष चिकित्सा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा। यह केंद्र आयुष पेशेवरों को सक्षम बनाएगा। यह प्रयास एक शक्तिशाली आंदोलन साबित होगा और वैश्विक स्तर पर आयुष पेशेवरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम उपलब्ध कराएगा। इस संस्थान का उद्देश्य राष्ट्रीय विकास में सहयोग करना है। आयुष क्षमता विकास करने वाला यह प्रमुख संस्थान, मानव संसाधन, अनुसंधान और विकास की सुविधा उपलब्ध कराकर आयुष प्रोफेशनल्स को आत्मनिर्भरता प्रदान कराएगा। आयुष दीक्षा केंद्र को 30 करोड़ के बजट से बनाया जा रहा है। यह केंद्र दो ऑडिटोरियम सहित 40 अत्याधुनिक कमरों की सुविधाओं से लैस होगा। वीआईपी के लिए सूईट्स, एक प्राकृतिक पुस्तकालय, चर्चा कक्ष, मॉड्यूलर रसोई, भोजन लाउंज, अन्य सुविधाओं इस संस्थान में उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर भुवनेश्वर की लोकसभा सांसद अपराजिता सारंगी भी उपस्थित थीं। सीसीआरएएस के महानिदेशक प्रो रविनारायण आचार्य और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। सीएआरआई, भुवनेश्वर केंद्रीय आयुर्वेदिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस) के अंतर्गत कार्यरत एक इकाई है।

लालू के करीबी ...

अरुण की पत्नी और संदेश विधायक किरण देवी को सीबीआई की टीम ने नोटिस की कॉपी सौंपा दिया। अभी कल, शुक्रवार ही को ईडी ने राजद के मुखिया लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव को जमीन के बदले में नौकरी घोटाले में समन जारी किया है। ईडी ने लालू यादव और उनके बेटे को पटना के ईडी दफ्तर बुलाया है। 29 जनवरी को ईडी ने लालू यादव को जबकि 30 जनवरी को तेजस्वी यादव को ईडी ने बुलाया है। पिछली बार जब ईडी ने पिता और पुत्र को इसी मामले में समन भेजा था तो दोनों लोग नहीं पहुंचे थे। आरोप है कि लैंड फॉर जॉब घोटाला यूपीए सरकार के दौरान हुआ। ये वही समय है जब लालू यादव केंद्र में रेलवे मंत्री थे और भारतीय राजनीति में उनका दबबा था। 2009 में ये मामला संज्ञान में आया। आखिरकार लालू यादव को रेल मंत्रालय छोड़ना पड़ा। इस कथित घोटाले के जांच का आदेश तत्कालीन रेल मंत्री ममता बनर्जी ने दिया था। इस मामले की जांच सितंबर 2021 में नए सिरे से शुरू हुई। सीबीआई ने एक एफआईआर दर्ज किया जिसमें लालू प्रसाद यादव के अलावा उनकी पत्नी और बेटियों का जिक्र था। अब यह केस सीबीआई के हवाले है। वह समन जारी कर इस मामले में कार्रवाई कर रही है।

## 2100 तक 40 प्रतिशत...

खेत में काम करने की उनकी क्षमता कम हो जाएगी। अध्ययन से पता चलता है कि कृषि श्रमिक पहले से ही गर्मी महसूस कर रहे हैं, क्योंकि दुनिया के आधे किसान हाल के वर्षों (1991-2010) में 86 प्रतिशत क्षमता से नीचे काम कर रहे हैं। शोधकर्ताओं ने कृषि श्रमिकों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए संभावित अनुकूलन पर भी विचार किया है। उन्होंने कहा कि प्रत्यक्ष सौर विकिरण को कम करने के लिए रात के समय या छाया में काम करने से श्रमिकों की उत्पादकता में 5-10 प्रतिशत का सुधार होता है। शोधकर्ताओं के अनुसार, एक दूसरा विकल्प मशीनरी और उपकरणों के वैश्विक उपयोग को बढ़ाना है।

## कुणाल ने लगाए ...

वाला है। हम सभी 42 सीटों पर लड़ने के लिए तैयार हैं। कांग्रेस को जमीनी हकीकत के आधार पर सीट बंटवारे को लेकर बात करनी चाहिए। लेकिन वे यहां राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अंतिम निर्णय लेंगी। शनिवार को टीएमसी ने कहा कि वह राज्य में बिना राजनीति किए विकास कार्य करती है। पार्टी प्रवक्ता कुणाल घोष ने बताया कि भाजपा और कांग्रेस की तरह टीएमसी झूठे वादे नहीं करती है। उन्होंने कहा कि सितंबर में हमारे पार्टी के महासचिव अभिषेक बनर्जी ने धुपगुड़ी के लोगों से वादा किया था कि वह इस क्षेत्र को सब-डिवीजन में अपग्रेड करेंगे। हाल ही में टीएमसी प्रमुख और सीएम ममता बनर्जी ने बताया कि धुपगुड़ी अब सबडिवीजन बन गया है। यह दर्शाता है कि पार्टी अपना वादा ऐसे पूरा करती है। टीएमसी प्रवक्ता ने आगे कहा कि भाजपा की तरह टीएमसी उन स्थानों पर विकास कार्य करने से भेदभाव नहीं करती जहां उनका निर्वाचित प्रतिनिधि न हो। उन्होंने कहा कि बंगाल में भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए उसने राज्य को फंड देना बंद कर दिया है। लेकिन धुपगुड़ी में निर्मल राय से पहले टीएमसी का एक भी विधायक नहीं था, इसके बावजूद राज्य सरकार वहां विकास कार्य करना बंद नहीं की। उन्होंने कहा कि जहां भाजपा केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर राजनीति कर रही है. वहीं टीएमसी लोगों के विकास के लिए काम कर रही है। इसलिए टीएमसी की वोट शेयर में वृद्धि देखने को मिल रहा है।

# हमने लोगों की समस्याओं को सुनने को शुरू की न्याय यात्रा : राहुल




**इटानगर ( हि.स. )।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि हमने भारत के लोगों की समस्याओं को सुनने और उनके साथ हो रहे अन्याय के बारे में जानने और उनके समर्थन के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। उन्होंने कहा कि हम सभी राज्य के लोगों की समस्याओं को जानना और उसको उठाना चाहते हैं। राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी की *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* शनिवार को असम से होते हुए अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर पहुंची। इटानगर में लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि हमने पहली यात्रा कन्याकुमारी से कश्मीर की पुरी करने के बाद, पूर्व से पश्चिम यात्रा के लिए निकले हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि आमतौर पर विपक्ष की आवाज को मीडिया उठाता है, लेकिन भाजपा ने मीडिया पर कब्जा कर लिया है। वे सारे मीडिया संस्थानों पर दबाव बनाकर जनता के मुद्दों को उठाने से रोकते हैं। जनता के मुद्दों को उठाने का यही एक तरीका है, इसलिए हमने यह भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की है। जिससे यात्रा के जरिए लोगों से हम मिले और उनकी समस्याओं को देश की जनता के सामने उठाएं। उन्होंने कहा कि हम मणिपुर से नागालैंड, असम होते हुए अरुणाचल प्रदेश पहुंचे हैं। हम सभी राज्य के लोगों की समस्याओं को जानना और उसको उठाना चाहते हैं। क्योंकि इस यात्रा का लक्ष्य हम लोगों के साथ हो रहे अन्याय, कठिनाइयों को सामने ला सकें। उन्होंने कहा कि हम हर राज्य को समान रूप से देखना चाहते हैं और हर राज्य अपने तरीके से अपने राज्य में काम करे, किसी के इशारे पर नहीं।

## मोहित होजाई होंगे उत्तर कछार स्वायत्तशासी परिषद के अध्यक्ष

**डिमा हसाओ ( हि.स. )।** उत्तर कछार स्वायत्तशासी परिषद के अध्यक्ष पद के लिए भाजपा के उम्मीदवार और पूर्व मुख्य कार्यकारी सदस्य मोहित होजाई ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर कछार स्वायत्त परिषद के चुनाव के लिए 12 जनवरी को घोषित परिणामों के अनुसार भाजपा ने 28 में से 25 सीटें जीती थी। जबकि तीन निर्दलीय उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की थी। इसलिए मोहित होजाई को कल औपचारिक रूप से 13वीं उत्तर कछार स्वायत्त परिषद का अध्यक्ष घोषित किया जाएगा। आज मीडिया से बात करते हुए मोहित होजाई ने कहा कि किसी और ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है, लेकिन नियमों के अनुसार परिषद के अध्यक्ष की घोषणा कल की जाएगी। उन्होंने पार्टी के सभी निर्वाचित सदस्यों का आभार जताया और यह भी कहा कि वह परिषद को निष्पक्ष तरीके से चलाएंगे।

# मल्लिकार्जुन खड़गे के आरोपों का असम डीजीपी ने किया खंडन




**गुवाहाटी ( हि.स. )।** असम के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के उन आरोपों का खंडन किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि राज्य के लखीमपुर में *भारत जोड़ो न्याया यात्रा* की गाड़ियों पर हमले किए गए तथा भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस के पोस्टर-बैनर फाड़ डाले गए। डीजीपी ने जवाब में एक्स पर लिखा कि राज्य में कहीं भी किसी भी राजनीतिक पार्टी की गाड़ी पर कोई हमला नहीं हुआ है। डीजीपी ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा को असम पुलिस द्वारा पूरी सुरक्षा दी गई है। यात्रा में शामिल लोगों की सुरक्षा के लिए व्यापक पैमाने पर सुरक्षा संबंधी इंतजाम किए गए। डीजीपी ने कहा कि यह यात्रा असम से शांतिपूर्ण तरीके से अरुणाचल प्रदेश पहुंच चुकी है। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि असम के लखीमपुर में भाजपा के गुंडों द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा के वाहनों पर हुए हमले और कांग्रेस पार्टी के बैनर-पोस्टर फाड़ने की कड़ी निंदा करते हैं। खड़गे ने आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले 10 वर्षों में भाजपा ने भारत के लोगों को संविधान द्वारा मिले हर अधिकार और न्याय को कुचलने और ध्वस्त करने का प्रयास किया है। यह उनकी आवाज को दबाना चाहते हैं, जिससे लोकतंत्र का अपहरण हो रहा है। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए खड़गे ने आगे लिखा कि कांग्रेस पार्टी असम में भाजपा सरकार द्वारा अपनाए गए हमले और धमकी की इस रणनीति से डरने वाली नहीं है, जो इसके लिए जिम्मेदार है। कांग्रेस पार्टी इनके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई करेगी।

## गृह मंत्री की मौजूदगी में मनाई गई एसएसबी की हीरक जयंती

**शोणितपुर ( हि.स. )।** सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का 60वां हीरक जयंती समारोह शनिवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में मनाया गया। गृह मंत्री शाह ने शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर स्थित एसएसबी क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित हीरक जयंती समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा भी उपस्थित रहे।

# बंगाईगांव के भक्त भी रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मानने को तैयार

**बंगाईगांव।** अयोध्या में श्री राम लला प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह को भारत एवं असम के विभिन्न जगहों के साथ बंगाईगांव में भी पूरे जश्न से मनाया जा रहा है। इस अवसर को यादगार बनाने के लिए सभी भक्त अपने-अपने स्तर पर तथा प्राय: सभी मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहर के बीचो-बीच बड़ा बाजार में स्थित श्री राम मंदिर में भी 22 जनवरी को भव्य भजन कीर्तन, श्री राम के चरण पादुका का पूजन एवं दीपोत्सव का भी आयोजन किया गया है। बी ओ सी गेट स्थित हनुमान मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत भजन कीर्तन, पूजा अर्चना एवं आरती की जाएगी। इसी मंदिर में करने वाले श्याम करने वाले श्याम की तरफ से ताली कीर्तन, बाबा का श्रंगार आदि किया जाएगा तथा बालाजी महिला मंडल एवं माहेश्वरी महिला मंडल द्वारा संयुक्त रूप से श्री रामजी के आगमन का उत्सव मनाया जाएगा। इसी दिन माहेश्वरी सभा एवं महिला सभा द्वारा बड़ा बाजार स्थित श्री राम मंदिर से बी ओ सी गेट स्थित श्री हनुमान मंदिर तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है। नोर्थ बंगाईगांव में स्थापित दुर्गा मंदिर में भी भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है जिसके अंतर्गत पूजा अर्चना, 21 हजार दीप प्रज्वलन उत्सव सुंदरकांड तथा हनुमान चालीसा पाठ के साथ मनाया जाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा वीर जिला राय फ्लाईओवर के नीचे स्थित थीम पार्क में 11 हजार दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास बंगाईगांव द्वारा तीन दिवसीय श्री रामलला का उत्सव मना रहे हैं। इस दौरान स्वच्छता अभियान, प्रचार अभियान, चित्रांकन मेला, शोभायात्रा, महा विष्णु यज्ञ, भागवत पाठ, दीप प्रज्वलन आदि कार्यक्रमों के द्वारा श्री रामलला स्थापना समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। उक्त दिन विभिन्न संस्थाओं के द्वारा शोभायात्रा, पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन, उत्सव आदि कई कार्यक्रमों की मनाने की भी सूचना है। हाल ही में श्री हनुमान सेवा समिति ट्रस्ट एवं श्री हनुमान मंदिर की ओर से शहर के विभिन्न घरों में अभिमंत्रित अक्षत (पीले चावल), निमंत्रण पत्र, राम मंदिर का छाया चित्र का वितरण किया गया। इसके पहले 14 फरवरी को मूलचंद जालान भवन स्थित श्री हनुमान मंदिर में संगीत में सुंदरकांड का आयोजन किया गया था। कुल मिलाकर शहर में सभी अयोध्या में श्री रामलला के आगमन के जश्न के रंग में डूबे हुए नजर आ रहे हैं।

# नगांव : राम बनवास के प्रसंग पर गमगीन हुआ आयोजन स्थल



**नगांव ( निसं. )।** वृंदावन से आमंत्रित श्री रास बिहारी कृपा मण्डल के स्वामी प्रदीप कृष्ण ठाकुर महाराज के सानिध्य मे मण्डल के कलाकारो द्वारा सजीव चित्रण के माध्यम से प्रस्तुत श्रीराम लीला के तीसरे दिन भी दर्शको की अपार भीङ उपस्थित थी। नगांव की धार्मिक संस्था श्रीराम सेना के तत्वावधान मे हैबरगांव स्थित सेठ मेघराज अग्रवाल स्मृति भवन मे चल रही पांच दिवसीय श्रीराम लीला मे शनिवार के प्रसंग मे श्रीराम बनवास व भरत मिलाप के सजीव चित्रण मे उपस्थित दर्शक गमगीन हो गए। भावो की प्रस्तुति से दर्शक आत्म विभोर होकर अपने आंसुओ को नहीं रोक पायें। संवाद प्रस्तुति शानदार व सराहनीय रही।आज के मुख्य यजमान ललिता- अनिल कुमार ढाढरिया ने पूजा विधि संपन्न करवाई। पंडित लीलाधर शर्मा के सानिध्य मे आज के यजमान ललिता- अनिल कुमार ढाढरिया ने विधिवत पूजा करवाई। भंडारे मे उपस्थित लोगो ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद की व्यवस्था समाज सेवी स्व सांवरमल गाड़ोदिया परिवार की ओर से थी। कार्यक्रम मे सवामणी का भोग विशाल ईन्टरप्राइज (गुवाहाटी) द्वारा प्रभु को अर्पित कर वितरित किया गया। श्रीराम सेना के बिनोद कुमार मुंदड़ा ने बताया कि रविवार को श्रीराम लीला के समय मे परिवर्तन कर सांय 4 से 7 बजे तक किया गया है। आयोजन समिति की महिला सदस्याएं प्रीति आलमपुरिया, नितू पोद्दार, शालु भरतिया, कविता मुंदड़ा व अन्य सदस्य जुगल मोर, सुनील सुराना, हेमंत जैन, मनोज मुंदड़ा, संतोष गाड़ोदिया, संजय पोद्दार आदि सभी सदस्य संपूर्ण व्यवस्था को बनाए रखने में कड़ी मेहनत कर रहे है। पांच दिवसीय श्रीराम लीला का समापन 22 जनवरी को होगा।

# गुवाहाटी-नाहरलगुन शताब्दी एक्सप्रेस संशोधित समय के साथ चलेगी



**गुवाहाटी ( हि.स. )।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) ने संशोधित समय के साथ ट्रेन संख्या 12088 (गुवाहाटी-नाहरलगुन) शताब्दी एक्सप्रेस के परिचालन का निर्णय लिया है। यह समय सारणी 21 जनवरी से प्रभावी होगी। गतिशीलता में सुधार के लिए यात्रा मार्ग के सभी निर्धारित ठहराव स्टेशनों पर स्थायी रूप से समय-सारणी में संशोधन किया गया है। पूसीरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची डे ने बताया कि ट्रेन संख्या 12088 गुवाहाटी स्टेशन से 13.45 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रंगिया जंक्शन 14.35 बजे पहुंचकर 15.00 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, यह ट्रेन टांगला स्टेशन 15.30 बजे पहुंचकर 15.32 बजे प्रस्थान करेगी, उदालगुड़ी स्टेशन 15.54 बजे पहुंचकर 15.56 बजे प्रस्थान करेगी, न्यू मिसामारी 16.34 बजे पहुंचकर 16.36 बजे प्रस्थान करेगी, रंगापाड़ा नॉर्थ 16.58 बजे पहुंचकर 17.00 बजे प्रस्थान करेगी, बिश्वनाथ चारआली 17.38 बजे पहुंचकर 17.40 बजे प्रस्थान करेगी, हारमती 19.03 बजे पहुंचकर 19.05 बजे प्रस्थान करने के बाद अपने अंतिम गंतव्य नाहरलगुन 19.35 बजे पहुंचेगी।

# असम लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल हुए होजाई के परिक्षार्थियों को *अपना मंच* व मायुमं ने किया अभिनंदन




**होजाई ( विभास )।** असम लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल हुए होजाई के रोहित चौधरी, शगुन मोर, अभी साहा व रामानंद कुमार सिंह का *अपना मंच* ने किया अभिनंदन। अपना मंच के सलाहकार व सदस्यों के एक दल ने आज चारों के निवास स्थान पर जाकर असमिया फुलाम गामोछा, मान पत्र व भेंट देकर उनका सम्मान व उत्सवर्धन किया। साथ ही उनके माता-पिता का भी सम्मान किया। सर्वप्रथम अपना मंच के दल ने रोहित चौधरी के घर में जाकर उनका एंव उनके माता-पिता विकास मिता चौधरी का सम्मान किया। इसके बाद शगुन मोर के घर में जाकर उनका व उनके माता-पिता मोहन व रेखा मोर एवं उनकी बड़ी मां सपना मोर का सम्मान किया। इसके पश्चात अभि साहा एवं उनके पिता नारायण व माता शिखा साहा का सम्मान किया। तत्पश्चात रामानंद कुमार सिंह एवं उनके माता रामजानकी देवी व पिता दिलीप सिंह का सम्मान किया। अपना मंच की तरफ से अपना मंच के सलाहकार डॉ मनोज कुमार स्वामी, शिव शंकर बोरा, रमेश मुंदडा, शिवदयाल सिंह, संस्थापक निखिल कुमार मूंदड़ा, सदस्य मयंक क्याल, चैतन्य बोरा उपस्थित थे। गौरतलब है असम लोक सेवा आयोग परीक्षा 2022 का बुधवार को परिणाम घोषित हुआ था जिसमें राज्य भर में असम पुलिस सेवा वर्ग में होजाई के रोहित चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया व अपने जिले का नाम रोशन किया। अभी साहा ने अपनी प्रतिभा के बल पर ए.सी.एस. वर्ग में 72 वां स्थान हासिल किया। वहीं शगुन मोर ने ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर का पद अर्जित किया। इसके अलावा रामानंद कुमार सिंह ने असिस्टेंट अकाउंट ऑफिसर का पद हासिल कर होजाई का मान बढ़ाया। इसके साथ ही मारवाड़ी युवा मंच की होजाई शाखा के एक प्रतिनिधि दल ने रोहित चौधरी व शगुन मोर के घर में जाकर दोनों को सम्मानित करते हुए उनका हौसला अफजाई किया। प्रतिनिधि दल में अध्यक्ष आशीष अग्रवाल, सचिव अभी मोर, कोषाध्यक्ष संजय मुरारका, विनय सरावगी, पीयूष क्याल, नवीन अग्रवाल, आशीष कुमार शर्मा, निखिल कुमार मूंदड़ा उपस्थित थे।

# मणिपुर पुलिस ने 173 लोगों को लिया हिरासत में

**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों के संवेदनशील तथा दुर्गम इलाकों में सघन छापामारी तथा तलाशी अभियान चलाया। अभियान में भारतीय दंड संहिता (संशोधित भारतीय न्याय संहिता, विधायिकाधीन) की अलग-अलग धाराओं के उल्लंघन के सिलसिले में 173 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 209 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 135 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

# गोरेश्वर में ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**बाक्सा ( हि.स. )।** बाक्सा जिलांतर्गत गोरेश्वर में शनिवार को ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। गोरेश्वर शहर में रेलवे फाटक के पास व्यक्ति का शव छिन्न-भिन्न हालत में मिला। मृतक की पहचान गुवाहाटी निवासी बप्पी चक्रवर्ती के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस ने मौके से दो मोबाइल फोन और 17 हजार 900 रुपए नकद बरामद किए। जीआरपी ने इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद



**इंफाल ( हि.स. )।** मणिपुर में लगातार हथियार और गोला-बारूद बरामद किए जा रहे हैं। इसी सिलसिले में मणिपुर पुलिस, मणिपुर राइफल्स, असम राइफल्स, बीएसएफ तथा भारतीय सेना द्वारा चलाए जा रहे अभियान में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। मणिपुर पुलिस द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार राज्य के टेंगनौपाल और चुराचांदपुर जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व चलाया गया। ऑपरेशन के दौरान चुराचांदपुर जिले से मैगजीन के साथ एक 5.56 मिमी एम4ए1 असॉल्ट राइफल, एक 9 मिमी की पिस्तौल, सात एक्स सिंगल बैरल राइफल, एक 38 मिमी आंसू गैस गन शेल, 12 इंप्रोवाइज्ड मोर्टार (पंपी), एक नंबर 36 हैंड ग्रेनेड, चार 9 मिमी गोला बारूद बरामद किए गए। भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मोरेह तथा अन्य निकटवर्ती जिलों में सुरक्षा बल लगातार छापामारी अभियान चला रहे हैं।

## कुमारखाली संरक्षित वन क्षेत्र में प्रशासन ने शुरू किया अतिक्रमण हटाओ अभियान

**ग्वालपाड़ा ( हि.स. )।** ग्वालपाड़ा जिले के लखीपुर के कुमारखाली संरक्षित वन क्षेत्र में प्रशासन ने शनिवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू कर दिया है। प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार संरक्षित वन क्षेत्र में लगभग 50 हेक्टेयर भूमि पर अतिक्रमण अभियान चल रहा है। प्रशासन की मौजूदगी में 10 एक्सकेवेटर की मदद से संरक्षित वन क्षेत्र के इटाखुली में अतिक्रमण अभियान शुरू हो चुका है। मौके पर सुरक्षा बलों को किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए तैनात किया गया है।

# बरमुरा के खानापारा सुबुरी में माघ पूर्णिमा का आयोजन 25 को



**रंगिया ( विभास )।** विगत 22 वर्षों की तरह इसबार भी रंगिया के बरमूरा गांव के खानापारा सुबुरी अंचल में आध्यात्मिक माघ महीने की पूर्णिमा तिथि मनाने का भव्य आयोजन किया गया है। इसवर्ष समिति द्वारा इसके 22वां आयोजन को लेकर तैयारियां जोरों पर है। कार्यक्रम का आयोजन 10 माघ यानी 25 जनवरी, वृहस्पतिवार को एकदिवसीय विभिन्न आकर्षक कार्यक्रमों के साथ किया जायेगा। कार्यक्रम के अंतर्गत सुबह 7.30 बजे खानापारा गांव विकास समिति के अध्यक्ष तरुण चंद्र बैश्य द्वारा गांव विकास समिति का ध्वजारोहण, सुबह 7.40 बजे आयोजन समिति के अध्यक्ष समिंद्र नाथ बैश्य द्वारा धार्मिक ध्वजारोहन, सुबह 7.50 बजे प्रगज्योति संघ के अध्यक्ष दिगंतो बैश्य द्वारा संघ का ध्वजारोहण तथा सुबह 8 बजे विभिन्न आमंत्रित अतिथियों और स्थानीय गणमान्य लोगों द्वारा वार्षिक ध्वजारोहण किया जाएगा। वहीं सुबह 8.30 बजे स्मृति तर्पण, और सुबह 8.40 बजे वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसके अलावा मुख्य द्वार का उद्धघाटन गुवाहाटी एनई आरसीएम रियेमिक्स कंपनी के रिकन दास द्वारा 8.50 बजे किया जाएगा। वहीं सुबह 9.00 बजे भोग घर का उन्मोचन और सुबह 9.10 बजे श्रीमद्भागवत भ्रमण का सुभारम्भ होगा इस मौके पर वार्तालाप के वरिष्ठ पत्रकार चक्रपाणि परासर और गुवाहाटी शांतिपुर के निवासी बैकुंठ बैश्य उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही सुबह 10.15 बजे खानापारा गांव उन्नयन समिति के पूर्व अध्यक्ष हरकांत बैश्य द्वारा श्रीमद्भागवत की स्थापना की जायेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत श्रीमंत शंकरदेव संघ, नलबा ?ी जिला के प्रचार सदस्य बिरेन दास और गेरुवा मोरीगांव शंकर-माधव शाखा के सदस्य तरुण चंद्र बरदोलोई द्वारा श्रीमद्भागवत पाठ किया जायेगा। इसके अलावा दोपहर 2 बजे से प्रसाद व महाभोग वितरण और विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण गुवाहाटी के रंजीत नाथ, रंगिया के वरिष्ठ पत्रकार दिनेश अग्रवाल, रंगिया के विशिष्ट अभिनेता व सांस्कृतिक कर्मी पंकज पल्लव शर्मा द्वारा संध्या 4.30 बजे किया जायेगा। इसदिन सांय 4.45 बजे सुबुरी बासियों द्वारा अपने-अपने घरों के द्वार पर और नाम घर प्रांगण मे दीप प्रज्वलित किया जाएगा। इसके अलावा रंगिया के विधायक तथा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता द्वारा नव निर्मित सभागार का उद्घाटन किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत संध्या 5.30 बजे आमंत्रित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ववलन और स्वागत समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमे मंगलदेइ लोकसभा क्षेत्र के सांसद दिलीप सैकिया सहित बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही संध्या 5.40 बजे भोग वितरण, संध्या 5.50 बजे नागरा नाम के आयोजन के पश्चात असम संगीत के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री मोदी ने तिरुचिरापल्ली के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की

**तिरुचिरापल्ली (तमिलनाडु), (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री मोदी आज से तमिलनाडु के दो दिवसीय दौरे पर हैं। प्रधानमंत्री इस अवधि में विभिन्न महत्वपूर्ण मंदिरों के दर्शन करेंगे। इनमें धनुषकोटि में स्थित कोदंड रामस्वामी मंदिर और श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर प्रमुख हैं। भारतीय जनता पार्टी ने एक्स हैंडल परप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्री रंगनाथस्वामी मंदिर पहुंचने और पूजा-अर्चना करने का फोटो साझा किया है। प्रधानमंत्री श्री रंगनाथस्वामी मंदिर में कम्ब रामायणम के छंदों का पाठ भी सुनेंगे। इस मंदिर में भगवान विष्णु का लेटा हुआ रूप श्री रंगनाथस्वामी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दोपहर करीब दो बजे रामेश्वरम पहुंचेंगे और श्री अरुलमिगु रामनाथस्वामी मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। वह मंदिर में आयोजित 'श्री रामायण पारायण' कार्यक्रम में भी भाग लेंगे। कार्यक्रम में आठ अलग-अलग पारंपरिक मंडलियां संस्कृत, अवधी, कश्मीरी, गुरुमुखी, असमिया,बंगाली, मैथिली और गुजराती रामकथाओं (श्रीराम की अयोध्या वापसी के प्रसंग का वर्णन) का पाठ करेंगी। श्री अरुल्मिगु रामनाथस्वामी मंदिर में प्रधानमंत्री भजन संध्या में भी हिस्सा लेंगे। शाम को मंदिर परिसर में भक्ति गीत गाए जाएंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार 21 जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी धनुषकोडी के कोदंड रामास्वामी मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगे। यह मंदिर श्री कोदंड रामस्वामी को समर्पित है। कोदंड राम नाम का अर्थ धनुधार्री राम है। ऐसा कहा जाता है कि यहीं पर विभीषण पहली बार भगवान श्रीराम से मिले थे और उनसे शरण मांगी थी। कुछ किंवदंतियां यह भी कहती हैं कि यही वह स्थान है,जहां भगवान श्रीराम ने विभीषण का राज्याभिषेक किया था। धनुषकोडी के पास प्रधानमंत्री अरिचल मुनाई भी जाएंगे। अरिचल मुनाई के बारे में कहा जाता है कि यहीं पर राम सेतु का निर्माण हुआ था।




# विकसित भारत 2047 हमारा सपना नहीं, हमारा लक्ष्य : उप राष्ट्रपति

**रायपुर, (हि.स.)।** उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को रायपुर में इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत 2047 हमारा सपना नहीं, हमारा लक्ष्य है। भारत जिस विकास के साथ आगे जा रहा है, दुनिया कह रही है कि भारत आज चमकते तारे की तरह है। भारत हर क्षेत्र में वर्ल्ड लीडर है। सबसे अधिक डिजिटल ट्रांजेक्शन भारत में होते हैं। उपराष्ट्रपति ने यहां विकसित संजीवनी धान के तीन इम्यूनो बूस्टर का लोकार्पण किया। उप राष्ट्रपति ने कहा कि देश में बदलाव आया है, हमारी सोच बदल गई है। असफल होने के डर से किसी चीज को आगे नहीं बढ़ाएंगे तो आपका नुकसान कम और देश का नुकसान ज्यादा है। अगर आपने ठान ली तो बदलाव को कोई नहीं रोक पाएगा। कृषि में जितने स्टार्टअप की संभावना है, उसका इस्तेमाल करें। सभी बड़े-बड़े उद्योग इसी में जा रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी स्थापना समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि कृषि विकास में कृषि विश्वविद्यालय बड़ी भूमिका निभा रहा है। अनुसंधानों और उद्यमिता के विकास को प्रेरित किया है। हम कृषि विकास को नई ऊंचाइयों पर स्थापित करेंगे। 160 से अधिक फसलों को विकसित किया है। किसानों के जीवन को खुशहाल और समृद्ध बनाएंगे। पीएम मोदी ने किसानों को खुशहाल जीवन की गारंटी दी है। 18 लाख पीएम आवास बनाने की स्वीकृति दी है। पहली कैबिनेट बैठक में 3,799 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कृषि विश्वविद्यालय के 38 वें स्थापना समारोह में शामिल हुए उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इससे पहले विश्वविद्यालय परिसर में मौलश्री पौधे का रोपण किया। उप राष्ट्रपति ने कृषि स्टार्ट अप, बायोटेक और कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टालों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम भी उपस्थित रहे।



# कुछ दिन और ठिठुरेगी दिल्ली, गलन के साथ बढ़ेगी सर्दी

**नई दिल्ली, (ईएमएस)।** दिल्ली में लोगों को फिलहाल तीन या चार दिन तक ठंड से राहत मिलने वाली नहीं है। आईएमडी का कहना है कि दिल्ली के अलग-अलग स्थानों पर शीतलहर का प्रकोप जारी रह सकता है और अधिकतम व न्यूनतम तापमान क्रमशः 15 और सात डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। वैज्ञानिक और क्षेत्रीय मौसम पूर्वानुमान केंद्र के प्रमुख कुलदीप श्रीवास्तव ने बताया कि अगले सप्ताह अधिकतम तापमान में मामूली वृद्धि हो सकती है। उन्होंने बताया, दिल्ली में सुबह और शाम के समय ठंडक रहेगी। हालांकि, दिन में धूप निकलने से राहत मिलेगी। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री कम 14।2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 7।1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री कम है। शहर के कुछ हिस्सों में घना कोहरा छाया रहा। इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पास पालम लैब में तड़के साढ़े पांच बजे दृश्यता का स्तर 50 मीटर दर्ज किया गया। भारतीय रेलवे के मुताबिक, कोहरे के कारण दिल्ली आने वाली 22 ट्रेनें एक से छह घंटे की देरी से चलीं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम चार बजे समग्र वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 348 था, जो बहुत खराब श्रेणी में आता है।



# मनीष सिसोदिया व संजय सिंह की न्यायिक हिरासत तीन फरवरी तक बढ़ी

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह की न्यायिक हिरासत 03 फरवरी तक बढ़ा दी है। दोनों की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद दोनों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया। कोर्ट ने इस मामले के आरोपित सर्वेश मिश्रा की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सर्वेश मिश्रा की जमानत याचिका पर 24 जनवरी को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट ने 10 जनवरी को सर्वेश मिश्रा को अंतरिम जमानत दी थी। कोर्ट ने सर्वेश मिश्रा को नियमित जमानत लेने को कहा था जिसके बाद उन्होंने नियमित जमानत याचिका दायर की थी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने संजय सिंह को 04 अक्टूबर को उनके सरकारी आवास पर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। संजय सिंह ने दिल्ली हाई कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने 22 दिसंबर 2023 को संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया संजय सिंह मनी लांड्रिंग मामले में सीधे-सीधे या परोक्ष रूप से शामिल हो सकते हैं। जो तथ्य रिकॉर्ड पर रखे गए हैं, उससे कोर्ट को यह मानने के लिए पर्याप्त है कि संजय सिंह मनी लांड्रिंग में संलिप्त हैं। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 09 मार्च 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।




# शिमला में पांच मंजिला भवन धराशायी, खतरे की जद में आया डिग्री कॉलेज

**शिमला, (हि.स.)।** आपदा की मार झेल चुके हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में सर्दियों के शुष्क मौसम में भूस्खलन की एक बड़ी घटना सामने आई है। शिमला ग्रामीण क्षेत्र के तहत ग्राम पंचायत घंडल में एक पांच मंजिला मकान पलभर में जमीदोज हो गया। शिमला-बिलासपुर नेशनल हाइवे के किनारे सोलह मील नामक स्थान पर बना यह भवन शनिवार को दिन में ताश के पत्तों की तरह भरभराकर धराशायी हो गया। हालांकि इस घटना में किसी प्रकार का जानी नुकसान नहीं हुआ है। इस भवन में लॉ कॉलेज के छात्र रहते थे। एक हफ्ता पहले दरारों के कारण इस भवन को खाली करवा दिया गया था। इसके ध्वस्त होने से इससे सटी धामी डिग्री कॉलेज का भवन भी खतरे की जद में आ गया है। कॉलेज भवन में बड़ी दरारें पड़ गई हैं। धराशायी हुआ पांच मंजिला भवन का मालिक राजकुमार शर्मा है। इस भवन गिरने की वजह जमीन की कटिंग बताई जा रही है। दरअसल जमीदोंज हुए भवन से सटी जमीन के प्लॉट की कटिंग का काम चल रहा है। स्थानीय लोगों की मानें तो प्लॉट के कटिंग के बाद राजकुमार के पांच मंजिला भवन में दरारें आने लगीं थीं और शनिवार को यह भवन ढह गया। भवन के ढहने के बाद बालूगंज थाना क्षेत्र की टीम मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। शिमला के उपायुक्त आदित्य नेगी ने बताया कि जमींदोज हुए पांच मंजिला भवन में पीजी चल रहा था। इस भवन में लॉ कॉलेज के छात्र रहते थे। भवन में दरार आने पर इसे पूरी तरह से खाली करवा दिया गया था। उन्होंने कहा कि इस घटना में कोई जानी नुकसान नहीं हुआ है। बता दें कि एनएच से सटे इस क्षेत्र में कई बहुमंजिला भवन बने हैं। नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी का परिसर भी इसी जगह है। दो साल पहले मानसून सीजन के दौरान यहां नेशनल हाइवे का लगभग 180 फुट हिस्सा टूट गया था। इससे शिमला का राज्य के आठ जिलों से सम्पर्क कट गया था। नेशनल हाइवे के टूटे हिस्से पर बैली ब्रिज बना है।



# पीएम मोदी का राजस्थान दौरा 25 को, फ्रांस के राष्ट्रपति संग घूमेंगे जयपुर


**जयपुर (ईएमएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर जयपुर पहुंच रहे हैं। पीएम वहां फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जयपुर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे। मिली जानकारी के अनुसार 25 जनवरी को पीएम मोदी के जयपुर दौरे का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस अवसर पर पीएम मोदी जयपुर में रोड भी कर सकते हैं। गौरतलब है कि पीएम मोदी एक महीने में दूसरी बार जयपुर आ रहे हैं। डीजीपी आईडी कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए पीएम मोदी 5 जनवरी को जयपुर आए थे और तीन दिन तक जयपुर में ही रहे थे। इससे पहले 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भी वे जयपुर आए थे। जयपुर में 3 दिन तक चली डीजीपी आईजी कॉन्फ्रेंस के सिर्फ 18 दिन बाद वापस पीएम मोदी का जयपुर दौरे हो रहा है। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पीएम मोदी के दौरे की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को बैठक हुई। बैठक में अलग अलग पदाधिकारियों को अलग अलग जिम्मेदारी दी गई। प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पिछली बार पीएम मोदी जब जयपुर आए थे, तब वे सरकारी कार्यक्रम शामिल होने आए थे। ऐसे में पार्टी पदाधिकारी स्वागत नहीं कर पाए थे, लेकिन 25 जनवरी को जयपुर आने पर पीएम मोदी का भव्य स्वागत किया जाएगा। बताया जा रहा है कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ जयपुर के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने के बाद शाम के समय जयपुर में रोड शो भी प्रस्तावित है। हालांकि पीएम मोदी के टूरिस्ट प्लेस विजिट और रोड का कार्यक्रम अभी फाइनल नहीं हो पाया है, लेकिन पार्टी पदाधिकारियों की तरफ से इसके लिए भरपूर तैयारियां की जा रही है।



# सिनेमाघरों में भी देखा जा सकेगा राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण

**मुंबई(ईएमएस)।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोग बेहद उत्साहित है। सभी इस समारोह को देखना चाहते हैं लेकिन अयोध्या जाना भी सभी के लिए संभव नहीं है। ऐसे में सिनेमा घरों में भी लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई है, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस समारोह को देख सकें। बता दें कि देश में इन दिनों राम नाम की धूम मची हुई है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर लोग बेहद उत्साहित है। इस भव्य कार्यक्रम को लेकर अयोध्या में जोरों-शोरों से तैयारियां चल रही हैं। इस बीच इस कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि सिनेमाघरों में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की लाइव स्क्रीनिंग होगी। ऐसे में जो लोग अयोध्या जाने में असमर्थ हैं, वे थिएटर्स में जाकर लाइव प्रसारण देख सकते हैं। देश के 75 शहरों के 160 सिनेमाघरों में ये स्क्रीनिंग की जाएगी। जबकि चेन्नई और कोलकाता के लोगों को अभी इसके लिए थोड़ा इंतजार करना पड़ेगा। पीवीआर और आइनॉक्स जैसे मल्टीप्लेस जैसे अन्य सिनेमाघरों में राम लला प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की लाइव स्क्रीनिंग की जाएगी। इसके लिए टिकट प्राइस की शुरूआत 100 रुपये से रखी गई है। दोहपर 11 बजे से इसकी लाइव स्क्रीनिंग का शुरू होगी। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह 3 बजे तक जारी रहेगा। बता दें कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए कई बड़े बॉलीवुड, टीवी और साउथ स्टार्स को न्योता मिल चुका है। अब तक कई सेलिब्रेटीज अयोध्या भी पहुंच चुके हैं।

ऑनलाइन टिकट बुकिंग ऐप बुक माय शो ने इस कार्यक्रम के लिए टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग शुरू कर दी है। इस दौरान सिनेमाघरों में राम मंदिर उद्घाटन की लाइव स्क्रीनिंग दिखाई जाएगी। दिल्ली-एनसीआर और मुंबई जैसे बड़े शहरों में इसके लिए थिएटर में एडवांस बुकिंग की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है। राजधानी दिल्ली में अनुपम साकेत, सिलेक्ट सिटी वॉक और पैसेफिक सुभाष नगर जैसे कई पीवीआर में इसको देखा जा सकता है।



# गुरुद्वारा में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान


**-सांस्कृतिक उत्सव के तहत मंडल अध्यक्ष चमोली के नेतृत्व में चल रहा अभियान**

**नई टिहरी, (हि.स.)।** भाजपाइयों ने नई टिहरी मंडल के अध्यक्ष गोपी राम चमोली की अगुवाई में शनिवार को को बौराड़ी में अवस्थित गुरुद्वारा में पूजा-अर्चना करने के बाद स्वच्छता अभियान चलाया। इस मौके पर संस्कृतिक उत्सव में जन-जन की भागीदारी की अपील की गई। गुरुद्वारा में भाजपाइयों ने एकत्र होकर सुबह के वक्त पूजा-अर्चना कार्यक्रम आयोजित करने के बाद स्वच्छता अभियान चलाया। गुरुद्वारा के परिसर सहित भवन के भीतर पूरी तन्मयता से साफ-सफाई की गई। नई टिहरी भाजपा मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली ने कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल के निर्देशन में पूरे जनपद में सांस्कृतिक उत्सव धूमधाम मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी व भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर सभी कार्यकताओं व पदाधिकारियों में सांस्कृतिक उत्सव के लिए जोश बना हुआ है। सांस्कृतिक उत्सव के तहत मंदिरों-मठों की सफाई, नगर पालिका व ग्राम सभाओं के सार्वजनिक स्थलों की सफाई सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रमों को पूरी तत्परता से सफल बनायें। सफाई अभियान में नई टिहरी के मंडल अध्यक्ष गोपी राम चमोली, अबल सिंह, कमल सिंह, उर्मिला राणा, लीला मखलोगा, रिकु देवी, लक्ष्मी रावत, मस्ता नेगी, गुरु चमोली, धर्मा भण्डारी, रजनी बहुगुणा, अनुसुया नौटियाल, जनाबर सिंह, सरदार मंगत सिंह, विजय कठैत आदि मौजूद रहे।



# पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी: ओम बिरला

**रायपुर, (हि.स.)।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम की शुरूआत की। लोकसभा अध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है। हमने छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीता, इसलिए नक्सल प्रभावित क्षेत्र में भी मतदान बढ़ा। प्रबोधन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्राकृतिक संपदा, सौंदर्य, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक रहा है। प्रदेश छोटा है लेकिन विविधताएं बहुत हैं। यहां के पुरातत्व, संस्कृति, जनजातीय, लोकाचार पूरे देश को प्रभावित करते हैं। छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से जीवंत कला, यहां के शिल्प, लोकगीत और नृत्य पूरे देश के लिए आकर्षण है। छत्तीसगढ़ और यहां के पुरातत्व संपत्ति को देखने के लिए देशभर और कई देशों के लोग यहां आते हैं। उन्होंने कहा कि प्रबोधन कार्यक्रम में संसदीय कार्यों को जानते हुए संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए जिम्मेदारियों को पूरा कर सकें, यह सीखने को मिलेगा। संसदीय परंपराओं, नियमों, संविधान को जानने और किस तरीके से हम अपने संवैधानिक दायित्वों को निभाते हुए इस विधान मंडल के माध्यम से इस राज्य में समृद्धि और खुशहाली ला सकते हैं, इसका ज्ञान मिलेगा। दो दिन का यह प्रबोधन निश्चित रूप से हमारे जीवन में सार्थक होगा। उन्होंने कहा कि भारत में लोकतंत्र बहुत पुराना है। लोकतंत्र हमारे जीवन का हिस्सा रहा है। पूरी दुनिया में संसदीय लोकतंत्र के मामले में हमारी प्रतिष्ठा बढ़ी है। आजादी के बाद से अब तक 18 से ज्यादा आम चुनाव और तीन सौ से ज्यादा विधानसभा के चुनाव हुए हैं। सत्ता का हस्तांतरण सामान्य ढंग से हुआ है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ यहां की समृद्धि बढ़ी है। सरकार किसी की भी हो विधानमंडल एक ऐसा मंच है। जहां किसी भी दल का विधायक चाहे सत्तापक्ष का हो या विपक्ष का अपने क्षेत्र की बात को मजबूती से रखता है। जनता की भावनाओं को रखता है। जब सामूहिक हित की बात हो तो सभी दलों को एक समूह में काम करने की जरूरत है। देश में जब ऐसे विषय आते हैं, हम सामूहिकता के साथ खड़े होते हैं। सर्व सम्मति से फैसले लेते हैं। विधान मंडल के भीतर प्रदेश के विभिन्न मुद्दों पर बेहतर चर्चा हो। विधानसभा के अध्यक्ष से आग्रह करता हूं कि जितनी भी महत्वपूर्ण चर्चा है उसका डिजिटलाइजेशन कर दें। दो दिनों तक जो प्रबोधन कार्यक्रम चलेगा उस पर डिटेल में चर्चा होगी। नये-पुराने सभी विधायकों से आग्रह करता हूं कि, सदन में ज्यादा से ज्यादा बैठें। मेरा मानना है कि जो विधायक सदन में ज्यादा देर तक बैठता है वह अपनी बात प्रभावी ढंग से रख पाता है। मेरा यह भी मानना है कि हम नई तकनीक के जरिए अपनी क्षमता को बढ़ायें। पिछड़े क्षेत्र के विधायकों की जवाबदारी ज्यादा बढ़ जाती है, उन क्षेत्रों में विकास अच्छी तरह हो सके और जो विधायक ऐसे क्षेत्र के हैं जो पिछड़े नहीं हैं, उन क्षेत्रों में भी विशेष कार्य करने की आवश्यकता होती है। विधान मंडलों का उपयोग आपको करना चाहिए, इस छोटे राज्य में सारी संभावनाओं को समझकर देश और राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में हम कैसे राज्य को आगे बढ़ा सके। हम सभी सदस्य मिलकर इस प्रदेश को भव्य और विकसित बनाने की पहल को साकार करें। इस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया, उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित अन्य विधायक भी मौजूद रहे।



# भाजपा का गांव चलो अभियान 4 फरवरी से 11 फरवरी तक, सात लाख गांवों में जाएंगे पार्टी कार्यकर्ता

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का लक्ष्य लोकसभा चुनाव में हैट्रिक लगाने का है। इसके लिए भाजपा 4 से 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान चलाने का मेगा प्लान तैयार किया है। इस दौरान सात लाख गांवों और शहर के हर बूथ पर पार्टी कार्यकर्ता की मौजूदगी रहेगी। इस अभियान के तहत पार्टी के नेता मोदी सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को जन जन तक पहुंचाएंगे। शनिवार को भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय में गांव चलो अभियान के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसे राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने संबोधित किया। इस मौके पर जे पी नड्डा ने नेताओं को सात लाख गांव और शहरी बूथों तक सरकार की उपलब्धियों को ले जाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि 4 फरवरी से 11 फरवरी तक बहुआयामी और व्यापक जन आंदोलन अभियान चलाया जाएगा और इसमें लगभग 30 लाख कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार के काम को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। इसके लिए अभियान के तहत आने वाले समय में संगठन के 988 जिलों और 16,188 मंडलों में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे।




# अप्रैल में हिसार एयरपोर्ट से 8 रूटों पर शुरू होगी हवाई यात्रा : दुष्यंत चौटाला

**सिरसा, (हि.स.)।** हरियाणा में हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों को आगामी अप्रैल माह में हिसार एयरपोर्ट से आठ रूटों पर हवाई यात्रा करने का लाभ मिलेगा। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत सिंह चौटाला ने शनिवार को सिरसा स्थित अपने आवास पर मीडिया को संबोधित करते हुए यह बात कही। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि बीते शुक्रवार को हैदराबाद में आयोजित विंग्स इंडिया 2024 समारोह में प्रदेश सरकार का एलायंस एयर के साथ महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हिसार एयरपोर्ट से रीजनल कनेक्टिविटी के माध्यम से अप्रैल माह में आठ रूट पर हवाई यात्रा शुरू की जाएगी। इनमें हिसार से दिल्ली और चंडीगढ़ रूट के लिए पहले से ही मंजूरी मिल चुकी है और अब केंद्र सरकार की नई योजना के तहत हिसार से जयपुर, अहमदाबाद, जम्मू, कुल्लू, धर्मशाला और देहरादून की कनेक्टिविटी को भी जल्द शुरू किया जाएगा। चौटाला ने एक और जानकारी साझा करते हुए बताया कि गुरुग्राम में 30 एकड़ में हेली हब विकसित किया जाएगा और इसका केंद्र सरकार को प्रस्ताव भी भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि देश का सबसे मॉडर्न और बड़ा हेली हब गुरुग्राम में बनाया जाएगा। गुरुग्राम हेली हब की कनेक्टिविटी स्थानीय क्षेत्र के साथ-साथ धार्मिक स्थलों और पहाड़ी क्षेत्र से भी की जाएगी और यहां से हेलीकॉप्टर टैक्सी की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एविएशन के क्षेत्र में आज हरियाणा देशभर में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। हरियाणा सरकार ने अंबाला एयरफोर्स बेस में इंडियन आर्मी से 10 एकड़ जमीन ली है और यहां सिविल एन्क्लेव का निर्माण कार्य जारी है। इस साल जून-जुलाई में अंबाला से भी रीजनल कनेक्टिविटी योजना के तहत हवाई यात्रा की शुरूआत की जाएगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा केंद्र सरकार के साथ मिलकर एविएशन को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर काम कर रहा है जो भविष्य में भी जारी करेगा। चौटाला ने कहा कि केंद्र सरकार की एयरो स्पोर्ट्स पॉलिसी के तहत महेंद्रगढ़ में बाछौद हवाई पट्टी, जो कि देश की एकमात्र ऐसी हवाई पट्टी है, वहां हरियाणा सरकार स्काई डाइविंग एक्टिविटी को आगे ले गई है। डिप्टी सीएम ने बताया कि पिछले वित्त वर्ष में 1200 से ज्यादा स्काई डाइविंग की एक्टिविटी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस साल पिछले साल के मुकाबले डेढ़ गुना ज्यादा स्काई डाइविंग करवाने का लक्ष्य रखा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पिंजौर हवाई पट्टी पर हॉट एयर बैलून एक्टिविटी करवाने के साथ-साथ प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में अन्य एयरो स्पोर्ट्स एक्टिविटी को बढ़ावा दिया जा रहा है।



संपादकीया

## हिमाचल की रामायण से

**अयोध्या** में राम मंदिर के बहाने सांस्कृतिक जागरण भी हो रहा है और अगर हम इसकी परिक्रमा कर रही सियासत को भूल जाएं, तो भारत के पौराणिक दर्शनों में कई किंवदंतियां साक्षात होती दिखाई देती हैं। यह अयोध्या में अयोध्या नहीं, बल्कि राम की गाथा में भारत के दर्शन हैं। यही परंपराएं अयोध्या से हिमाचल का ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व सियासी रिश्ता भी जोड़ती हैं। कुल्लू में विराजित भगवान रघुनाथ की अपनी विशिष्ट परंपराओं में अयोध्या के कदम, भगवान राम की विजयी पदचाप और लोक संस्कृति में राम का महात्म्य सुनाई देता है। देव परंपरा के कई राम और राम के चरित्र बिंदु समाज को सचेतन व शासक को उसकी मर्यादा सिखाते हैं। अगर गौर से देव परंपरा को देखें, नियमावली-शब्दावली और रिवायतों को समझें तो यहां समाज का पालक भगवान है और सांस्कृतिक संरक्षक भी देव परंपरा है। यहां आदेश फरमाते देवता और लोकतांत्रिक मूल्य बताते गूर भी मिल जाएंगे। मौसम का हाल सुनाते, सृष्टि पर देव दृष्टि का फलक सजाते और पारंपरिक रिवायतों में फर्ज निभाते समाज को अगर हिमाचल के नजरिए से देखें, तो राम यहां का चारित्रिक उत्थान देव परंपरा का आख्यान है। हिमाचल से अयोध्या के रिश्ते और मंदिर की प्राण स्थापना को लेकर उत्साह नहीं, बल्कि अनुभूतियां भी हैं। भाजपा के पालमपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में राम मंदिर निर्माण का प्रस्ताव अपने चौतीसवें वर्ष में एक पताका बनकर मौजूद है, तो याद करना होगा कि उस समय के नेता इस समय कहां हैं। दूसरी ओर कुल्लू, रघुनाथ मंदिर अपनी परंपराओं में बसे राम की पादुकाएं अयोध्या रवाना कर चुका है, तो इस ऐतिहासिक क्षण के चरम बिंदु पर हिमाचल के आंचल पर लिखी गई रामायण और महाभारत का वृत्तांत भी होना चाहिए। हिमाचल की देव संस्कृति में झांक कर देखेंगे तो एक पल राम, एक पल कृष्ण, एक पल बौद्ध बनते अशोक, ज्योतिर्लिंग तथा दुर्गा शक्ति पीठ दिखाई देंगे। इतना ही नहीं कई ऐतिहासिक गुरुद्वारे, गुरु की नगरियां और प्राचीन मठों में ज्ञान के कई अद्भुत स्रोत मिलेंगे। ऐसे में महेश्वर सिंह जिस भाव और परंपरा के पुरुषार्थ को लेकर राम मंदिर पहुंचे हैं, वहां हजारों सालों से रघुनाथ मंदिर का आशीर्वाद भी देश के सामने है। कुल्लू का दशहरा इसी राम जी के अस्तित्व की परंपरा को लेकर अपना रथ खींच रहा है, लेकिन देश की भक्ति अब राष्ट्र भक्ति है, इसलिए परंपराएं नवजीवन धारण कर रही हैं, वरना हजारों सालों से राम लला अगर कष्ट में थे तो रघुनाथ जी कुल्लू में इस दूरी को समझ रहे थे। कहने का अर्थ यह कि देश में पैदा हो रही सांस्कृतिक चेतना से जिस तरह के धार्मिक पर्यटन का उदय हो रहा है, उसे देखते हुए हिमाचल की देव संस्कृति को भी निखारा जाए। अयोध्या के लिए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट अब अगर हकीकत है, तो कांगड़ा एयरपोर्ट के धार्मिक महत्त्व से इसका विस्तार सुनिश्चित होना चाहिए। इससे आसपास के प्रमुख मंदिरों के अलावा बौद्ध सर्किट बनाने में मदद मिलेगी। राम मंदिर निर्माण के बाद रघुनाथ मंदिर को भी अगर इसकी पौराणिक मान्यता के अनुरूप विस्तार दिया जाए, तो यह स्थल न केवल दर्शनीय हो जाएगा, बल्कि कुल्लू दशहरा उत्सव का आभामंडल बदल जाएगा। जिन्होंने दशहरा उत्सव देखा होगा या इसके अभिप्राय में राम के आचरण को महसूस किया होगा, वे जरूर जानते होंगे कि पहाड़ी देवताओं के समागम में हिमाचल की संस्कृति देश की थाती बन जाती है। यहां संगठित देव संस्कृति को अगर देश तवज्जो दे, तो असली भारत की रामायण यहां नजर आएगी और महाभारत भी। देव ग्रंथों, वेदों, उपनिषदों के तमाम ज्ञान स्रोत जहां-जहां ईश्वर को पुकारते हैं, वहां हिमाचल के कण-कण में प्रमाणित होते देवता चले आते हैं। अतः राम अयोध्या को पुकार रहा है, तो रघुनाथ जी देश को हिमाचल में पुकार रहे हैं।

भगवान राम की विजयी पदचाप और लोक संस्कृति में राम का महात्म्य सुनाई देता है। देव परंपरा के कई राम और राम के चरित्र बिंदु समाज को सचेतन व शासक को उसकी मर्यादा सिखाते हैं। अगर गौर से देव परंपरा को देखें, नियमावली-शब्दावली और रिवायतों को समझें तो यहां समाज का पालक भगवान है और सांस्कृतिक संरक्षक भी देव परंपरा है। यहां आदेश फरमाते देवता और लोकतांत्रिक मूल्य बताते गूर भी मिल जाएंगे। मौसम का हाल सुनाते, सृष्टि पर देव दृष्टि का फलक सजाते और पारंपरिक रिवायतों में फर्ज निभाते समाज को अगर हिमाचल के नजरिए से देखें, तो राम यहां का चारित्रिक उत्थान देव परंपरा का आख्यान है। हिमाचल से अयोध्या के रिश्ते और मंदिर की प्राण स्थापना को लेकर उत्साह नहीं, बल्कि अनुभूतियां भी हैं। भाजपा के पालमपुर राष्ट्रीय अधिवेशन में राम मंदिर निर्माण का प्रस्ताव अपने चौतीसवें वर्ष में एक पताका बनकर मौजूद है, तो याद करना होगा कि उस समय के नेता इस समय कहां हैं। दूसरी ओर कुल्लू, रघुनाथ मंदिर अपनी परंपराओं में बसे राम की पादुकाएं अयोध्या रवाना कर चुका है, तो इस ऐतिहासिक क्षण के चरम बिंदु पर हिमाचल के आंचल पर लिखी गई रामायण और महाभारत का वृत्तांत भी होना चाहिए। हिमाचल की देव संस्कृति में झांक कर देखेंगे तो एक पल राम, एक पल कृष्ण, एक पल बौद्ध बनते अशोक, ज्योतिर्लिंग तथा दुर्गा शक्ति पीठ दिखाई देंगे। इतना ही नहीं कई ऐतिहासिक गुरुद्वारे, गुरु की नगरियां और प्राचीन मठों में ज्ञान के कई अद्भुत स्रोत मिलेंगे। ऐसे में महेश्वर सिंह जिस भाव और परंपरा के पुरुषार्थ को लेकर राम मंदिर पहुंचे हैं, वहां हजारों सालों से रघुनाथ मंदिर का आशीर्वाद भी देश के सामने है।


### अयोध्या धाम दुनिया में करोड़ों हिंदुओं की आस्था तथा भावनात्मकता का प्रतीक होगा

## रोम-रोम में अंतर्मुखी राम को पहचानें लोग

प्रो. सुरेश शर्मा

भगवान राम की दिव्यता, भद्रता, सभ्यता तथा भव्यता को प्रतिबिंबित करने वाला 22 जनवरी 2024 का दिन भारतवर्ष के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। करोड़ों देशवासी बहुत ही उत्सुकता तथा बेसब्री से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं धर्म की दृष्टि से यह दिन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में राम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन 2.7 एकड़ जमीन पर श्री राम मन्दिर बनाया गया है।

**मनु** द्वारा स्थापित अयोध्या को साकेत और राम नगरी भी कहा जाता है। अथर्ववेद के अनुसार धर्मनगरी अयोध्या को देवताओं का स्वर्ग माना गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सरयू नदी के तट पर बसी प्रभु राम की नगरी अयोध्या को ब्रह्मा, विष्णु और महेश का पवित्र स्थान माना गया है। अयोध्या मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की जन्म भूमि है। भगवान राम की दिव्यता, भद्रता, सभ्यता तथा भव्यता को प्रतिबिंबित करने वाला 22 जनवरी 2024 का दिन भारतवर्ष के इतिहास के पन्नों में दर्ज होने वाला है। करोड़ों देशवासी बहुत ही उत्सुकता तथा बेसब्री से इस दिन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति, सभ्यता एवं धर्म की दृष्टि से यह दिन ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व होगा। श्री राम तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की देखरेख में राम जन्मभूमि पर निर्माणाधीन 2.7 एकड़ जमीन पर श्री राम मन्दिर बनाया गया है। यह निर्माणाधीन तीर्थस्थल लार्सन एंड टूब्रो कम्पनी द्वारा मन्दिर के डिजाइन तथा निःशुल्क देखरेख में पूर्ण चुका है। इस परियोजना में चार वर्षों से लगभग 1600 कर्मचारी, इंजीनियर तथा कारीगर हर रोज चौबीस घण्टे कार्य कर रहे थे। इस भव्य राम मंदिर के निर्माण में लगभग 1800 करोड़ रुपए का अनुमान है। लगभग 500 वर्षों की प्रतीक्षा तथा वर्षों से अपने अधिकार एवं न्याय की लड़ाई के बाद बन चुका यह अयोध्या धाम दुनिया में करोड़ों हिंदुओं की आस्था तथा भावनात्मकता का प्रतीक होगा। इस परिसर में मुख्य राम मन्दिर की ऊंचाई 162 फीट होगी। मुख्य मन्दिर के साथ छह और मन्दिर बनाए गए हैं। मन्दिर के मुख्य द्वार को 'सिंह द्वार' के नाम से जाना जाएगा। इस मन्दिर में 392 पिल्लर, 44 गेट तथा मुख्य मन्दिर तक 32 सीढियां होंगी। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में होने वाले भगवान राम की मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा के लिए 26 जनवरी 2024 से प्राण प्रतिष्ठा विधियों के लिए 12 आधिवासों का 16 जनवरी से कार्यक्रम शुरू हो चुका है। 22 जनवरी 2024 को 12 बजकर 20 मिनट पर अभिजीत मुहूर्त में मुख्य अनुष्ठान शुरू होगा तथा चालीस मिनट की विशेष पूजा के पश्चात नवनिर्मित मंदिर के गर्भगृह में भगवान राम की मूर्ति स्थापित होगी। देश के प्रधानमंत्री को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पदाधिकारियों द्वारा निमंत्रित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री स्वयं भी इस विशाल आयोजन में भाग लेने के लिए



उत्साहित हैं। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने पूरा वातावरण परिवर्तित कर दिया है। पूरा देश राममय हो चुका है। भारतीय सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक तथा राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी यह ऐतिहासिक घटना महत्वपूर्ण है। 30 दिसम्बर 2023 को प्रधानमंत्री ने अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे तथा अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का उद्घाटन करने के पश्चात लोगों से आग्रह किया कि 22 जनवरी को केवल आमन्त्रित व्यक्ति ही अयोध्या पहुंचें। प्रधानमंत्री ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अयोध्या नगरी का रुख न करें। इससे प्रशासन तथा कानून व्यवस्था प्रभावित होगी। अत्यधिक भीड़ से जनजीवन प्रभावित होगा। उन्होंने 22 जनवरी 2024 को देशवासियों से अपने घर पर ही रहकर श्री राम ज्योति जलाने तथा दीपावली मनाने का आग्रह किया। 26 जनवरी 2024 से यह मन्दिर सार्वजनिक दर्शनों के लिए आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। भगवान राम को श्री हरि विष्णु अवतार माना जाता है। भगवान राम आदर्श पुरुष हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए उदाहरणीय एवं अनुकरणीय है, इसलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान राम संस्कृति, सभ्यता, आदर्श, दया, धर्म, करुणा, सत्य, प्रेम, त्याग, समर्पण और मर्यादा के प्रतीक हैं। अपने कत्तव्य निर्वहन, साहस, निष्ठा, भक्ति दृढ़ता, त्याग तथा न्याय व मर्यादित आचरण के कारण भगवान राम को मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है। उन्होंने पिता की आज्ञा का पालन करते हुए राजपाठ छोडक़र 14 वर्ष वनों में बिताए, फिर भी अपने आचरण से जीवन के शाश्वत मूल्यों तथा सिद्धान्तों का पालन करते हुए एक श्रेष्ठ राजा कहलाए। भारतीय संस्कृति तथा जनमानस में राम एक सभ्यता है, राम एक दृष्टि है, राम एक दर्शन है तथा एक श्रेष्ठ जीवन पद्धति है। वर्तमान में नई पीढ़ी द्वारा भगवान राम के चरित्र, आदर्श, संस्कार, विचार को आत्मसात किए जाने की नितांत आवश्यकता है तथा मन नायक तथा जननायक प्रभु राम के सूक्ष्म रूप को आत्मा की दृष्टि से अनुभूत करने की आवश्यकता है। निश्चित रूप से भारतवर्ष के इतिहास में 22 जनवरी 2024 का दिन एक ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व दिन होगा। राम जन-जन के प्राण हैं। राम सभी के प्राण आधार हैं। राम सभी के आदर्श हैं। राम सभी व्यक्तियों, जातियों, पंथों, मतों, समुदायों, सम्प्रदायों तथा धर्मों से श्रेष्ठ हैं। इस अवसर को बहुत ही श्रद्धा, विश्वास, उल्लास तथा उत्साह के साथ मनाया जाना चाहिए। इस मन्दिर के निर्माण का श्रेय भी सभी करोड़ों भारतवासियों को है और सभी देशवासी बधाई के पात्र भी हैं। राम सभी प्राणियों को आत्मा से जोड़ते हैं। हालांकि इस आयोजन के परिप्रेक्ष्य में देश के शहरों, गांवों, गली, मुहल्लों, नगरों तथा महानगरों में चुपके से राजनीतिक तथा चुनावी ब्यार भी बह रही है। व्यावहारिक दृष्टिकोण यह है कि इस ऐतिहासिक आयोजन में कोई भी तथा किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए। धर्म तथा संस्कृति को सक्रिय राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। हालांकि भारत के संविधान की मूल प्रति में मौलिक अधिकारों से जुड़े अध्याय के आरम्भ में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता सीता तथा भाई लक्ष्मण का स्कैच अंकित है। देश के प्रधान न्यायाधीश की सीट पर मूल सिद्धांत के रूप में धर्म की व्याख्या करते हुए 'यतो धर्मस्ततो जयः', (अर्थात जहां धर्म है वहां जय यानी जीत है) से व्याख्या की गई है। इसलिए भारतीय परिप्रेक्ष्य में भगवान राम, लोकतन्त्र, नैतिकता, न्याय तथा राजनीति को भी अलग नहीं किया जा सकता। राम केवल हिंदुओं के राम नहीं बल्कि विश्व में कण-कण तथा जन-जन में राम व्याप्त हैं। बहरहाल यह अवसर किसी धर्म, जाति, मत, पंथ, दल, मजहब, समाज या संप्रदाय का विषय नहीं है। इस भव्य आयोजन के साथ देश तथा दुनिया में समभाव, सद्भाव, प्रेम तथा शान्ति की प्रार्थना की जानी चाहिए। इस भारतीय विशाल ऐतिहासिक महोत्सव को अगाध श्रद्धा, उत्साह तथा उल्लास से मनाया जाना चाहिए।

दृष्टि कोण

## सोशल मीडिया में जजों की ट्रोलिंग और कुछ नैतिक सवाल

**बात** अब मीडिया ट्रायल और अदालती फैसलों की आलोचना से कहीं आगे फैसले देने वाले जजों की ट्रोलिंग तक आन पहुंची है। यही कारण है कि हाल में भोपाल में आयोजित दसवें मप्र न्यायाधीश सम्मेलन में जिला न्यायालयों के जजों ने यह मुद्दा जोर शोर से उठाया और वरिष्ठ जजों से मार्गदर्शन मांगा कि न्यायाधीशों की ट्रोलिंग पर उन्हें क्या करना चाहिए? सोशल मीडिया पर न्यायाधीशों की ट्रोलिंग भी अदालती अवमानना हो सकती है या नहीं? सोशल मीडिया में किसी खास वैचारिक एजेंडे अथवा पूर्वाग्रह दुराग्रह के चलते गढ़े जाने वाले नरेटिव, न्यूसेंस और जजों की व्यक्तिगत आलोचना को किस रूप में लिया जाना चाहिए? क्योंकि भारत में सोशल मीडिया की नकेल कसने के लिए बहुत कड़े कानून नहीं है। ऐसे कानून बन भी जाएं तो फिर व्यक्ति की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का क्या होगा? वैसे भी कई लोगों का मानना है कि सोशल मीडिया दरअसल जनता की आवाज है। लाख आलोचना के बावजूद इसे दबाया नहीं जा सकता। सम्मेलन में शामिल देश के सुप्रीम कोर्ट के ज्यादातर न्यायाधीशों की राय यही थी कि जजों की सोशल मीडिया पर ट्रोलिंग के मामलो को फिलहाल इग्नोर (अनदेखा) करना ही बेहतर है। भाव यही कि ऐसे तत्वों के मुंह लगने से कोई फायदा नहीं है। हालांकि




यह उत्तर भी कई सवालों से भरा है। यूं न्यायपालिका के सामने नई चुनौती आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस( एआई) की भी है, लेकिन उसका मामला थोड़ा अलग है। न्यायाधीशों पर सोशल मीडिया के हमलों का मामला ज्यादा संवेदनशील इसलिए है क्योंकि अदालती फैसले समाज में न्याय की रक्षा का काम करते हैं। इसी से समाज को संचालित करने का दिशानिर्देश और सुसूत्रता भी मिलती है। अदालती फैसले हमेशा निष्पक्ष और न्यायसंगत प्रतीत हों, ऐसा जरूरी नहीं है, लेकिन उन फैसलों की आलोचना तार्किक और कानूनी आधार पर ही की जा सकती है। लेकिन जब ऐसे फैसलों के पीछे न्यायाधीश के विवेक, न्यायिकता अथवा पूर्वाग्रह को लेकर सवाल उठाए जाने लगें, उनकी भद्दे ढंग से ट्रोलिंग की जाए तो तब न्यायाधीशों का विचलित होना स्वाभाविक है। सम्मेलन में शामिल कई जजों ने कहा कि वर्तमान में लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे कि वाट्सएप ग्रुप और फेसबुक पर हमारे विरुद्ध अमर्यादित बातें होती हैं। जिन्हें फैसला पसंद नहीं आता, वे भ्रम फैलाते हैं। भद्दे कमेंट करते हैं। क्या ऐसा करने वालों पर हम (न्यायाधीश) कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट (अदालत की अवमानना) की कार्रवाई कर सकते हैं? इन सवालो के जवाब में सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस अभय एस ओक ने कहा कि न्यायाधीश सोशल मीडिया की ट्रोलिंग से न तो डरें और न हीं किसी एजेंडे के तहत गढ़े जाने वाले नैरेटिव से प्रभावित हों। इसे सिर्फ इग्नोर करें, क्योंकि सोशल मीडिया की कोई अकाउंटेबिलिटी (जवाबदेही) नहीं है। जस्टिस ओक ने बताया कि मुंबई में तो जजों को प्रभावित और परेशान करने के लिए सोशल मीडिया का इस्तेमाल इतना बढ़ गया है कि कई जजों के खिलाफ ही पिटीशन दायर हो जाती है। इस सम्मेलन में यह बात साफ झलकी कि आज न्यायाधीश समुदाय अगर किसी बात से सर्वाधिक चितिंत है तो वो है, सोशल मीडिया। ऐसा मीडिया जिसके हजारों मुंह, आंखें और कान हैं लेकिन कहीं कोई रिमोट कंट्रोल नहीं है। और शायद मस्तिष्क भी नहीं है। इस मीडिया ने अब मानव जीवन में इतनी भीतर तक घुसपैठ कर ली है कि किसी का इससे बचना लगभग असंभव है। यदि कोई बचा हुआ भी है तो उस पर आदिम सभ्यता का होने का टैग लग सकता है। यूं सोशल मीडिया पर जजों को लेकर अमर्यादित प्रतिक्रियाओं को लेकर पहले भी चिंता जाहिर की जाती रही है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस शरद अरविंद बोबडे ने अपना पद ग्रहण करते हुए कहा था कि फिलहाल सुप्रीम कोर्ट सोशल मीडिया में अनियंत्रित आलोचना पर काबू करने के लिए कुछ भी नहीं कर सकता है। उन्होंने कहा, 'हम इस तरह की मीडिया के लिए अभी कुछ भी नहीं कर सकते हैं। हम नहीं जानते हैं कि हमें क्या कदम उठाना है। वे न केवल लांछन लगा रहे हैं बल्कि लोगों और न्यायाधीशों की प्रतिष्ठा को प्रभावित कर रहे हैं। ऊपर से यह शिकायत भी है कि बोलने की स्वतंत्रता नहीं है। उन्होंने कहा कि दरसअल फैसले की नहीं न्यायाधीश की आलोचना करना मानहानि है। पिछले साल व्हाट्सएप से जुड़े एक मामले में दलीलें सुनते हुए सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश दीपक गुप्ता ने टिप्पणी की थी कि कैसे निर्दोष लोगों को ऑनलाइन ट्रोल किया जा रहा था और कैसे गुमनाम संस्थाओं ने सोशल मीडिया का इस्तेमाल प्रतिष्ठा को कीचड़ में धकेलने के लिए किया था। कुछ महीने पहले, न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी और न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी की एक अलग पीठ ने बताया था कि कैसे न्यायाधीशों को भी सोशल मीडिया का खामियाजा भुगतना पड़ता है।

कुछ अलग

## टिकाऊ आजीविका

**सोना** सहरिया एक आदिवासी महिला है जो तालबेहट ब्लाक के बम्होरा गांव में अपने छोटे स्तर की खेती-किसानी से संतोषजनक आजीविका प्राप्त कर रही है। खेत और किचन गार्डन में बहुत सी सब्जियां लगी हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ लगे हैं, जैविक खाद तैयार हो रही है, पर यह स्थिति एक दशक पहले नहीं थी। उस समय सोना के पति इंदौर में प्रवासी मजदूर के रूप में ईंट भट्टों पर मजदूरी करते थे। उन दिनों को याद करते हुए वे बताते हैं कि किसी-किसी दिन तो पूरा दिन मेहनत कर पांच रुपए की ही आमदनी होती थी। खूब मेहनत करने के बावजूद न अपने लिए बचत कर पाते थे, न गांव में अपने घर के लिए। जैसे ही उन्हें खबर मिली कि अब गांव में स्थिति सुधर रही है तो प्रवासी मजदूरी छोडक़र गांव वापस आ गए और नए सिरे से खेती जमाने के हिम्मत भरे प्रयास करने लगे। आज उसके परिणाम सामने आ चुके हैं- हरे खेत लहलहा रहे हैं, नींबू और अमरूद के पेड़ भी खड़े हैं। अपने लिए पर्याप्त खाद्य प्राप्त हो रहा है, कुछ बिक्री भी हो रहा है। आर्थिक स्थिति को वे संतोषजनक मान रहे हैं और भविष्य के लिए उम्मीद भी है। सोना के खेत में सावां और कोदो जैसे मिलट या मोटे अनाज भी उगाए जा रहे हैं, ताकि इन पौष्टिक गुणों वाले, पर उपेक्षित मोटे अनाजों की वापसी हो सके। सोना ने बड़े बर्तन दिखाए जिनमें मोटे अनाजों के बीज संग्रहित किए जाएंगे व इस 'बीज बैंक' के माध्यम से अन्य किसान भी मोटे अनाज उगा सकेंगे। यह बदलाव एक स्वयंसेवी संस्था 'परमार्थ' व प्रशासन के सहयोग से हुए जल-संरक्षण से आया है। सोना स्वयं भी इस संस्था से जुड़ी हैं। इसके साथ सोना ने गांव की सामूहिक भलाई के प्रयास जारी रखे हैं, पर दूसरी ओर पास में तेन्द्रा जैसी बस्तियां आज भी हैं जहां अधिकांश लोग प्रवासी मजदूर के रूप में बाहर गए हुए हैं। तालबेहट ब्लाक के हनौता गांव में सहरिया आदिवासी व दलित परिवार प्रायः ऐसी स्थिति में वर्षों से रहते आए हैं जब पानी के अभाव में वे खेती नहीं कर पाते थे व प्रवासी मजदूर के रूप में इंदौर, दिल्ली, पंजाब आदि में भटकते रहते थे। ईंट भट्टों पर या जहां भी काम मिले, बहुत कम मजदूरी पर कार्य करने को मजबूर थे, पर अब इस मजबूरी पर रोक लगी है। रबी की फसल तो कई किसानों ने पहली बार ली है। हनौता में यह सार्थक बदलाव इस कारण आ सका, क्योंकि परमार्थ संस्था ने यहां से आठ किलोमीटर दूर बेतवा नदी से एक भूमिगत पाईप लाइन द्वारा इस गांव के अनेक परिवारों को सिंचाई उपलब्ध करवाई। शांति सहरिया के खेत में मूली, मटर, टमाटर, बहुत सी सब्जियां लगी हैं, अमरूद व नींबू के पेड़ भी हैं। अब शांति के परिवार को प्रवासी मजदूरी के लिए भटकना नहीं पड़ता। बबलू अहिरवार का केवल एक हाथ है, दूसरा हाथ दुर्घटना में क्षतिग्रस्त हो गया था। उसके लिए तो यह और भी महत्वपूर्ण है कि गांव में उसकी खेती जम गई है व उसे प्रवासी मजदूरी के लिए नहीं जाना पड़ता। ग्राम बंडा (बबीना प्रखंड, जिला झांसी) के किसान हीरालाल इन दिनों बहुत प्रसन्न हैं। वजह स्पष्ट है कि विविधता भरी बहुत सी फसलें, विशेषकर बागवानी की फसलें उन्होंने प्राप्त की हैं व उत्पादकता भी बढ़ी है। बैंगन, करेला, तुरई, लौकी, कद्दू, मिर्ची, भिंडी, लोभिया, मटर, आलू के बीच उन्होंने कुछ फूल भी उगाए हैं। उनके पड़ौसी किसान अजय भी ऐसे ही प्रसन्न हैं। वे बताते हैं कि अधिक नहीं तो उत्पादन कम से कम डेढ़ गुना तो बढ़ ही गया है। वे और बंडा गांव के सात-आठ अन्य किसान अपनी उपलब्धि के लिए ड्रिप और स्प्रिंकलर खेती को श्रेय देते हैं। हीरालाल बताते हैं कि इससे पानी की बहुत बचत होती है तथा साथ में मिट्टी पर भी अनुकूल असर पड़ता है।

देश दुनीया से

## ड्रैगन के जाल से निकलना आसान नहीं

भारत ने आर्थिक पैकेज देकर समय रहते श्रीलंका को चीन के हाथों नहीं बचाया होता तो यह देश कब का कंगाल हो गया होता। भारत के साथ विवाद के बीच मालदीव के राष्ट्र पति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के साथ बैठक की। इसके बाद दोनों देशों ने 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों की आड़ में चीन न सिर्फ मालदीव को आर्थिक शिकंजे में कसेगा बल्कि अपनी सैन्य विस्तार की नीति को भी अंजाम देने से बाज नहीं आएगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 4 जनवरी को लक्षद्वीप के दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। इस पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने आपत्तिजनक बयानबाजी की।

**भारत** का विरोध और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने वाले मालदीव के लिए चीन से रिश्ते पचाना इतना आसान नहीं है। चीन की अघोषित साम्राज्यवादी नीति का शिकार श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के कई देश हो चुके हैं। चीन ने इन देशों को आर्थिक रूप से जकड़ कर गुलाम बनाने में कसर बाकी नहीं रखी। भारत ने आर्थिक पैकेज देकर समय रहते श्रीलंका को चीन के हाथों नहीं बचाया होता तो यह देश कब का कंगाल हो गया होता। भारत के साथ विवाद के बीच मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के साथ बैठक की। इसके बाद दोनों देशों ने 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों की आड़ में चीन न सिर्फ मालदीव को आर्थिक शिकंजे में कसेगा बल्कि अपनी सैन्य विस्तार की नीति को भी अंजाम देने से बाज नहीं आएगा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 4 जनवरी को लक्षद्वीप के दौरे की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की थीं। इस पर मालदीव के तीन मंत्रियों ने आपत्तिजनक बयानबाजी की। इन तस्वीरों पर मालदीव की मुइज्जू सरकार में मंत्री मरियम शिउना ने आपत्तिजनक ट्वीट किए थे। उन्होंने मोदी को इजरायल से जोड़ते हुए निशाने पर लिया था और लक्षद्वीप का भी मजाक उड़ाया था। इससे भारत में रोष की लहर फैल गई। सोशल मीडिया पर देश में बॉयकॉट मालदीव शुरू हो गया है और कई लोगों ने मालदीव के लिए फ्लाइट और होटल बुकिंग कैंसिल करवा दी। आम जनता से लेकर फिल्मी हस्तियां भी भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र के सपोर्ट में उतर आई। इस बीच मालदीव के कई दिग्गज नेताओं ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत का सपोर्ट किया और आपत्तिजनक बयान की कड़ी निंदा की। मामला बढ़ता देख मालदीव की सरकार ने कहा कि जो बातें सोशल मीडिया पर कही गईं वे निजी बयान हैं और इनका सरकार से कोई नाता नहीं। घबराए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने तीनों मंत्रियों को निलंबित कर मामले को ठंडा करने का प्रयास किया। इसके बावजूद देश में रोष बरकरार है। मुइज्जू ने चीन के फुजियान प्रांत में मालदीव बिजनेस फोरम को संबोधित किया। यहां वह चीन के सामने पर्यटक भेजने के लिए गिड़गिड़ाते नजर आए। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि चीन अधिक पर्यटकों को भेजने के प्रयासों को तेज करे। मालदीव में 2023 के राष्ट्रपति चुनावों के दौरान भारत विरोधी भावनाओं को उभारा गया और इस विषय पर दुष्प्रचार का प्रयास किया था। यूरोपीय संघ (ईयू) की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस (पीएनसी) के सत्तारूढ़ गठबंधन ने दुष्प्रचार किया था। मालदीव के लिए यूरोपियन इलेक्शन ऑब्जरवेशन मिशन (ईयूईओएम) ने पिछले साल नौ और 30 सितंबर को हुए दो दौर के चुनाव पर अपनी अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित की। रिपोर्ट में कहा गया है कि सत्तारूढ़ गठबंधन प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव और पीपुल्स नेशनल कांग्रेस ने 2023 के राष्ट्रपति चुनाव में भारत विरोधी भावनाओं को प्रमुखता दी और गलत सूचना फैलाने का प्रयास किया, जिससे मुइज्जू ने जीत हासिल की थी। राष्ट्रीय अधिकारियों के निमंत्रण पर हिंद महासागर में स्थित द्वीपीय राष्ट्र में 11 सप्ताह के लंबे अवलोकन के बाद ईयूईओएम ने कहा कि पीपीएम-पीएनसी गठबंधन द्वारा चलाया गया अभियान राष्ट्र पर भारत के प्रभाव की आशंकाओं पर आधारित था। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईयूईओएम पर्यवेक्षकों ने पीपीएम-पीएनसी की ओर से राष्ट्रपति के प्रति अपमानजनक भाषा के उदाहरण देखे हैं। इसमें कहा गया कि पार्टियों के अभियान में भारत विरोधी भावनाएं शामिल थीं। देश के अंदर भारतीय सैन्य कर्मियों की उपस्थिति के बारे में भी चिंता प्रकट की गई थी। इसके साथ ही ऑनलाइन दुष्प्रचार अभियान चलाए गए। ईयू मिशन ने उल्लेख किया कि राजनीतिक और प्रचार अभियान के तहत धन उगाहने और वित्तीय व्यय में पारदर्शिता और प्रभावी निगरानी का अभाव देखा गया। ईयूईओएम ने सरकारी मीडिया सहित मीडिया के राजनीतिक पक्षपात को भी दर्ज किया, जबकि इंटरनेट मीडिया में सूचना में हेरफेर के भी कुछ संकेत मिले। उस समय के मौजूदा राष्ट्रपति मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) के इब्राहिम मोहम्मद सोलिहए पिछले साल फिर से चुनाव में उतरे थे। विपक्षी पीपीएम-पीएनसी गठबंधन द्वारा समर्थित पीएनसी के मोहम्मद मुइज्जू ने उन्हें हराकर 54 प्रतिशत वोटों के साथ चुनाव जीता। गौरतलब है कि भारत का प्रयास रहा है कि सभी पड़ोसी देशों से बराबरी के द्विपक्षीय रिश्ते कायम रहे। भारत ने कभी भी पड़ोसी छोटे मुल्कों के साथ छलकपट नहीं किया। यही वजह रही कि भारत ने नेपाल और बांग्लादेश के साथ सीमा संबंधी विवादों को द्विपक्षीय सहयोग से हल करने का प्रयास किया। भारत ने उदारता दिखाते हुए बांग्लादेश को कई हिस्से वापस तक कर दिए।

आप का नजरीया

## जेल अधिकारियों पर निगरानी को तंत्र बने

**यह** जेल अधिकारियों और अपराधियों की सांठगांठ की पराकाष्ठा ही है कि फिरोजपुर जेल के भीतर से 43 हजार फोन कॉल हुई और पांच हजार बैंक लेनदेन हुए। घटनाक्रम उजागर करता है कि जिन जेल अधिकारियों पर अपराधियों की सख्त निगरानी व समाज को भयमुक्त करने का जिम्मा है, वे अपराधियों से मिलीभगत करके व्यवस्था से विश्वासघात कर रहे हैं। जिस दायित्व के लिये सरकार उन्हें वेतन देती है, वे उससे छल ही कर रहे हैं। मानवीय मूल्यों के पतन की यह पराकाष्ठा ही है कि खाकी वर्दी में कुछ लोग निहित स्वार्थों व लालच के लिये समाज में तमाम लोगों के जीवन को संकट में डाल रहे हैं। उनकी इस संदिग्ध भूमिका से अपराधी अपने खतरनाक मंसूबों को जेल में रहते हुए भी अंजाम दे रहे हैं। यह संभव नहीं था कि बिना जेल अधिकारियों की मिलीभगत के अपराधी-तस्कर जेल के भीतर से अपराध का साम्राज्य चला सकें। यूं तो जेल-तंत्र में सडांध की खबरें पूरे देश से आती रहती हैं, लेकिन पंजाब में ऐसी खबरों की निरंतरता चिंताजनक है। अपराधी जेल के भीतर से निरंतर समानांतर शासन चला रहे हैं तो यह कानून के राज पर सवालिया निशान लगाता है। आखिर जेल के भीतर मोबाइल बिना जेलकर्मियों की मिलीभगत कैसे पहुंच रहे हैं? क्यों जेल के भीतर जैमर नहीं लगाए जाते ताकि अपराधी मोबाइलों का उपयोग न कर सकें? फिरोजपुर जेल के भीतर से 43 हजार फोन कॉल का होना, एक बड़े आपराधिक कृत्य को दर्शाता है। संभव है दुर्दांत अपराधियों के भय से कुछ जेल अधिकारी समर्पण करते हों। यदि ऐसा है तो उन्हें नैतिकता के आधार पर अपना पद छोड़ना चाहिए। आगे जांच से पता चलेगा कि बैंकिंग लेन-देन से किस-किस तक ड्रग मनी पहुंची और कौन इसका सूत्रधार था। निस्संदेह, इस आपराधिक कृत्य की व्यापक पैमाने पर जांच की जानी चाहिए। यह भी पड़ताल होनी चाहिए कि इन फोन कॉल में से कितनी परिजनों को की गई और कितनी अपराधियों को। निस्संदेह, यह भी पता लगाया जाना चाहिए कि क्या बैंक से लेन-देन जेल अधिकारियों को रिश्वत देने के लिये किया गया था? या यह धन नशीली दवाओं के भुगतान के लिये किया गया। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि देश की नामी जेलों में भी दुर्दांत अपराधियों को पांच सितारा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिये जेल अधिकारियों व कर्मचारियों को मोटी रकम चुकाई जाती है। निस्संदेह, यह खतरनाक खेल समाज में मानवीय मूल्यों के पतन की गाथा भी बताता है। दरअसल, फिरोजपुर जेल में जेल अधिकारियों की मिलीभगत से अपराधियों की इन करतूतों का मामला तब प्रकाश में आया था, जब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए जेल में मोबाइल फोन के इस्तेमाल व नशीली दवाओं की तस्करी पर रिपोर्ट मांगी थी।




# जिस नेता को निक्की हेली ने बनवाया सांसद, उसी ने दिया धोखा! राष्ट्रपति उम्मीदवारी के लिए ट्रंप का दिया साथ

**वॉशिंगटन।**
**अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। इसके लिए सभी उम्मीदवार जोर शोर से प्रचार-प्रसार में लगे हुए हैं। एक दूसरे से आगे रहने की होड़ में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। वहीं, अब खबर आई है कि दक्षिण कैरोलिना के रिपब्लिकन सीनेटर टिम स्कॉट ने फैसला लिया है कि वह पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करेंगे।**

रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से पहले अश्वेत उम्मीदवार बनने की कोशिश कर रहे सीनेटर टिम स्कॉट पिछले साल ही राष्ट्रपति पद की दौड़ से हट गए थे। उन्होंने इसकी कोई वजह नहीं बताई थी। हालांकि, अब उन्होंने ट्रंप का समर्थन करने की बात कही है। इसकी पुष्टि स्कॉट के एक करीबी सूत्र ने की है।

### न्यू हैंपशायर में रैली निकालने की तैयारी

एक अन्य रिपोर्ट में खुलासा किया गया कि ट्रंप अगले महीने दक्षिण कैरोलिना प्राथमिक से पहले स्कॉट के समर्थन पाने की कोशिश कर रहे थे, जहां वह अपने प्रतिद्वंद्वी निक्की हेली का सामना करने वाले हैं। ऐसे में स्कॉट का समर्थन मिलना ट्रंप के लिए एक अच्छी खबर हो सकती है। स्कॉट का समर्थन ऐसे समय में सामने आया है, जब पूर्व राष्ट्रपति इस सप्ताह के अंत में न्यू हैंपशायर में एक रैली आयोजित करने के लिए तैयार हो रहे हैं।

### हेली को बड़ा झटका

स्कॉट का ट्रंप को समर्थन देना हेली के लिए एक बड़ा झटका हो सकता है। यह एक धोखा की तरह भी देखा जा सकता है। क्योंकि हेली जब दक्षिण कैरोलिना की गवर्नर थीं तो उन्होंने स्कॉट को अमेरिकी सीनेट में नियुक्त किया था। हालांकि वह न्यू हैंपशायर में मतदान से पहले नामांकन के लिए ट्रंप के खिलाफ अभी भी खड़ी हैं।

### आयोवा कॉकस में मिली थी जीत

आयोवा कॉकस के मतदान में जीत दर्ज करने के बाद डोनाल्ड ट्रंप और उनके समर्थक उत्साहित हैं। अब उनकी निगाहें न्यू हैंपशायर में होने वाले कॉकस चुनाव पर लगी हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि स्कॉट पूर्व राष्ट्रपति के साथ फ्लोरिडा के अपने रिसॉर्ट से न्यू हैंपशायर जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### जापान ने रचा इतिहास, चांद पर उतारा अंतरिक्ष यान, पर लैंडिंग के बाद आई ये बड़ी गड़बड़



**टोक्यो।** भारत के बाद अब जापान ने मून मिशन को लेकर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। जापान ने चांद पर अंतरिक्ष यान की सफल लैंडिंग कर इतिहास रच दिया है। जापनी अंतरिक्ष एजेंसी ने पुष्टि की है कि उसके मून स्नाइपर रोबोटिक एक्सप्लोरर ने सफलतापूर्वक चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग की। इसके बाद अमेरिका, रूस, चीन और भारत के बाद जापान यह उपलब्धि हासिल करने वाला पांचवां देश बन गया है। हालांकि जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने आशंका जताई है कि उसका चांद मिशन समय से पहले काम करना बंद कर सकता है क्योंकि अंतरिक्ष यान का सौर सेल बिजली पैदा नहीं कर रहा है। एजेंसी ने कहा है कि उसे लैंडर से सिग्नल मिल रहा है, जो उम्मीद के मुताबिक संचार कर रहा है। अधिकारियों ने बताया कि अभी लैंडर सीमित बैटरी पावर पर काम कर रहा है, जिसके केवल सीमित घंटों तक चलने की उम्मीद है। टीम सौर सेल समस्या का कारण और लैंडर के लिए अगले कदम निर्धारित करने के लिए डाटा का विश्लेषण कर रही है। उन्होंने कहा कि सौर सेल की समस्या इसलिए हो सकती है क्योंकि अंतरिक्ष यान पूर्व निर्धारित दिशा में नहीं जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जापानी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों को अभी भी उम्मीद है कि चंद्रमा पर सौर कोण बदलने के बाद सौर सेल फिर से चार्ज करने में सक्षम हो सकता है, लेकिन इसमें कुछ समय लग सकता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि एसएलआईएम भीषण ठंडी चंद्र रात में जीवित रह सकता है या नहीं। एजेंसी का मानना है कि मिशन सफल रहा, क्योंकि इसने पूर्व निर्धारित सभी मानदंडों को पूरा किया है।

### संघर्ष बढ़ा तो उनकी खैर नहीं..., लेबनान के गांवों पर हमलों के बीच हिज्बुल्लाह की इजराइल को धमकी



**बेरूत।** इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध पर हिज्बुल्लाह ने इजराइल को कड़ी चेतावनी दी है। लेबनान के ईरान समर्थित आतंकी समूह के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि अगर युद्ध का विस्तार लेबनान सीमा तक हुआ तो इजराइल को इसका गंभीर खामियाजा भुगतना पड़ेगा। गौरतलब है कि पिछले साल सात अक्तूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमास के हमले के दौरान इजराइल और हिज्बुल्लाह के बीच सीमा पर भी जमकर गोलीबारी हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल से सटे सीमावर्ती गावों पर भी बमबारी की थी। लेबनान में हिंसा में कम से कम 142 हिज्बुल्लाह आतंकी समेत 195 से अधिक लोगों ने जान गंवाई थी। हिज्बुल्लाह के नईम कासिम ने इजराइल को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर इजराइल संघर्ष बढ़ाने का फैसला करता है तो उसे करारा जवाब मिलेगा और चेहरे पर एक असली तमाचा मिलेगा। लेबनान सीमा पर स्थिरता की बहाली गाजा में आक्रामकता के खात्मे पर निर्भर है। साथ ही कहा कि दुश्मन को पता होना चाहिए कि हम तैयार बैठें हैं। आक्रमण की आशंका के बीच हम तैयार हैं। एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि इजराइल-लेबनान सीमा के पास एक गांव केफर किला में इजराइली वायुसेना ने चार घरों को निशाना बनाया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने केफ़र किला में हिज़्बुल्लाह निगरानी चौकियों और आतंकवादी बुनियादी ढांचे के खिलाफ हवाई हमले किए और तोपखाने और टैंक से गोलाबारी की। वहीं केफर के मेयर हसन चिटे ने कहा कि संयोग से जब इजराइली वायु सेना ने हमले में तबाह हुए घरों में कोई नहीं था। हिज्बुल्लाह ने तीन हमलों का दावा किया, जिसमें कई घर तबाह होने की बात क ही गई थी।

### एक स्कूल के शयनगृह में लगी भीषण आग, कम से कम 13 बच्चों की मौत

**बीजिंग।** चीन से एक बुरी खबर सामने आई है। यहां के मध्य हेनान प्रांत में एक स्कूल के शयनगृह में आग लगने से कम से कम 13 बच्चों की मौत हो गई। एक खबर के अनुसार, हेनान के यानशानपु गांव में स्थित यिंगकाई स्कूल में आग लगने की जानकारी मिली। दमकल कर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे और रात 11.38 मिनट पर आग पर काबू पा लिया गया। एक शिक्षिका ने बताया कि मारे गए सभी बच्चे तीसरी कक्षा के छात्र थे। वहीं, घटनास्थल से बचाए गए एक व्यक्ति का अस्पताल में इलाज चल रहा है। एक अन्य रिपोर्ट के मुताबिक, नानयांग सिटी के समीप स्थित स्कूल के प्रबंधक को हिरासत में लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। मृतकों की पहचान और आग लगने के कारण के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन और नेतन्याहू के बीच चर्चा, दो राष्ट्र समाधान पर हुई खुलकर बातचीत

**वाशिंगटन।**
पिछले साल सात अक्तूबर को शुरू हुई हमास-इजराइल के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। इसी बीच, इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने बात की। इस दौरान दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच दो-राष्ट्र सिद्धांत पर चर्चा हुई। साथ ही गाजा में बनाए सभी बंधकों को जल्द रिहा करने के प्रयास पर भी चर्चाएं की गई। गौरतलब है कि इजराइल द्वारा दो राज्य समाधान को नकारने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति की नाराजगी के बीच दोनों नेताओं के फोन पर बात की।

### नागरिक क्षति कम करने और लोगों की रक्षा करने पर जोर

बाइडन और नेतन्याहू ने गाजा में चल रही सैन्य कार्रवाई की समीक्षा की, साथ ही गाजा में मानवीय सहायता को बढ़ाने पर की बात की। इस दौरान व्हाइट हाउस ने अपने एक बयान में हमास पर सैन्य दवाब बनाए रखने की वकालत की। साथ ही फलस्तीनी लोगों के लिए अशदोद बंदरगाह के जरिए आटे की शिपमेंट की अनुमति देने पर अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इजराइल की तारीफ की। बाइडन ने इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू को नागरिक क्षति को कम करने और निर्दोष लोगों की रक्षा करने पर जोर दिया। गौरतलब है कि सात अक्तूबर को गाजा के हमास आतंकी संगठन ने इजराइल पर पांच हजार रॉकेट दागे थे, जिसके बाद इजराइल ने जवाबी कार्रवाई करते हुए गाजा स्थित आतंकी संगठनों पर जमकर हमले किए।

### दो-राष्ट्र सिद्धांत पर इजराइल और अमेरिका के बीच चर्चा

नेतन्याहू और बाइडन ने चर्चा के दौरान इजराइल में शांति और सुरक्षा के लिए अपने दृष्टिकोणों को साझा किया। इस दौरान द्वि-राष्ट्र सिद्धांत पर दोनों नेताओं ने चर्चा भी की। हाल में नेतन्याहू ने फलस्तीन राज्य के निर्माण के विचार को सिरे से नकार दिया, जिसके चलते बाइडन और नेतन्याहू के बीच हुई इस चर्चा को बेहद अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि हमास-इजराइल के बीच युद्ध संघर्ष विराम से हटकर अमेरिका ने इजराइली कार्रवाई का समर्थन किया है, हालांकि बाइडन को अपनी ही डेमोक्रेट्स सांसदों की बढ़ते दबावों को झेलना पड़ रहा है।



### क्या है दो-राष्ट्र समाधान

दो-राष्ट्र समाधान उन क्षेत्रों में दो देशों इजराइल और फलस्तीन के वजूद की बात करता है जो कभी ब्रिटिश शासन के अधीन फलस्तीन क्षेत्र था। फलस्तीन के शासन क्षेत्र को दो राज्यों में विभाजित करने का प्रस्ताव पहली बार 1947 में संयुक्त राष्ट्र ने दिया था, जब इसने यूएनजीए प्रस्ताव 181 पारित किया था। संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावित बंटवारे में, कहा गया था कि ब्रिटिश शासन वाले क्षेत्र को भविष्य में यहूदी राज्य के तौर पर लगभग 55 प्रतिशत भूमि दी जाएगी, जबकि बाकी 45 प्रतिशत अरब राज्य (फलस्तीन) को देने की बात कही गई थी। हालांकि, 1948 में इजराइल की स्थापना के 75 साल बाद भी इस मुद्दे पर संघर्ष जारी है।

### दमिश्क में इमारत पर इजराइल का मिसाइल हमला, ईरान से जुड़े नेताओं की चल रही थी बैठक; पांच की मौत

**दमिश्क।** गाजा में हमास के साथ जंग के अलावा इजराइल कई मोर्चों पर संघर्ष कर रहा है। एक ओर जहां हिजबुल्लाह लेबनान की ओर से उसके उत्तरी हिस्से को निशाना बना रहा है। वहीं दूसरी ओर, लाल सागर में हूती विद्रोहियों के हमले जारी हैं। इस बीच, इजराइली बलों ने सीरिया में एक इमारत पर मिसाइल से हमला किया है। इस इमारत में कथित तौर पर ईरान से जुड़े नेताओं की बैठक हो रही थी। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है। सीरिया में मानवाधिकारों की निगरानी करने वाले एक समूह ने समाचार एजेंसी एएफपी को बताया, सीरिया की राजधानी दमिश्क में एक इजराइली मिसाइल से चार मंजिला इमारत को निशाना बनाया गया है। जिसमें पांच लोग मारे गए हैं। इमारत में ईरान से जुड़े नेताओं की बैठक चल रही थी। समूह ने सीरिया के अंदरूनी सूत्रों के हवाले से कहा कि जहां इमारत को निशाना बनाया गया है, वह उच्च सुरक्षा वाला इलाका है। यह ईरान के इस्लामिक रिवॉल्यूशनरी गार्ड और ईरान समर्थक फलस्तीनी गुटों के नेताओं का गढ़ है। मानवाधिकार समूह के निदेशक रामी अब्देल ने बताया कि उन्होंने (इजराइल) निश्चित रूप से ईरान समर्थित समूहों के वरिष्ठ नेताओं को निशाना बनाया है।

# मैं बातचीत के लिए तैयार, आम चुनाव से पहले निराशाजनक संभावनाओं के बीच इमरान खान



**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान में आम चुनावों को देखते हुए राजनीतिक दल एक दूसरे पर हमलावर हो रहे हैं। इस बीच, चुनावों से पहले बढ़ती राजनीतिक चुनौतियों के बीच पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि वह बातचीत के लिए तैयार हैं।

फिलहाल, खान कई मामलों को लेकर रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। यहां उन्होंने पत्रकारों से बात कर कहा, मैं एक राजनेता हूं। पिछले 19 महीनों से मैं कह रहा हूं कि मैं बातचीत के लिए तैयार हूं।

**इन चुनौतियों का करना पड़ा सामना** - पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान, जिन्हें 2022 के अप्रैल में अविश्वास प्रस्ताव में हटा दिया गया था, को आम चुनावों की अगुवाई में लगातार असफलताओं का सामना करना पड़ रहा है। पिछले साल मई में खान को जेल हो गई। इसका असर उनके कार्यकर्ताओं पर भी पड़ा। उनकी गिरफ्तारी के बाद हुई हिंसा को देखते हुए उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं को भी जेल में डालना शुरू कर दिया। इसके बाद उनके समर्थकों ने उनका साथ छोड़ना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं बाद में पार्टी का चुनाव चिह्न भी इस महीने छीन लिया गया और पार्टी- पीटीआई-नाजरियाती- जिसके साथ उसने गठबंधन की मांग की थी, वह भी अपने वादे से पीछे हट गई। देश के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य का हवाला देते हुए खान ने कहा कि नियंत्रित संसद बनाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरी सबसे बड़ी गलती एक कमजोर सरकार को स्वीकार करना था। एक कमजोर सरकार के बजाय, मुझे फिर से चुनाव कराना चाहिए था। कमजोर गठबंधन सरकार के बजाय विपक्ष में बैठना बेहतर होगा। पीटीआई संस्थापक ने एक सवाल के जवाब में कहा कि त्रिशंकु संसद या कमजोर सरकार देश के सामने मौजूद आर्थिक समस्याओं का समाधान नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि सुधार केवल मजबूत सरकार ही कर सकती है। मुश्किलों में घिरी पीटीआई को जहां कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, वहीं उसके प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) ने पहले ही देशव्यापी अभियान शुरू कर दिया है और राष्ट्रीय और प्रांतीय निर्वाचन क्षेत्रों के लिए टिकट बांट दिए हैं।

# पैदाइश पर सवाल उठाने वाले ट्रंप पर निक्की हेली का पलटवार, बोलीं- वे डरे हुए और असुरक्षित महसूस कर रहे

**वॉशिंगटन।**
अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होड़ बढ़ती जा रही है। इस रेस में जिन दो दावेदारों को रेस में सबसे आगे देखा जा रहा है, उनमें पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारतीय मूल की अमेरिकी नेता निक्की हेली शामिल हैं। दोनों ही नेता अपनी पार्टी से राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी पाने के लिए काफी कोशिशें कर रहे हैं। इसी कड़ी में ट्रंप और हेली के बीच जुबानी जंग भी छिड़ी है। जहां एक दिन पहले ही ट्रंप ने हेली की अमेरिका में पैदाइश और नागरिकता को लेकर सवाल खड़े कर दिए थे, वहीं अब निक्की हेली ने ट्रंप पर पलटवार कर उन्हें डरा हुआ नेता बताया है। डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में अपने एक सोशल मीडिया पोस्ट में निक्की हेली को उनके असली नाम निम्रता लिखकर संबोधित किया। ट्रंप ने लिखा कि क्या किसी ने बीती रात निक्की निम्रता के भाषण को सुना। उन्हें लगता है कि वह आयोवा जीत जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वह तो रॉन डी सैंटिस को भी नहीं हरा पाईं, जिनके पास अब फंड भी नहीं है और उम्मीद भी नहीं है।

साथ ही ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट को रीपोस्ट भी किया, जिसमें दावा किया गया था कि निक्की हेली अमेरिका में राष्ट्रपति पद का




चुनाव लड़ने के योग्य नहीं हैं, क्योंकि जिस वक्त निक्की हेली का जन्म हुआ था, उस वक्त तक निक्की के माता-पिता को अमेरिका की नागरिकता नहीं मिली थी। निक्की हेली ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं ट्रंप को अच्छी तरह जानती हूं। जब उन्हें डर लगता है और वे असुरक्षित महसूस करते हैं, तब वे आपको नाम लेकर बुलाते हैं। मैं इस पर ऊर्जा बर्बाद नहीं करुंगी। निक्की हेली के माता-पिता भारतीय थे और वह अमेरिका शिफ्ट हो गए थे। साउथ कैरोलिना के बैमबर्ग में निक्की हेली का जन्म हुआ। अमेरिका में जन्म होने के चलते निक्की हेली को स्वत: ही अमेरिकी नागरिकता मिल गई। डोनाल्ड ट्रंप इससे पहले बराक ओबामा की अमेरिकी नागरिकता पर भी सवाल उठा चुके हैं।

# अगर फिर मूर्ख बना तो मुझे खुद पर शर्म, नवाज शरीफ के साथ गठबंधन की खबरों पर बिलावल

**इस्लामाबाद।**
पाकिस्तान में आठ फरवरी को आम चुनाव होने हैं। ऐसे में पक्ष-विपक्ष सब अपना प्रचार कर रहे हैं। हालांकि इस बीच, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने आम चुनावों के बाद पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के साथ गठबंधन की किसी भी संभावना से इनकार कर दिया है।

### पीपीपी हो रही हमलावर

विशेष रूप से, पीपीपी और पीएमएल-एन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) की 16 महीने की सरकार में प्रमुख भागीदार थे, जिसका गठन अप्रैल 2022 में इमरान खान के नेतृत्व वाली पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) सरकार को उखाड़ फेंकने के बाद किया गया था। हालांकि, जैसे-जैसे आम चुनाव नजदीक आ रहे हैं, पीपीपी अपने पूर्व गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ उग्र हो गई है। वह पीएमएल (एन) को बढ़ती महंगाई और अल्पकालिक सरकार में आर्थिक कुप्रबंधन के लिए दोषी ठहरा रही है।

### अगर फिर मूर्ख बना...

एमएल-एन के साथ एक साक्षात्कार में गठबंधन के बारे में पूछे जाने पर, बिलावल ने कहा, आपको किसने बताया कि पीपीपी उनके (पीएमएल-एन) साथ गठबंधन सरकार बनाएगी मैंने पहले भी कहा है: मुझे एक बार मूर्ख बनाया तो आप शर्म करें, अगर मैं दोबारा मूर्ख बना तो मुझे खुद पर शर्म आनी चाहिए।

### पहले की तरह अच्छी स्थिति नहीं

बिलावल ने कहा, अगर वे सरकार बनाने को लेकर पीपीपी पर भरोसा कर रहे हैं तो यह उनके लिए मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि पीएमएल-एन पंजाब



में पहले की तरह अच्छी स्थिति में नहीं है।

### शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के खिलाफ

पीपीपी नेता ने कहा कि विभिन्न धाराओं के लोग पीएमएल-एन सुप्रीमो नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी सरकार बनाने और प्रधानमंत्री चुनने के लिए निर्दलीय उम्मीदवारों को अपने पाले में लाएगी। पीडीएम के कार्यकाल को याद करते हुए पीपीपी प्रमुख ने पीएमएल-एन पर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ की गई प्रतिबद्धताओं का पालन नहीं करने का आरोप लगाया, जिसने देश को दांव पर लगा दिया।

# पन्नू की हत्या की कथित साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण को मंजूरी

**वॉशिंगटन।**
**खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोपी निखिल गुप्ता की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में, अमेरिका की एक अदालत ने सबूत देने के उनके अनुरोध को अस्वीकार कर दिया था। वहीं, अब चेक रिपब्लिक की अदालत से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने साफ कह दिया है कि चेक रिपब्लिक सरकार चाहे तो आरोपी भारतीय व्यक्ति को अमेरिका के हवाले कर सकता है।**

### जून से जेल में बंद

निखिल गुप्ता पर अमेरिकी सरकार के वकीलों ने पिछले साल नवंबर में एक मुकदमा दायर किया था। इसमें खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू को अमेरिका की जमीन पर मारने की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया गया है। खालिस्तानी पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। निखिल को 30 जून, 2023 को चेक गणराज्य के प्राग में गिरफ्तार किया गया था और इस समय उन्हें वहीं रखा गया है। अमेरिकी सरकार उनके अमेरिका प्रत्यर्पण की मांग कर रही है।

### इस मंत्री के हाथ में फैसला

अब चेक की अदालत ने निखिल के



अमेरिका प्रत्यर्पण का रास्ता साफ कर दिया है। देखना है कि मंत्रालय का क्या फैसला रहता है। दरअसल, निखिल गुप्ता की सारी उम्मीदें अब चेक सरकार के न्याय मंत्री पावेल ब्लेजेक के ऊपर टिकी हैं। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि गुप्ता के प्रत्यर्पण पर अंतिम निर्णय न्याय मंत्री पावेल ब्लेजेक के हाथों में होगा।

प्रवक्ता व्लादिमीर सेपका ने कहा कि अदालत का फैसला सभी पक्षों को दिए जाने के बाद, मामले की सभी फाइलों को न्याय मंत्रालय को सौंप दिया जाएगा। इसके बाद ब्लेजेक तय करेंगे की गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण की अनुमति दी जाए या नहीं।

### सुप्रीम कोर्ट का रुख कर सकते हैं गुप्ता

न्याय मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले में मंत्री कब तक फैसला लेते हैं इसके बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस बीच गुप्ता अपने प्रत्यर्पण को रोकने के लिए हर संभव कदम उठाएंगे। निखिल के पास चेक रिपब्लिक की शीर्ष अदालत में जाने का भी विकल्प खुला है। प्रवक्ता ने कहा कि अगर उनको निचली अदालत के फैसलों पर संदेह है तो उनके पास सुप्रीम कोर्ट का रुख करने के लिए तीन महीने का समय है।

### गुप्ता ने दी ये दलील

बताया जा रहा है कि गुप्ता ने दलील दी थी कि उनकी पहचान गलत की गई है। वह वो व्यक्ति नहीं हैं, जिसकी अमेरिका को तलाश है। गुप्ता ने इस मामले को राजनीतिक बताया। हालांकि, गुप्ता के वकील के हवाले से कहा गया है कि वह मंत्री से गुप्ता को प्रत्यर्पित नहीं करने और मामले को संवैधानिक अदालत में ले जाने का अनुरोध करेंगे।

### मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप

बता दें कि गुप्ता के परिवार ने एकांत कारावास में गंभीर मानवाधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्हें कांसुलर एक्सेस के तहत भारत में अपने परिवार से संपर्क करने के अधिकार और कानूनी मदद लेने की स्वतंत्रता से वंचित कर दिया गया। इस बीच आरोपों की जांच के लिए भारत पहले ही एक जांच समिति गठित कर चुका है।

## क्यों जरूरी है ब्लड सर्कुलेशन

रक्त मानव शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। पूरे शरीर में न्यूट्रिएंट्स, इलेक्ट्रोलाइट्स, हार्मोन्स, हीट और ऑक्सीजन पहुंचाने का काम रक्त ही करता है। शरीर के विभिन्न हिस्सों को स्वस्थ्य रखने और रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने का काम भी ब्लड ही करता है। रक्त वाहिनियों की शाखाएं और घुमाव रक्त संचार को बाधित करते हैं और हृदय रोग की वजह बनते हैं।



## लैदर स्कर्ट से मिलेगा फॉर्मल और कैजुअल लुक

दिन के वक्त ऑफिस और रात को उसी ड्रेस में पार्टी में जाना चाहती हैं तो लैदर स्कर्ट अच्छा ऑप्शन साबित होगा। शायद एक पल के लिए पार्टी में लैदर स्कर्ट पहनने के बारे में सोच कर थोड़ा असहज जरूर महसूस करेंगी, लेकिन ये एक ऐसा आउटफिट है जिसे कई तरह से स्टाइल किया जा सकता है। लैदर स्कर्ट्स जो कि अभी रैम्प और रेड कारपेट पर छाई हैं, पार्टी और कैजुअल लुक में अच्छी दिखेगी। जानिए लैदर स्कर्ट पहनने के कुछ तरीकों के बारे में, जिनसे लुक बदलना आसान होगा।

## कैफीन युक्त नई दवा से पार्किंसन का उपचार

वैज्ञानिकों ने अलग तरह के कैफीन आधारित रासायनिक यौगिक का विकास किया है, जिससे पार्किंसन रोग को बढ़ने से रोका जा सकता है। इस बीमारी से अंगों में अनियंत्रित कंपन होने लगता है, शोधकर्ताओं ने ए-सिनुक्लिन -एएस- नामक प्रोटीन पर ध्यान दिया, जो डोपामाइन नियंत्रण में शामिल होता है। इसी कड़ी में 'स्केफोल्ड' नामक कैफीन की खोज हुई, जिसमें पार्किंसन से मुकाबले के गुण दिखे।



# इन खाद्य पदार्थों से अपने शरीर को रखें गरम

**ठण्ड** का प्रकोप दिन प्रतिदिन दिन बढ़ता जा रहा हैं। हम अपने शरीर को बाहरी रूप से गरम करने के लिए ऊनी कपड़ों का सहारा ले लेते हैं। लेकिन यदि आप अपने शरीर को अंदर से गरम रखना चाहते हैं और ठण्ड की बीमारियों से बचना चाहते हैं तो इन खाद्य पदार्थो का उपयोग जरूर कीजिए।



**हरी मिर्च:** हरी मिर्च शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती हैं। इसे खाने से शरीर में गर्मी आजाती हैं। इसका तीखापन हमारे शरीर का तीखापन बढ़ाता हैं। इस तरह हमारा शरीर अंदर से गरम हो जाता हैं। इसी कारण इसका सेवन ठण्ड में किया जाता हैं। हालांकि अगर इसका सेवन गर्मियों में भी किया जाए तो यह आपको लू से बचाता है। इसलिए आप मिर्ची को हर मौसम में खा सकते हैं।



**लहसुन:** लहसुन का एक चिकित्सक फायदा यह हैं कि यह उच्च कोलेस्ट्राल लेवल को कम करने में मदद करती हैं। चिकित्सक फायदे के अलावा लहसुन का एक और लाभ होता हैं, हमारे शरीर को अंदर से गरम बनाए रखना। सर्दी में यदि आपको खांसी या सर्दी हो जाए तो इसमें मौजूद एंटीबैक्टीरियल गुण बैक्टीरिया और वायरस को मार देते हैं।



**हरी मेथी :** मेथी का रोजाना उपयोग करने से ठण्ड में सर्दी से बचा जा सकता हैं। मेथी के साग में विटामिन के, आयरन, मैग्नीशियम, सोडियम, जिंक, कॉपर और फोलिक एसिड अधिक होता है, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी हैं। मेथी को खाने से शरीर का खून बढ़ता हैं और शरीर गर्म बना रहता हैं।

**सिट्रस फल और अमरूद :** विटामिन सी वाले फल जैसे संतरा और नींबू शरीर को पोषण एवं फ्लेवीनॉइड प्रदान करते हैं। इन्हे खाने से शरीर की बीमारियों से लड़ना आसान हो जाता हैं। इसके अलावा अमरुद में भी काफी मात्रा में विटामिन होता हैं। यह दोनों प्रकार के फल खाने से शरीर गर्म रहता हैं तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती हैं।

## यह है कद बढ़ाने के लाभकारी उपाए

कम कद कई लोगो की समस्या है और हर कोई इस समस्या से बहुत परेशान है और कई उपाय भी कर चुके है लेकिन उन्हें कोई फायदा नहीं मिल पाया है इसलिए आज हम आपको कुछ खास उपाएं बताएगे जो कद बढ़ाने में आपकी बहुत मदद करेगा। आइए जानते है यह उपाए।


- संतुलित आहार जरूर लें क्योंकि इससे आपको उचित पोषण मिलेगा जो कद बढ़ने के लिए बहुत लाभकारी है।
- कद बढ़ाने के लिए प्रतिदिन 2 काली मिर्च के टुकडे को 20 ग्राम मक्खन में मिलाकर खाएं।
- देशी गाय का दूध पिएं क्योंकि यह कद बढ़ाने में सहायक होता है।
- रात में अच्छी नींद लें और ठीक से भी सोना चाहिए क्योंकि इससे मांसपेशियां और शरीर फैलता है।
- अंगूठों को खीचना चाहिए इससे मांसपेशियों में खिंचाव आता है और रक्त का दौरा भी बढ़ता है।
- लंबाई ठीक से बढ़ाने के लिए वजन कम होना चाहिए। वजन ज्यादा होने से लम्बाई नहीं बढ़ पाती है।



**आईबीडी** यानी इन्फ्लेमेटरी बावल डिजीज। इसका मतलब है आंतों से जुड़ी तमाम किस्म की समस्याएं। वास्तव में पाचनतंत्र जो कि मुंह, भोजन नलिका, पेट, छोटी आंतें और आंतों से मिलकर बनता है। आईबीडी होने का मतलब है कि इन तमाम भागों में किसी न किसी तरह की समस्या। इसकी वजह खाद्य पदार्थ, अपौष्टिक आहार आदि हैं। यह कहने की जरूरत नहीं है कि आईबीडी काफी दर्दनाक होता है और कई दफा तो यह बीमारी जानलेवा तक साबित होती है। मतलब साफ है कि यदि किसी व्यक्ति विशेष को आईबीडी हो जाए तो उसे तुरंत अपना इलाज कराना चाहिए। यही नहीं सही उपचार और जीवनशैली में आवश्यक बदलाव भी करने चाहिए। सवाल उठता है कि आईबीडी के लक्षणों को कैसे जाना जाए? आइए इस सम्बंध में आगे पड़ते हैं।

### आईबीडी के प्रकार

सामान्यतः आईबीडी के दो प्रकार हैं। अल्सरेटिव कोलाइटिस और क्रोन्स डिजीज। क्रोन्स डिजीज के तहत पाचनतंत्र के किसी भी हिस्से में जलन या तकलीफ हो सकती है। हालांकि यह ज्यादातर छोटी आंत के निचले हिस्से को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। जबकि अल्सरेटिव कोलाइटिस होने के दौरान बड़ी आंत में घाव होता है जिसके कारण बड़ी आंत में जलन हो सकती है।



### आईबीडी की वजह

आईबीडी की सटीक वजह बता पाना मुश्किल है। विशेषज्ञों की मानें तो यह बीमारी आनुवांशिक हो सकती है या फिर इम्यून सिस्टम से जुड़ी कोई समस्या। आनुवांशिक होने का मतलब है कि यदि आपके पारिवारिक इतिहास में आईबीडी है तो इसके होने की आशंक में इजाफ हो जाता है। यही कारण है कि वैज्ञानिक इसे आनुवांशिका बीमारी बताते हैं।



# पेट दर्द की घातक समस्या है आईबीडी...

### प्रतिरक्षी तंत्र से जुड़ी बीमारी

आईबीडी को प्रतिरक्षी तंत्र से जुड़ी बीमारी भी बताई जाती है। दरअसल प्रतिरक्षी तंत्र हमारे शरीर की तमाम किस्म की बीमारियों से बचाव करता है। ऐसे में यदि आईबीडी पाचनतंत्र में हो जाए तो इससे प्रतिरक्षी तंत्र का प्रभावित होना लाजिमी हो जाता है। जैसा कि हम जानते हैं कि किसी बीमारी या अन्य वायरस के शरीर में घुसने के दौरान प्रतिरक्षी तंत्र अति सजग और सचेत हो जाता है। ऐसे में यदि पाचनतंत्र कमजोर पड़ जाए तो इसमें घाव, जलन या सूजन जैसी परेशानियां घर करने लगती है। आईबीडी होने का कारण महज संक्रमण ही नहीं है। कई दफा प्रतिरक्षी तंत्र अपने ही सेल्स पर आक्रमण कर बैठती है। इसे आटोइम्यून रिस्पांस के नाम से जाना जाता है। आईबीडी कई बार संक्रमण के खत्म होने के बाद भी ठीक नहीं होती। मतलब यह कि यह एक घातक बीमारी है जिसके प्रति अलर्ट रहना अत्यंत जरूरी है। यह बीमारी कई दफा महीनों तक मरीज को परेशान करती है। तमाम अध्ययन इस बात की तस्दीक करते हैं कि लाखों लोग आईबीडी के मरीज हैं। इसके कुछ मुख्य रिस्क फैक्टर इस प्रकार हैं



### धूम्रपान

क्रोन्स डिजीज की मुख्य वजहों में से एक धूम्रपान है। धूम्रपान इस हद तक परेशानी का सबब बनता है कि कई दफा यह आईबीडी के दर्द को बड़ा देता है। यही नहीं क्रोन्स डिजीज के ठीक होने की जटिलता भी बड़ जाती है। हालांकि अल्सरेटिव कोलाइटिस के मरीज इससे अलग होते हैं। सामान्यतः अल्सरेटिव कोलाइटिस उन्हें प्रभावित करता है जो धूम्रपान नहीं करते या फिर उन्हें जो धूम्रपान छोड़ चुके हैं।

### आईबीडी से कौन प्रभावित होता है

सामान्यतः आईबीडी से कोई भी प्रभावित हो सकता है। इसे किसी उम्र विशेष में नहीं बांधा जा सकता है। बावजूद इसके विशेषज्ञ इस बात का दावा करते हैं कि आईबीडी 35 साल से कम उम्र के लोगों में ज्यादा देखने को मिलता है। इसके अलावा जैसा कि पहले ही जिक्र किया जा चुका है कि पारिवारिक इतिहास होने पर भी यह बीमारी होने का खतरा होता है। यही नहीं भौगोलिक क्षेत्र भी आईबीडी के लिए जिम्मेदार हैं। सामान्यतः यह बीमारी शहरी क्षेत्रों को तुलनात्मक रूप से ज्यादा प्रभावित करती है। इसकी वजह वहां की जीवनशैली और खानपान है। असल में जो लोग वसायुक्त आहार का ज्यादा सेवन करते हैं, उन्हें आईबीडी होने का खतरा बना रहता है।

### आईबीडी के लक्षण

यूं तो इसके लक्षण व्यक्ति दर व्यक्ति निर्भर करता है। बावजूद इसके कुछ सामान्य लक्षण डायरिया होना, पेट खराब होना, पेट में दर्द होना, अल्सर से खून आना, वजन घटना, अनीमिया होना और बच्चों में विकास स्तर कम होना शामिल है। पाचनतंत्र के बाहरी लक्षण भी आईबीडी में देखने को मिलते हैं मसलन आंखें सूजना, जलन होना, त्वचा सम्बंधी समस्या होना, अर्थराइटिस होना आदि। आईबीडी का ट्रीटमेंट घर में नहीं किया जा सकता है। इसके लिए बेहतर है कि सीधे चिकित्सक से ही संपर्क करें। वे आपके परिवार इतिहास से लेकर मौजूद स्थिति पर चर्चा कर मरीज का इलाज करते हैं। इतना ही नहीं जरूरी हो तो ब्लड सैंपल आदि भी लिया जाता है।

## ऑयल थैरेपी

# नाखून के विकास में सहायक ऑलिव ऑयल...



आपने ऑलिव ऑयल का नाम तो सुना होगा। अगर आप आपकी त्वचा को एवरग्रीन बनाना चाहती हैं तो ऑलिव ऑयल का उपयोग करना शुरू कर दीजिए। इसमें विटामिन इ,फैटी एसिड तथा मिनरल आदि होते हैं। इसके अलावा, इसमें फ्लेवसेनॉयड्स स्केवेलीन और पेरिफेनॉल्स एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो त्वचा को स्किन कैंसर और सोरायसिस से बचाते हैं।

इसमें पाए जाने वाले न्यूट्रीशन त्वचा को सेहतमंद बनाए रखते है। साथ ही कील-मुहांसों, दाग-धब्बों आदि को ठीक कर आपकी त्वचा को जवां बनाते हैं। साथ ही नाखूनों की ग्रोथ भी बढ़ाते हैं। झुर्रियों की समस्या से परेशान हैं, तो एक चम्मच नीबू के रस में एक चम्मच ऑलिव ऑयल मिलाएं। इस मिश्रण से हफ्ते में तीन बार चेहरे की मालिश करें। शरीर पर काले धब्बे हैं तो रोजाना नहाने के बाद पूरे शरीर पर ऑलिव ऑयल से मसाज करें।

ऑलिव ऑयल न केवल आपके त्वचा का रंग निखारता है, बल्कि खोयी चमक भी वापस लाता है। एक चम्मच मुल्तानी मिट्टी में अंडे की जरदी, आधा चम्मच संतरे का रस, एक चम्मच जैतून का तेल और कुछ बूंदे गुलाब जल मिला कर के चेहरे पर लगाएं। सूख जाने पर पानी से चेहरा धो लें। गहरे रंग की त्वचा और कोहनियों की समस्या हो, तो ऑलिव ऑयल में चीनी मिला कर रोज हल्के हाथों से पांच मिनट तक स्क्रब करें।

यदि नाखूनों का बढना रूक गया हो, तो ऑलिव ऑयल को गुनगुना करके नाखूनों को कुछ देर उसमें डुबोये रखें। फिर 10-15 मिनट तक उनकी हल्की मालिश करें। इससे नाखून नरम व लचीले हो जाएंगे। यदि आइब्रो या आईलैशेज हल्की हों, तो तेल की कुछ बूंदें लेकर उस जगह हल्की मालिश करें। नियमित रूप से ऐसा करने से वे घनी हो जायेंगी। बेजान व रूखे होठों पर ऑलिव ऑयल की मालिश करने से वे कोमल व मुलायम होते हैं। साथ ही, उनकी गुलाबी रंगत भी बरकरार रहती है।

### दर्द में कोई भी गोली खाना पड़ सकता है महंगा

सामान्य तौर पर दर्द के लिए ली जानी दवाइयों से उम्रदराज वयस्कों के अंदर हार्ट अटैक की संभावनाएं बढ़ जाती है। एक नई स्टडी में यह खुलासा हुआ है कि सामान्य तौर पर दर्द के लिए ली जानी दवाइयों से उम्रदराज वयस्कों के अंदर हार्ट अटैक की संभावनाएं बढ़ जाती है। यह रिसर्च यूके, नीदरलैंड, इटली और जर्मनी के 77 वर्ष की औसत उम्र के 1 करोड़ लोगों पर की गई है। इन प्रतिभागियों की तुलना ऐसे लोगों के साथ की गई है जो किसी भी प्रकार की दवाई का सेवन नहीं कर रहे थे। विशेषज्ञों ने कहा कि निष्कर्ष के तहत 65 वर्ष के लिए थोड़ा प्रासंगिकता है लेकिन बुजुर्ग मरीजों के लिए एक चिंता का विषय हो सकता है। शोधकर्ताओं ने आइबूप्रोफेन, नेपरोक्सन और डिक्लोफेनाक में नॉन-स्टेरॉइडल एंटी-इंफ्लेमेटरी ड्रग्स पाया है। जिससे 19% दिल की बीमारी का खतरा बढ़ जाता है। हृदय रोग के सलाहकार का कहना है कि उम्रदराज वयस्कों में ऐसी दवाइयों के सेवन से उच्च रक्तचाप, मधुमेह, गुर्दे की समस्याओं में कुछ इजाफा हो सकता है।

### सिर्फ नमक का ज्यादा सेवन ही इस बीमारी के लिए जिम्मेदार नहीं

# पोटैशियम के कम सेवन से भी हाई ब्लडप्रेशर

*उच्च रक्तचाप के लिए ज्यादा नमक ही जिम्मेदार नहीं, बल्कि कम मात्रा में पोटैशियम का सेवन भी आपको इसका मरीज बना सकता है। एक नए शोध में यह खुलासा हुआ है। शोधकर्ताओं ने पाया है कि आहार में अधिक पोटैशियम ग्रहण करने वाली किशोरियों में बाद में रक्त चाप कम पाया गया।*

### सोडियम की मात्रा कम करने पर बल देना जरूरी नहीं



बोस्टन विश्वविद्यालय स्कूल ऑफ मेडिसिन के लीन मूरे ने कहा कि इसके विपरीत, रक्तचाप पर अकेले सोडियम का कोई प्रभाव नहीं दिखाई पड़ा, जिसके कारण वैश्विक स्तर पर बच्चों तथा किशोरों के आहार में सोडियम की मात्रा कम करने की जरूरत पर बल देने की जरूरत नहीं।

### ...तो नहीं पड़ता प्रतिकूल प्रभाव

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, जो किशोरियां प्रतिदिन तीन हजार मिलीग्राम नमक का सेवन करती हैं, उनके रक्तचाप पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता, जबकि जो किशोरियां प्रतिदिन 2,400 मिलीग्राम या उससे अधिक पोटैशियम का सेवन करती हैं, तो बाद में उनका रक्त चाप कम होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) लोगों को दो हजार मिलीग्राम से अधिक सोडियम का सेवन नहीं करने की सलाह देता है। शोधकर्ताओं ने किशोरावस्था के अंत में आहार में सोडियम व पोटैशियम का रक्तचाप पर दीर्घावधि तक प्रभाव का अध्ययन किया।

## रेसिपी



### हेल्दी मूंग चाट

**सामग्री**

1 कप अंकुरित मूंग, 1 टी-स्पून तेल, 1/4 टी-स्पून सरसों, 1/4 टी-स्पून ज़ीरा, कुछ कड़ी पत्ते, 1/4 कप बारीक कटा हुआ प्याज़, 1 टी-स्पून अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1/2 टी-स्पून लाल मिर्च पाउडर, एक चुटकी हल्दी पाउडर, 1/2 टी-स्पून धनिया-ज़ीरा पाउडर, 1/4 कप कटे हुए टमाटर, नमक स्वादअनुसार, परोसने के लिए, 4 टेबल-स्पून ताज़ा फेंटा हुआ दही,नमक स्वादअनुसार, 2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ प्याज़, 2 टेबल-स्पून कटे हुए टमाटर,2 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया,2 चुटकी लाल मिर्च पाउडर

**विधि**

**एक** चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें और सरसों और ज़ीरा डालें। जब बीज चटकने लगे, कड़ी पत्ता और प्याज़ डालकर मध्यम आंच पर 1 से 2 मिनट तक भून लें। अदरक-लहसुन का पेस्ट, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर, धनिया-ज़ीरा पाउडर, टमाटर, अंकुरित मूंग, 1/4 कप पानी और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और मध्यम आंच पर 4 दर 5 मिनट या मूंग के आधे पकने तक, बीच-बीच में हिलाते हुए पका लें। आंच से हठाकर हल्का ठंडा कर लें। अंकुरित मूंग के मिश्रण को 2 भाग में बांट लें। अंकुरित मूंग के मिश्रण के एक भाग को एक बाउल में रखें, 2 टेबल-स्पून ताज़ा दही डालकर थोड़ा नमक छिड़के और उपर 1 टेबल-स्पून प्याज़, 1 टेबल-स्पून टमाटर, 1 टेबल-स्पून हरा धनिया और चुटकी भर लाल मिर्च पाउडर छिड़के। विधी क्रमांक 5 को दोहराकर 1 और मात्रा बना लें। तुरंत परोसें।



### इन्डियन कॉर्न डिप

**सामग्री**

1 कप उबले हुए और दरदरे क्रश किये हुए मीठी मकई के दानें

1/2 कप दूध, 1 टी-स्पून कोर्नफ्लॉर, 1 1/2 टी-स्पून तेल, 1/2 टी-स्पून सरसों, 1/2 टी-स्पून ज़ीरा, 1/2 टी-स्पून बारीक कटी हुई हरी मिर्च, नमक स्वादअनुसार

**सजाने के लिए**

1 टेबल-स्पून बारीक कटा हुआ हरा धनिया, परोसने के लिए,खाखरे, नाचो चिप्स

**विधि**

दूध और कोर्नफ्लॉर को एक एक छोटे बाउल में अच्छी तरह मिलाकर कोर्नफ्लॉर को पुरी तरह घोल लें। एक चौड़े नॉन-स्टिक पैन में तेल गरम करें, सरसों और ज़ीरा डालकर मध्यम आंच पर कुछ सेकेन्ड तक भून लें। जब बीज चटकने लगे, मीठी मकई, हरी मिर्च, कोर्नफ्लॉर-दूध का मिश्रण और नमक डालकर अच्छी तरह मिला लें और लगातार हिलाते हुए, मध्यम आंच पर 2 मिनट के लिए या मिश्रण के गाढ़ा होने तक पका लें। धनिया से सजाकर खाखरे और नाचो चिप्स् के साथ तुरंत परोसें।

# ऑफिस के लिए आउटफिट सिलेक्शन

**ऑफिस में अपना पर्सनल स्टाइल बनाए रखना बेहद जरूरी है। अपना एक अलग स्टाइल आपको ऑफिस में अलग पहचान दिलाता है। ऑफिस के लिए ड्रेसेज पूरी प्लानिंग से तैयार करें और इसमें वैरायटी रखें। इस बात का ध्यान रखें कि आपको स्टाइलिश के साथ ही प्रोफेशनल भी लगना है। तो आइए आज हम आपको बतातें हैं कि ऑफिस में आप किस तरह का आउटफिट इस्तेमाल करें।**

### अपनी पर्सनैलिटी को ध्यान में रखें

ऑफिस के लिए ड्रेस चुनते समय अपनी पर्सनैलिटी को ध्यान में अवश्य रखें। भारतीय महिलाओं का आज भी बेस्ट आउटफिट सलवार-कमीज ही है। इसमें वे बहुत सुंदर लगती हैं, लेकिन काम पर जाने के लिए पहनने से पहले आपको अपने स्किन कलर, हाइट और वेट को ध्यान में रखना जरूरी है। इस पर भी ध्यान दें कि आपको ऑफिस में आकर्षण का केंद्र नहीं बनना, बल्कि प्रोफेशनल लगना है। इसलिए ऑफिस में न तो हैवी और ब्राइट एम्ब्रायडरी वाले सूट पहनें और न ही ज्यादा फ्लेयर वाले सूट पहन कर जाएं। कुर्ते की लैंथ ज्यादा शॉर्ट रखने से भी बचें। स्कर्ट में आप स्टाइलिश और ग्लैमरस लग सकती हैं, यदि वह ढंग से कैरी की गई हो। यदि आपके ऑफिस में इस तरह के परिधान पहनने की अनुमति है, तो आप कलमकारी स्कर्ट पहन सकती हैं।



### हमेशा ट्रेंड में रहती है साड़ी

इस बात का ध्यान रखें कि आप की स्कर्ट एंकल लैंथ की हो तथा इसे कन्ट्रास्ट में ट्यूनिक या शर्ट के साथ पहनें, जो आपके प्रोफेशनल लुक में वृद्धि करेगी। आप भले ही किसी भी ऑफिस में काम क्यों न करती हों, जींस पहनने पर कहीं भी प्रतिबंध नहीं है। इसके लिए इस बात का ध्यान रखें कि ऑफिस में टाइट टी-शर्ट की अपेक्षा कुर्ती या शर्ट के साथ इसे कैरी करें, जो आपको प्रोफेशनल इमेज प्रदान करेगी। फैशन कितना ही क्यों न बदले, लेकिन भारतीय साड़ी हमेशा ट्रेंड में रहती है। यदि आप इसे एक अच्छे ब्लाउज के साथ ढंग से ड्रेप करें, तो यह आपको बेमिसाल लुक देती है। आपकी ड्रेस आपका काम के प्रति व्यवहार दिखाती है, इसलिए यह ध्यान रखें कि साड़ी के साथ का ब्लाउज कैसा है।




# भारत में स्टारलिंक की सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज जल्द शुरू होंगी : एलन मस्क की कंपनी को अगले हफ्ते तक मिल सकता है अप्रूवल

**नई दिल्ली।**

एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक को अगले हफ्ते तक भारत में अपनी स्पेस-बेस्ड ब्रॉडबैंड सर्विसेज को लॉन्च करने की मंजूरी मिल सकती है। ईटी टेलीकॉम की हालिया रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह जानकारी स्टारलिंक की ओर से अपने शेयरहोल्डिंग पैटर्न के बारे में डिपार्टमेंट फॉर प्रमोशन ऑफ इंडस्ट्री एंड इंटरनल ट्रेड को क्लेरिफिकेशन यानी स्पष्टीकरण भेजे जाने के बाद मिली है।

**टेलीकम्युनिकेशन डिपार्टमेंट स्टारलिंक को जारी कर सकता है लेटर ऑफ इंटेंट** - ईटी टेलीकॉम के एक सूत्र का कहना है, स्टारलिंक ने जवाब दिया है और अगले कुछ दिनों में या इस महीने के आखिरी तक डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन कंपनी को लेटर ऑफ इंटेंट जारी कर सकता है। इस बीच मनीकंट्रोल की एक रिपोर्ट में सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि डिपार्टमेंट ऑफ टेलीकम्युनिकेशन स्टारलिंक को लेटर ऑफ इंटेंट जारी कर सकता है।

**अप्रूवल के बाद सैटेलाइट कम्युनिकेशंस विंग भी स्टारलिंक को मंजूरी दे देगी** - ईटी टेलीकॉम और मनीकंट्रोल दोनों की रिपोर्ट में कहा गया है कि डिपार्टमेंट अगले हफ्ते तक टेलीकॉम सेक्रेटरी नीरज मित्तल और कम्युनिकेशन सेक्रेटरी अश्विनी वैष्णव से अप्रूवल के लिए एक लेटर तैयार कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रूवल के तुरंत बाद सैटेलाइट कम्युनिकेशंस विंग भी एलन मस्क के नेतृत्व वाली कंपनी स्टारलिंक को मंजूरी दे देगी। नीरज मित्तल और अश्विनी वैष्णव दोनों इस समय देश से बाहर हैं। मित्तल वाशिंगटन डीसी में इवेंट में और वैष्णव वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के लिए दावोस में हैं।

**भारत में स्टारलिंक की जर्नी** - एलन मस्क की स्टारलिंक ने नवंबर 2022 में भारत में ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बाय सैटेलाइट सर्विसेज के लिए आवेदन किया था। अप्रूवल मिलने के बाद स्टारलिंक यह लाइसेंस हासिल करने वाली रिलायंस जियो और सुनील मित्तल की वन वेब के बाद भारत में तीसरी कंपनी बन सकती है। जीएमपीसीएस लाइसेंस मिलने के बाद स्टारलिंक भारत में व्यक्तियों और ऑर्गेनाइजेशन को मैसेजिंग सर्विसेज, वॉयस सर्विसेज और ब्रॉडबैंड प्रोवाइड करने में सक्षम बन जाएगी।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भारतीय अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक रुख से सीईओ उत्साहित, 86 प्रतिशत कार्यकारी अधिकारी सुधार के लिए आशावादी




**दावोस ।** विश्व आर्थिक मंच के इतर प्राइस वाटर हाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) 27वें ग्लोबल सीईओ सर्वे की रिपोर्ट पेश की गई। इसमें बताया गया कि 86 प्रतिशत भारतीय सीईओ देश की अर्थव्यवस्था में आने वाले एक वर्ष में और सुधार की उम्मीद कर रहे हैं। सर्वे में शीर्ष 79 कंपनियों के सीईओ शामिल हुए। रिपोर्ट के मुताबिक, तमाम सीईओ का भारतीय अर्थव्यवस्था पर भरोसा गत वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा बढ़ गया है। सितंबर 2023 में भारत निवेश के लिए पसंदीदा जगहों की सूची में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। इसे लेकर दुनियाभर की कंपनियों व उनके सीईओ में उत्साह है। विश्व स्तर पर भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति बनी सकारात्मक भावना के चलते देश के 70 प्रतिशत सीईओ को उम्मीद है कि उनकी कंपनियां अगले तीन वर्ष में अच्छा प्रदर्शन करेंगी। इसके अलावा अल्पावधि में 62 प्रतिशत अगले 12 माह में कंपनी की वृद्धि के प्रति आश्वस्त हैं, जबकि विश्व स्तर पर यह आंकड़ा 37 प्रतिशत है। भारत के सीईओ अगले 12 माह में मुद्रास्फीति, साइबर जोखिम व स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को शीर्ष तीन खतरों के रूप में पहचानते हैं। भारत ने महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता के लिए वैश्विक गठबंधन स्थापित किया विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की 54वीं वार्षिक बैठक के तहत भारत ने महिला सशक्तिकरण और लैंगिक समानता के लिए वैश्विक गठबंधन स्थापित किया। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, हरदीप पुरी भी मौजूद रहे। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, डिजिटल मुद्रा से सीमापार भुगतान आसान होगा। दास ने कहा कि केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसके जरिये अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेनदेन आसान हो जाएगा। भारत कई देशों से इस संबंध समझौते कर रहा है। भारत में बनी पहली चिप इस साल दिसंबर तक दुनिया के सामने आ जाएगी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इसका श्रेय पएम नरेंद्र मोदी को देते हुए कहा, भारत में बहुत तेजी से सेमीकंडक्टर उद्योग विकसित हो रहा है। वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी ने जनवरी 2022 में देश में पहली बार सेमीकंडक्टर नीति पेश की और दिसंबर 2024 में भारत में चिप उत्पादन शुरू होने जा रहा है। दावोस में हर कोई इस तेजी से हैरान दिखा। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने बताया कि दावोस में 10 हजार से ज्यादा कंपनियों ने भारत में निवेश के अवसरों में रुचि दिखाई है। डब्ल्यूईएफ की वार्षिक बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहीं ईरानी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत में शुरू किए गए दुनिया के सबसे बड़े हाइड्रोजन उत्पादन अभियान में कंपनियां गहरी दिलचस्पी ले रही हैं। उनका भारत में जबरदस्त स्वागत किया गया है।

### पोर्ट टालबोट की भट्टियों को बंद करने की योजना बना रही है टाटा स्टील, 2,800 लोगों की जाएगी नौकरी





**नई दिल्ली ।** टाटा स्टील ब्रिटेन के साउथ वेल्स में पोर्ट टालबोट संयंत्र में अपनी ब्लास्ट फर्नेस बंद करने की योजना बना रही है जिससे 2,800 से अधिक नौकरियां जा सकती है। टाटा ने कहा कि इससे अगले 18 महीनों में 2500 लोगों की नौकरी जाएगी। तीन साल में 300 और कर्मचारियों की नौकरी जा सकती है। कंपनी ने कहा- नौकरियों की कटौती पर वैधानिक परामर्श लेंगे टाटा स्टील ने कहा कि नौकरियों की कटौती पर वैधानिक परामर्श ली जाएगी, लेकिन इसके लिए किसी समयसीमा की जानकारी नहीं दी गई है। भारतीय कंपनी टाटा स्टील ने कहा है कि स्वैच्छिक रूप से नौकरी छोड़ने का मौका दिया जाएगा और प्रभावित कर्मचारियों की मदद के लिए 130 मिलियन पाउंड का सपोर्ट पैकेज दिया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा- पहली ब्लास्ट फर्नेस 2024 के मध्य में बंद हो जाएगी टाटा स्टील में छंटनी की खबर कंपनी की ओर से साउथ वेल्स में पोर्ट टालबोट संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस को बंद करने की योजना को आगे बढ़ाने की घोषणा के बाद आई है। टाटा स्टील ने कहा कि पहली ब्लास्ट फर्नेस 2024 के मध्य में बंद हो जाएगी और शेष भारी परिसंपत्तियों को साल की दूसरी छमाही के दौरान बंद कर दिया जाएगा। कार्बन उत्सर्जन में कटौती रोकने के लिए कंपनी ने उठाया कदम सितंबर में स्टील की दिग्गज कंपनी ने कहा था कि उसने उत्सर्जन में कटौती और वित्तीय घाटे को रोकने के लिए और सस्ते, हरित स्टील उत्पादन की ओर बढ़ने के लिए 500 मिलियन पाउंड करदाता नकदी हासिल की है।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले होंगे 25,000 कार्यक्रम, बाजार में राम नाम वस्तुओं की धूम

**नई दिल्ली।**

अयोध्या में होने वाले राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से 48 घंटे पहले देशभर में लगभग 25 हजार बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मार्केट में राम नाम की वस्तुओं की बिक्री का बूम आ गया है। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले देश में एक लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने का जो अनुमान लगाया था, वह अपने लक्ष्य के करीब जा पहुंचा है। चूंकि अभी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रारंभ होने में 48 घंटे बचे हैं, इसलिए संभव है कि कारोबार का वह आकड़ा, उस अनुमान के पार पहुंच जाएगा। 22 जनवरी को देशभर के बाजारों में महा दीपावली का उत्सव मनेगा। खंडेलवाल के मुताबिक, दिल्ली सहित देश के दूसरे हिस्सों में लोग, राम के रंग में पूरी तरह से रंगते हुए नजर आ रहे हैं। चारों तरफ राम ही राम के नाम की धूम है। लोगों में राम के प्रति उत्साह और उल्लास देखते ही बन रहा है। कैट के तहत आने वाले हजारों छोटे बड़े व्यापारिक संगठनों ने राम उत्सव के लिए बड़ी तैयारियां की हैं। 22 जनवरी को भारत भर में मेरे राम का बड़ा जयघोष होना तय है। कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया के अनुसार, 19 दिसंबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं विश्व हिंदू परिषद ने दिल्ली में कैट के प्रमुख व्यापारिक नेताओं के साथ एक बैठक की थी। इसमें दिल्ली सहित देश भर के बाजारों को राम मय करने का आग्रह किया गया था। उसके बाद देशभर के सभी व्यापारी संगठन श्रीराम के काज में जुट गए। चारों तरफ श्रीराम के कार्यक्रमों की बाढ़ सी आ गई है। देशभर में कहीं शोभा यात्रा निकल रही हैं, तो कहीं राम चौकी का आयोजन हो रहा है। कहीं हनुमान चालीसा का पाठ किया जा रहा है, तो कहीं राम संवाद के कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। बाजारों में श्रीराम फेरी निकाली गई हैं। श्रीराम की कीर्तन यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए हैं। अनेक शहरों में श्रीराम मंदिर की कृति बनाई गई हैं। दिल्ली के बाजार, राम झंडों से सज गए हैं। 22 जनवरी को बाजारों को रोशनी से जगमग करने की व्यापक तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। श्रीराम से संबंधित वस्तुओं की बड़े पैमाने पर बिक्री हो रही है। चाहे वो राम मंदिर के मॉडल हों या फिर राम ध्वज, राम पटका, माला, लाकेट, हाथ के कढ़ें या फिर श्रीराम के लॉकेट, ऐसी वस्तुओं की बाजार में भारी मांग है। बड़ी संख्या में हुए संगीतमय कार्यक्रमों से छोटे कलाकारों को काम मिला है। भंडारे करने के लिए हलवाई और कैटर्स की कमी पड़ गई है। खंडेलवाल ने बताया, 21 और 22 जनवरी को देशभर में करीब 25 हजार कार्यक्रम आयोजित होंगे। दिल्ली की बात करें, तो यहां पर छोटे बड़े 3,000 से अधिक कार्यक्रम होने जा रहे हैं। दिल्ली के चांदनी चौक के गौरीशंकर मंदिर से एक विशाल श्रीराम शोभा यात्रा निकाली जाएगी। दो दिनों में बड़े पैमाने पर श्री सुंदरकांड के पाठ होंगे। देश भर के बाजारों में एलईडी लगाकर अयोध्या धाम से सीधा प्रसारण लोगों को दिखाया जाएगा। लोग अपनी दुकानों और घरों को फूलों एवं रोशनी से सजाने लगे हैं। बाजारों और व्यापारियों के घरों में महा दीपावली का आयोजन होगा। 22 जनवरी को दिल्ली में एक हजार से अधिक स्थानों पर भंडारे आयोजित होंगे। कैट ने 1 जनवरी को दिल्ली के गौरीशंकर मंदिर से हर शहर अयोध्या-घर घर अयोध्या राष्ट्रीय अभियान शुरू किया था। एक मोटे अनुमान के अनुसार अब तक दिल्ली में 300 से अधिक श्रीराम संवाद हुए हैं। वहीं बाजार में 500 से अधिक श्री राम फेरी निकाली गई हैं। 22 जनवरी तक दिल्ली में लगभग 200 छोटी-बड़ी श्रीराम शोभा यात्रा निकाली जाएंगी। 200 से अधिक संगीतमय कार्यक्रम हो चुके हैं। कैट ने श्रीराम पर एक मधुर गीत हर साज पर राम बजे 18 जनवरी को ही रिलीज किया है। बाजारों को सजाने के लिए राम झंडे, पटके, टोपी, टी शर्ट व राम मंदिर की आकृति के छपे कुर्ते आदि की जबरदस्त मांग है। जिस तरह से राम मंदिर के मॉडल की मांग में तेजी से वृद्धि हुई है, उसको देखते हुए देश भर में पांच करोड़ से अधिक मॉडल की बिक्री होने की संभावना है।



### श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद नाम से मिठाई बेचने के लिए अमेजन को नोटिस, सात दिनों में मांगा जवाब

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद के नाम से मिठाई बेचने के लिए अमेजन को नोटिस जारी किया है। एक सरकारी बयान में कहा गया है कि सीसीपीए ने नोटिस जारी होने के सात दिनों के भीतर अमेजन से जवाब मांगा है। अन्यथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ आवश्यक कार्रवाई शुरू की जाएगी। मुख्य आयुक्त रोहित कुमार सिंह की अध्यक्षता में, सीसीपीए ने 'श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद' नाम के तहत 'डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमेजन डॉट इन' पर मिठाइयों की बिक्री के संबंध में अमेजन सेलर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के प्रतिवेदन के आधार पर शुरू की गई है। प्रतिवेदन में आरोप लगाया गया है कि अमेजन श्री राम मंदिर अयोध्या प्रसाद की आड़ में मिठाइयों की बिक्री से जुड़ी भ्रामक व्यापार गतिविधियों में शामिल है।

# चुनावी साल में राजकोषीय घाटा कम करने पर रह सकता है सरकार का जोर पूंजीगत व्यय पर जारी रहेगा फोकस



**नई दिल्ली ।**

अर्थशास्त्रियों पर रॉयटर्स की ओर से किए गए एक पोल के अनुसार पूंजीगत व्यय को सर्वकालिक उच्च स्तर पर उठाने के बावजूद भारत सरकार 2024-25 वित्तीय वर्ष में कम घाटे का लक्ष्य रखेगी। अर्थशास्त्रियों का यह भी मानना है कि बुनियादी ढांचे में निवेश सरकार की प्राथमिकता बनी रहेगी। चुनावी वर्ष में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के तीसरे कार्यकाल के कयास लगाए जा रहे हैं अंतरिम बजट से लोकलुभावन उपायों और राजकोषीय विवेक के बीच संतुलन बनाने की उम्मीद की जा रही है। सरकार 2025-26 वित्तीय वर्ष के अंत तक राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.50 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य लेकर चल रही है, जो चालू वर्ष में मार्च 2024 के अंत तक 5.90 प्रतिशत है। 41 अर्थशास्त्रियों पर 10 से 19 जनवरी के बीच हुए पोल से पता चला है कि 1 फरवरी को पेश होने वाले बजट में 2024-25 में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय घाटे को 5.30 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य रखा गया है। सर्वे के अनुसार 2025-26 में 4.5 फीसदी के घाटे के लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुल व्यय में औसतन प्रति वित्त वर्ष सात फीसदी से अधिक की वृद्धि की जरूरत नहीं होगी ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के प्रमुख अर्थशास्त्री एलेक्जेंड्रा हरमन ने कहा, आने वाले वर्षों में व्यय में और भी आक्रामक कटौती की संभावना है। पूंजीगत खर्च पहले ही इस वित्तीय वर्ष में 33 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 10 ट्रिलियन रुपये (.120 बिलियन) हो गया है और निजी निवेश में वृद्धि की उम्मीद के साथ अगले वित्तीय वर्ष में इसके 15 प्रतिशत बढ़कर 11.50 ट्रिलियन रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। हरमन ने कहा, निजी निवेश चक्र को पुनर्जीवित करने के लिए भारत के बुनियादी ढांचे में निरंतर और तेजी से सुधार सर्वोपरि होगा। भारत की विशाल क्षमता का लाभ उठाने और मध्यम से लंबी अवधि में सतत और समावेशी विकास सुनिश्चित करने के लिए, मानव संसाधन में सुधार करने की आवश्यकता होगी, यही कारण है कि शिक्षा पर खर्च सरकार की मुख्य प्राथमिकता होनी चाहिए।

# अमेरिकी टेक कंपनी के भारतीय मूल के सीईओ की स्टेज शो के दौरान हुए हादसे के बाद मौत, अध्यक्ष गंभीर

**नई दिल्ली ।**

अमेरिका में रहने वाले भारतीय सीईओ और एक बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कंपनी के संस्थापक की हुए रामोजी फिल्म सिटी (आरएफसी) में एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम के दौरान लोहे के पिंजरे का कोंटरापशन गिरने से मौत हो गई और इसके अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा विस्ट्रेक्स एशिया पैसिफिक प्राइवेट लिमिटेड के सिल्वर जुबली कार्यक्रम के दौरान हुआ। इलिनोइस स्थित सीईओ संजय शाह (56) का हैदराबाद में एक अस्पताल में निधन हो गया, जबकि कंपनी के अध्यक्ष विश्वनाथ राजू डाटला जिंदगी और मौत से जूझ रहे हैं। विस्ट्रेक्स ने आरएफसी में अपने कर्मचारियों के लिए कमरे बुक किए थे और दो दिनों में रजत जयंती समारोह आयोजित करने की योजना बना रहा था। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा, शाह और राजू को पिंजरे से मंच पर उतारा जाना समारोह की शुरुआत करने के लिए पहले से तय कार्रक्रम था। उसी दौरान हादसा हो गया।

यह दुर्घटना शाम सात बजकर 40 मिनट पर हुई जब शाह और राजू को रस्सियों की मदद से लोहे के पिंजरे में ऊंचाई से नीचे मंच पर लाया जा रहा था। अचानक, पिंजरे से जुड़े दो तारों में से एक टूट गया। दोनों 15 फीट से अधिक नीचे कंक्रीट के मंच पर गिर गए। अब्दुल्लापुरमेट पुलिस स्टेशन के सब-इंस्पेक्टर डी करुणाकर रेड्डी ने मीडिया को को बताया, इससे कई चोटें आईं। दुर्घटना के समय, संगीत बजाया जा रहा था और शाह और राजू नीचे उतरते समय अपने कर्मचारियों की ओर हाथ हिला रहे थे।



हादसे के बाद उन्हें एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और बाद में हालत बिगड़ने पर एक कॉरपोरेट अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

# एमएसएमई की बजट में विशेष पैकेज की मांग, छोटे उद्योगों को सस्ता कर्ज मिलने से बढ़ेगी जीडीपी की रफ्तार

**नई दिल्ली ।**

सूक्ष्म, छोटे एवं मझोले (एमएसएमई) उद्योगों ने बजट में वित्त मंत्री से राहत देने की अपील की है। इनकी मांग है कि प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों पर संस्थागत कर्ज की अधिक उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। इसके लिए विशेष पैकेज दिया जाए, ताकि छोटे उद्योग पांच लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी बनाने में प्रमुख भूमिका निभा सकें।

सीआईआई दिल्ली के अध्यक्ष पुनीत कौरा ने कहा, एमएसएमई क्षेत्र की मुख्य समस्याओं में से एक प्रतिस्पर्धी लागत पर समय पर कर्ज की उपलब्धता है। हम चाहते हैं कि अंतरिम बजट में एक विशेष पैकेज लाया जाए, ताकि छोटी और मझोली कंपनियों को कर्ज पाने में परेशानी न हो। यह क्षेत्र सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, रक्षा और चिकित्सा उपकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी भारत की क्षमताओं को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। डेलॉय ने कहा, एमएसएमई के लिए पूंजी प्रवाह में जोखिम घटाने की जरूरत है। सिर्फ 6 फीसदी एमएसएमई ही ई-कॉमर्स मंचों पर उत्पाद बेचते हैं। डिजिटल कॉमर्स को बढ़ावा देने के लिए छोटे उद्योगों को मजबूत करने की जरूरत है।



**बैंकों और एमएसएमई के बीच बेहतर हो संबंध** - फेडरेशन ऑफ इंडियन माइक्रो एवं स्मॉल एवं मीडियम एंटरप्राइजेज (फिस्मे) ने कहा, बैंकों और एमएसएमई के बीच संबंध सही नहीं हैं। मामला काफी हद तक बैंकों के पक्ष में है। बैंकिंग क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का अभाव है, क्योंकि 75 फीसदी बैंक सरकारी हैं। साथ ही, कमजोर नियामक बैंकों की ग्राहक केंद्रित सुविधाओं को सुनिश्चित करने में सफल नहीं हो रहा है।

# अयोध्या में रामायण, नोएडा में महाभारत की थीम पर बनेगा मनोरंजन पार्क, बदल रही पार्कों की थीम

**नई दिल्ली ।**

सप्ताहांत में अपने परिवार के साथ मनोरंजन पार्कों में जाकर समय बिताना लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। यहां बच्चों को झूले और अन्य खेलों का आनंद मिल जाता है, तो बड़ों को खुले में बैठने और बातचीत करने और खाने-पीने का मजा मिलता है। मनोरंजन पार्कों में लोगों की इसी पसंद को ध्यान में रखकर सुविधाएं विकसित की जाती हैं। लेकिन देश में अब आध्यात्म की थीम पर पार्क-गेम जोन विकसित करने की सोच बढ़ रही है। लोगों की इसी पसंद को ध्यान में रखते हुए नोएडा में महाभारत थीम पर मनोरंजन पार्क विकसित किया जा रहा है, तो जल्द ही अयोध्या के आसपास रामायण की थीम पर पार्क विकसित करने की योजना है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसके पहले ही नोएडा में वेद वन पार्क का उद्घाटन कर चुके हैं, जो लोगों के बीच खूब लोकप्रिय हो रहा है।

इंडियन एसोसिएशन ऑफ एम्यूजमेंट पार्क्स एंड इंडस्ट्रीज के चेयरमैन श्रीकांत गोयनका ने अमर उजाला से कहा कि 2014 के बाद से ही केंद्र सरकार लगातार आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। वाराणसी में काशी विश्वनाथ, उज्जैन में महाकाल मंदिर के विकास और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से पूरे देश में लोगों का आध्यात्मिक गतिविधियों के प्रति रुझान बढ़ा है। धार्मिक पर्यटन भी लगातार नई ऊंचाई को प्राप्त कर रहा है।

इसी क्रम में लोग अब अपने परिवार के साथ ऐसे पार्क या एम्यूजमेंट जोन में जाना पसंद कर रहे हैं, जहां उन्हें आध्यात्मिक अनुभूति के साथ मनोरंजन भी मिले। इससे बच्चों को अपनी संस्कृति की जानकारी मिलती है और उनका मनोरंजन भी हो जाता है। साथ ही वयस्कों को भी ध्यान लगाने की विधियों के बारे में जानने को मिलता है। यही कारण है कि अब उन्हें लगातार ऐसे थीम आधारित पार्क या एम्यूजमेंट जोन बनाने के ऑर्डर लगातार मिल रहे हैं।




**महाभारत जोन में बच्चों के लिए यह होगा खास** - श्रीकांत गोयनका ने कहा कि नोएडा की एक बेहद हॉट लोकेशन पर महाभारत की थीम पर आधारित पार्क-एम्यूजमेंट जोन विकसित किया जा रहा है। यहां आकर बच्चों को ऐसे जोन में खेलने का अनुभव मिलेगा, जहां भगवान कृष्ण वर्चुअल तरीके से गीता का ज्ञान देते दिखाई पड़ेंगे। साइंस पार्क की थीम पर बच्चों को एक ऐसे विशेष जोन में खेलने का अनुभव मिलेगा, जिसमें वे प्राचीन योद्धाओं की तरह स्वयं एक खिलाड़ी बनकर प्राचीन युद्ध शैली में लड़ाई करने का वर्चुअल अनुभव ले सकेंगे। पूरा परिसर महाभारत कालीन थीम पर आधारित है। ये बेहद आकर्षक होगा। अगले दो साल के अंदर यह एम्यूजमेंट जोन विकसित कर दिया जाएगा।

**अयोध्या में रामायण की थीम पर होगा पार्क** - अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन के साथ ही पर्यटकों की संख्या में भारी वृद्धि होने का अनुमान है। इसमें घरेलू से लेकर अंतरराष्ट्रीय पर्यटक भी शामिल होंगे। इसे देखते हुए अयोध्या के परिसर के आसपास रामायण की थीम पर रामायण पार्क-एम्यूजमेंट जोन विकसित किया जाएगा। इसी प्रकार की योजना काशी-उज्जैन को लेकर भी बनाई जा रही है और आने वाले समय में इस तरह के कई प्रोजेक्ट सामने आ सकते हैं।

**मॉल में भी थीम बदल रही** - आजकल मॉल्स में घूमना और खरीदारी करना लोगों की पहली पसंद बन चुका है। इन मॉल्स में बच्चों के लिए विशेष एम्यूजमेंट जोन विकसित किए जाते हैं। अब इन एम्यूजमेंट जोन में भी आध्यात्मिक थीम पसंद की जा रही है। दिल्ली-एनसीआर के कई मॉल में आने वाले समय में आध्यात्मिक थीम पर एम्यूजमेंट जोन दिखाई पड़ सकते हैं।

**योगी विकसित कर चुके वेद वन पार्क** - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जून 2023 में नोएडा के सेक्टर 78 में वेद वन पार्क का उद्घाटन किया था। इसमें वेदों की ऋचाएं, वेदों के मंत्र और दिव्य जड़ी बूटियों के वृक्ष देखे जा सकते हैं। आगंतुकों के बीच विशेष लेजर शो बहुत लोकप्रिय है, जिसमें भारत की संस्कृति को बहुत आधुनिक तरीके से प्रस्तुत किया जाता है।

**रोजगार का भारी अवसर भी** - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यात्म के जरिए लोगों को रोजगार देने की योजना कारगर होती दिखाई पड़ रही है। इस समय यह पूरा सेक्टर 11,500 करोड़ वार्षिक टर्नओवर वाला बिजनेस बन चुका है। इस सेक्टर में लगभग एक लाख लोगों को प्रत्यक्ष और दस लाख के करीब लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। इस क्षेत्र में 500 बड़े खिलाड़ियों के साथ-साथ हजारों छोटे-छोटे उद्यमी भी इस सेक्टर में अपना हाथ आजमा रहे हैं। सेक्टर लगभग 15 फीसदी प्रति वर्ष की दर से आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में इस सेक्टर में और मांग बढ़ने की उम्मीद है।


# मिजार्पुर सीजन 3 के जल्द स्ट्रीम होने की संभावना

## -नए अपडेट से दर्शकों के बीच अच्छा-खासा उत्साह




**मुंबई (ईएमएस)।** ओरिजनल सीरीज मिजार्पुर का 3रा सीजन जल्द ही प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने की सम्भावना है। मिजार्पुर सीजन 3 के कास्ट ने ऑफिशियल रूप से एक अपडेट से पर्दा हटाया है। इस नए अपडेट से दर्शकों के बीच अच्छा-खासा उत्साह है। इस सीरीज में प्लॉट और शानदार एक्टिंग के साथ खुद के लिए एक खास जगह बनाई है। जिससे यह लगातार चर्चा का विषय बना हुआ है। मिजार्पुर 3 की वापसी प्राइम वीडियो पर नई सीरीज के डेब्यू के कारण हल्की देरी का सामना कर रहा है। मिजार्पुर सीजन-3 का प्रीमियर मार्च 2024 के आखिरी हफ्ते में लांच करने का प्लान बनाया गया है। हालांकि ऑफिशियल रिलीज डेट की अभी तक कोई पुष्टि नहीं की गई है लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स से जानकारी मिली है कि सभी फिल्मिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन पूरा कर लिया गया है। इस वेब सीरीज के तीसरे सीजन को लेकर कलाकार पंकज त्रिपाठी ने बड़ी बात कही है। मीडिया से बात करते हुए पंकज त्रिपाठी ने बताया कि पार्टिसिपेंट सीजन 3 इसी साल (2024) रिलीज होने वाला है। एक्टर ने बताया कि उनकी डबिंग अभी बाकी है। फैंस मिजार्पुर के तीसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो यह सीरीज नवंबर 2024 में अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज हो सकती है। मिजार्पुर सीजन 3 में जबरदस्त कास्टिंग है जो अपनी अच्छी तरह से जानी जाने वाले रोल्स को दोहराती है। पंकज त्रिपाठी कालीन भैया के रूप में वापस आ चुके हैं, अली फजल गुड्डू पंडित के रूप में वापस आते हैं जो बदले की तलाश में हैं, और श्वेता त्रिपाठी शर्मा अपने मजबूत गजगमिनी गोलू गुप्ता की भूमिका को फिर से निभाती हैं। इसके साथ रसिका दुग्गल पहले की तरह बीना का रोल करते हुए दिखाई देंगी। बता दें कि वेब सीरीज की दुनिया में प्राइम वीडियो की ओरिजनल सीरीज मिजार्पुर का अपना एक अलग मुकाम है। इस सीरीज ने दर्शकों की असीमित संख्या को अपने साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त की थी।

# राम मंदिर निर्माण के लिए प्रभास ने दिए 50 करोड़ रुपये! जानें क्या है सच्चाई



22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह का है। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोगों के अलावा कई मशहूर हस्तियों को भी आमंत्रित किया गया है। ऐसे में यह बात सामने आई थी कि बॉलीवुड के कई कलाकारों ने राम मंदिर के लिए हिस्सेदारी ली है। वहीं अब एक साउथ अभिनेता प्रभास द्वारा इस समारोह के लिए 50 करोड़ रुपये देने की बात चल रही है। कहा जा रहा था कि 22 जनवरी को वह वहां पर भोजन का खर्चा भी उठाएंगे। हालांकि इस पूरे मामले की सच्चाई प्रभास की टीम ने बता दी है। प्रभास की टीम के एक शख्स ने कहा है कि यह जानकारी गलत है। उन्होंने मीडिया से इस पर बात करते हुए कहा, 'प्रभास ने राम मंदिर के लिए 50 करोड़ रुपये का दान नहीं दिया है। उन्होंने यह भी नहीं कहा है कि वह प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए भोजन का खर्च नहीं उठा रहे हैं।' तो ये साफ है कि प्रभास ने ऐसा कोई दान नहीं किया है। प्रभास साउथ सिनेमा के एक लोकप्रिय अभिनेता हैं। ओम राउत की "आदिपुरुष" में प्रभास ने प्रभु श्रीराम का किरदार निभाया था। वीएफएक्स और डायलॉग की वजह से फिल्म विवादों में फंस गई थी। प्रभास के साथ कृति सेनन और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में हैं।

# पहले फोन नंबर और अब डुप्लीकेट इंस्टाग्राम अकाउंट! विद्या बालन चिंतित



विद्या बालन एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो अपने बहुमुखी अभिनय से प्रशंसकों के दिलों पर राज करती हैं। उन्होंने अब तक अनगिनत फिल्मों में अभिनय कर मनोरंजन जगत में अपनी एक अलग छवि बनाई है। इस समय एक्ट्रेस विद्या बालन एक अलग वजह से चर्चा में हैं।

दरअसल, इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस विद्या बालन के नाम से फर्जी अकाउंट चलाया जा रहा है। इस बात की जानकारी खुद विद्या ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी। एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर संबंधित फेक अकाउंट की जानकारी दी है। अक्सर कुछ फैंस अपने पसंदीदा कलाकारों के नाम पर फैन अकाउंट चलाते हैं लेकिन इसके उलट एक फैन विद्या बालन के नाम का गलत इस्तेमाल करते हुए इंस्टाग्राम पर अकाउंट चला रहा है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में विद्या कहती हैं, सभी को नमस्कार, पहले कोई मेरे फोन नंबर और अब मेरे नाम का इस्तेमाल कर फर्जी अकाउंट चला रहा है। इस अकाउंट के जरिए वह मेरे नाम का गलत इस्तेमाल कर रहा है और लोगों से संपर्क कर रहा है। मेरी टीम ने इस फर्जी अकाउंट संचालक के खिलाफ रिपोर्ट की है। अब आप भी इस फर्जी अकाउंट के खिलाफ रिपोर्ट करें और इस अकाउंट को ब्लॉक कर दें। ऐसा ही एक पोस्ट विद्या बालन ने किया है।

# किरण राव ने शेयर की आइरा की शादी खूबसूरत तस्वीरें



बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान की बेटी आयरा खान और नुपुर शिखरे शादी के बंधन में बंध गए है। उनकी शादी से जुड़ी कई तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। वहीं अब आइरा की सौतेली मां किरण राव ने इंस्टा पर शादी से जुड़ी कई तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह खूब मस्ती करती दिख रही हैं। शादी में आयरा, नुपुर, किरण, आमिर, आजाद और रीना सभी मस्ती कर रहे हैं। किरण ने आयरा की शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा-एक बेहद मजेदार शादी की कुछ झलकियां। हम हंसे, गाए, नाचे, गले मिले, पोज दिए और यहां तक कि ठंडक भी महसूस की।

बता दें मुंबई में 3 जनवरी को कोर्ट मैरिज करने के बाद आयरा और नुपुर ने 10 जनवरी को उदयपुर में शादी की थी। कपल ने क्रिश्चन मैरिज की थी।

# रामायण को लेकर चर्चाओं में नितेश तिवारी



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड निर्देशक नितेश तिवारी अपनी अगली मेगा बजट फिल्म रामायण को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। यह फिल्म जहाँ अपने बजट को लेकर चर्चाओं में है, वहीं इस फिल्म की स्टार कास्ट ने भी दर्शकों को अपने साथ अभी जोड़ने में सफलता प्राप्त कर ली है। दर्शक इस फिल्म की हर छोटी से छोटी जानकारी को लेकर खासे उत्सुक हैं। बताया जा रहा है कि नितेश तिवारी की यह फिल्म लगभग 500 करोड़ के बजट में बनकर तैयार होगी और सम्भवतः जब तक इसका प्रदर्शन होगा, तब यह हिन्दी सिनेमा की सबसे बड़ी मेगा बजट फिल्म होगी। मार्च 2024 में फ्लोर पर जाने वाली नितेश तिवारी की रामायण में राम की भूमिका के लिए रणबीर कपूर और सीता की भूमिका के लिए दक्षिण भारत की ख्यातनाम अभिनेत्री साई पल्लवी को लिया गया है। केजीएफ से पैन इंडिया स्टार बने अभिनेता यश को रावण की भूमिका के लिए चुना गया है। वहीं अब तीन और महत्वपूर्ण किरदारों के लिए, लारा दत्ता, सनी देओल और बॉबी देओल को लेने की बात सामने आ रही है। बड़े पैमाने पर बनाई जा रही मूवी रामायण फिल्म में कैकेयी के रोल के लिए लारा दत्ता को फाइनल किया जा सकता है। कैकेयी रामायण का वो मुख्य किरदार है, जिसके बिना रामायण नहीं होती। बताया जा रहा है कि नितेश तिवारी ऐसे अभिनेताओं को लेना चाहते हैं जो भारतीय इतिहास की सबसे बड़ी कहानी के पात्रों को करने में सक्षम हों। उनका मानना है कि लारा दत्ता राजा दशरथ की तीसरी पत्नी रानी कैकेयी की भूमिका निभाने के लिए बिल्कुल सही हैं।

यह एक बड़ा रोल है जो रामायण में पूरे संघर्ष को दिखाता है और लारा नितेश तिवारी की फिल्म को लेकर एक्साइटेड हैं। बताया जा रहा है कि निमार्ताओं ने इन दिनों अपने अभिनय और पुनः प्राप्त सफलता के चलते दर्शकों में छाए देओल बंधु-सन्नी देओल और बॉबी देओल-को अपने इस मेगा प्रोजेक्ट में जोड़ने का फाइनल निर्णय ले लिया है। सन्नी देओल को भगवान हनुमान की भूमिका में और बॉबी देओल को रावण के भाई कुंभकरण की भूमिका के लिए फाइनल किया जा सकता है। बता दें कि नितेश तिवारी ने हिन्दी सिनेमा में अपना एक अलग मुकाम अपनी फिल्मों के जरिये बनाने में सफलता हासिल की है। दर्शकों को उनकी फिल्मों का इंतजार रहता है। गत वर्ष प्रदर्शित उनके निर्देशन में बनी फिल्म बवाल, जो सीधे ओटीटी प्लेटफार्म पर प्रदर्शित हुई थी ने दर्शकों को अपने साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त की थी।


# वेब सीरीज का जमकर प्रमोशन कर रही रवीना

## -सीरीज जल्द ही ओटीटी पर होने वाली है स्ट्रीम



**मुंबई (ईएमएस)।** बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन इन दिनों अपनी वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग का जमकर प्रमोशन कर रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस ने पिछले प्रोजेक्ट्स से जुड़े कई मजेदार खुलासे भी किये। रवीना टंडन ने बताया कि उन्होंने करण जौहर की पहली फिल्म कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट कर दिया था। एक इंटरव्यू में कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट करने के पीछे का कारण बताते हुए एक्ट्रेस ने बताया - उस वक्त मुझे समझ नहीं आया। काजोल और मैं उस वक्त एक दूसरे के कॉम्पिटीटर थे। फिल्म में हम दोनों ही लीड रोल में थे लेकिन मेरा रोल काजोल से नीचे था और छोटा था इसलिए मैं इसी नहीं करना चाहती थी। रवीना टंडन अपनी अपकमिंग वेब सीरीज कर्मा कॉलिंग को प्रमोट करने में लगी हुई हैं। इस दौरान एक्ट्रेस कई इंटरव्यू दे रहे हैं जहां एक इंटरव्यू के दौरान कुछ-कुछ होता है को रिजेक्ट करने पर करण जौहर के रिएक्शन के बारे में बात करते हुए कहा -करण आज भी मुझसे उस रोल को ना करने के लिए जवाब मांगता रहता है। मैं उससे कहती हूं कि यार तू मुझसे और कुछ भी करा ले। यही नहीं धर्मा प्रोडक्शन की एक और कोई फिल्म थी जिसे मैं और वरुण सूद साथ में करने वाले थे लेकिन अफसोस ऐसा हो नहीं सका रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग की बात करें तो, इस सीरीज का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। जिसे काफी पसंद किया जा रहा है।

# आर माधवन ने शैतान का पोस्टर किया आउट!




बॉलीवुड के मल्टी टैलेंटेड आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी नई फिल्म शैतान का पोस्टर साझा किया, जो 8 मार्च को रिलीज होगी। विकास बहल द्वारा निर्देशित, ब्लैक मैजिक हॉरर फिल्म में अजय देवगन, ज्योतिका और जानकी बोदीवाला भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। जारी किये गए पोस्टर में वूडू डॉल की एक सीरीज दिखाई गई है, जिसे साल की सबसे मनोरंजक सुपरनेचुरल फिल्म करार दिया गया है। माधवन की पिछली हॉरर फिल्म, 13बीः फियर हैज ए न्यू एड्रेस, एक आदमी के नए खरीदे गए अपार्टमेंट में सुपरनेचुरल अनुभवों की कहानी है। शैतान को जियो स्टुडियोज, अजय देवगन एफफिल्म्स और पैनोरमा स्टूडियोज इंटरनेशनल द्वारा प्रस्तुत किया गया है। साथ ही यह फिल्म देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक द्वारा निर्मित है।

# प्रभास की सुपरहिट 'सालार' ओटीटी पर होगी रिलीज




केजीएफ डायरेक्टर प्रशांत नील की फिल्म सालार ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। अब सालार की ओटीटी रिलीज की घोषणा कर दी गई है। फिल्म सालार 2023 की सुपरहिट फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। फिल्म सालार सिनेमाघरों में रिलीज होने के लगभग एक महीने बाद ओटीटी पर रिलीज होगी। सालार की ओटीटी रिलीज हिंदी दर्शकों को निराश कर सकती है, क्योंकि यह फिल्म ओटीटी पर चार भाषाओं तेलुगु, तमिल, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रही है। फिल्म की हिंदी डब रिलीज के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। फिल्म सालार में प्रभास के साथ पृथ्वीराज सुकुमारन, श्रुति हासन, ईश्वरी राव, श्रिया रेड्डी, टीनू आनंद और जगपति बाबू अहम अहम भूमिका में हैं। फिल्म की कहानी की बात करें तो यह फिल्म काल्पनिक शहर खानसर पर आधारित है और दो दोस्तों देवा और वर्धा के इर्द-गिर्द घूमती है। प्रभास की फिल्म सालार ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार कमाई की है। भले ही इसे रिलीज हुए करीब 1 महीना हो गया है, लेकिन इस फिल्म का क्रेज कम नहीं हुआ है।

# एनिमल प्रिंट ड्रेस में दिखीं बियांका सेंसरी



रैपर कान्या वेस्ट की पत्नी बियांका सेंसरी को हाल ही में लॉस एंजेलिस की सड़कों पर देखा गया। इस दौरान हसीना का बोल्ड लुक देखने को मिला। लुक की बात करें तो एनिमल प्रिंटेड ऑफ शोल्डर ड्रेस में बेहद हॉट लग रही हैं। उन्होंने अपने इस लुक के साथ लान्ग कोट पेयर किया था। बियांका सेंसरी ने मिनिमल मेकअप, न्यूड लिपस्टिक से लुक को पूरा किया। आउटिंग के लिए कान्या वेस्ट की पत्नी ने लान्ग बूट्स पेयर किए थे। फैंस उनकी इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

# महाकाल के दर्शन में रंगी मुस्कान बामने



टीवी सीरियल अनुपमा में नजर आने के बाद मुस्कान बामने की पॉपुलेरिटी काफी बढ़ गई है। सीरियल में मुस्कान ने पाखी के किरदार में बखूबी निभाया है और खूब सुर्खियां बटोरी थी। वहीं, अब शो छोड़ने के बाद भी वह काफी चर्चा में रहती हैं। अब हाल ही में मुस्कान बामने परिवार के साथ उज्जैन महाकाल के दर्शन करने पहुंची, जिसकी तस्वीरें इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में एक्ट्रेस अपनी फैमिली के साथ भक्ति के रंग में रंगी नजर आ रही हैं। इस दौरान उनका साड़ी में ट्रेडिशनल लुक देखने को मिल रहा। तस्वीरों में एक्ट्रेस महाकाल की भक्ति में खूब रमीं दिख रही हैं। उनके फैंस को एक्ट्रेस की फोटोज खूब पसंद आ रही हैं और कमेंट कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। अब मेकर्स एक्ट्रेस के रोल पाखी को मां के रूप में दिखाने की प्लानिंग कर रहे थे और इसी वजह से मुस्कान ने यह शो छोड़ दिया है।

## सूडोकु नवताल- 6679

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6678 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्दजाल - 7426

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्र | अ | मे | क | रा | म | रा | ज | र | प | म |
| न | द | क | म | व | डो | ने | ग | ति | मा | हा |
| अ | रा | र | ला | ण | ग | अं | द | ह | प | रा |
| जी | ज | ल | का | रा | न | स | ध | ह | लि | ज |
| त | अ | अ | र | ज | जा | मे | ह | का | न | दे |
| अ | ना | का | र | व | प | धि | त | ह | र | वि |
| ए | स्व | रा | ज | व | अ | ला | रा | मा | न | रा |
| त | न | भा | र | प | र्व | त | रा | ज | वि | ज |
| रा | न | बा | अ | लं | का | र | ह | न | जू | दे |
| ज | का | ति | मा | न | सिं | ब्रा | रु | का | प | श |
| बां | र | मे | घ | रा | ज | स | त्ता | प | र | र |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'राज' लगा हो. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

रामराज, रावणराज, मेघराज, राजाधिराज, एतराज, पर्वतराज, महाराज, विराज, दराज, स्वराज

### शब्दजाल - 7425 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | मू | ल्य | वा | न | ग | ल | य |
| रा | वि | प | प्रे | क | न्या | स | द | ज | कां | भा |
| चु | मे | ष | ह | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ग्य |
| इं | को | ब | न | ल | वा | स | थु | ल | ष | वा |
| डि | च | मी | भ | ग | वा | न | क्रो | न | भ | न |
| य | वा | न | र | रा | क | न | ती | ण | य | र |
| द | न | र्नि | ग | ट्रे | न | र | स | सा | श | स |
| क | ह | ऊ | द | द | ब | क | फ | ग | वा | क |
| रा | म | तु | ला | या | म | प | क | वा | न | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | वा | कुं | भ | न | प | द |
| ज्ञा | न | वा | न | या | क | न | व्य | ब | त | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6379

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | | 2 | 4 |
| | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 5 | | 4 | | 1 | 6 |
| 6 | 30 | 3 | 27 | 1 | 33 | 5 |
| | 3 | | | 5 | 6 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | |
| 4 | 7 | | | | 2 | |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6378 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# टाटा ने फिर खरीदे आईपीएल के टाइटल राइट्स : 2028 तक टूर्नामेंट को स्पॉन्सर करेगा, एक सीजन के लिए 500 करोड़ देगा

**मुम्बई ।**

टाटा कंपनी ने एक बार फिर इंडियन प्रीमियर लीग के टाइटल राइट्स खरीद लिए। 5 साल के राइट्स कंपनी ने 2500 करोड़ रुपए में खरीदे, यानी एक आईपीएल सीजन के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को टाइटल स्पॉन्सर से 500 करोड़ रुपए मिलेंगे। इससे पहले भी टाटा के पास ही आईपीएल के टाइटल राइट्स थे। कंपनी ने 2022 में 730 करोड़ रुपए देकर 2023 तक के लिए राइट्स खरीदे थे।

**आदित्य बिड़ला ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई** – बीसीसीआई से टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदने के बाद कंपनियों ने बोली लगाई। इसमें आदित्य बिड़ला ग्रुप ने 2500 करोड़ रुपए की बोली लगाई। बीसीसीआई ने फिर पिछले स्पॉन्सर टाटा से पूछा कि क्या वे भी इतनी बोली लगाने को तैयार है। टाटा ग्रुप ने भी 2500 करोड़ की बोली लगाई और स्पॉन्सरशिप उन्हें मिल गई।

**एक महीने पहले टेंडर जारी किया था** – बीसीसीआई ने एक महीने पहले आईपीएल के टाइटल राइट्स बेचने के लिए टेंडर जारी किया था। राइट्स खरीदने में इंटरेस्टेड कंपनियों को बीसीसीआई से 5 लाख रुपए का टेंडर डॉक्यूमेंट खरीदना था। जिसकी आखिरी तारीख 8 जनवरी थी।

**चाइनीज कंपनियां स्पॉन्सर नहीं कर सकतीं** – बीसीसीआई ने अपने टेंडर डॉक्यूमेंट में ही साफ कर दिया था कि चीन की कंपनियां स्पॉन्सरशिप में बोली नहीं लगा सकतीं। भारत और चीन के बीच बॉर्डर और राजनीतिक विवाद के कारण बीसीसीआई ने चाइनीज कंपनियों से स्पॉन्सरशिप नहीं लेने का फैसला किया। इससे पहले 2021 में चीन की टेक कंपनी वीवो ही आईपीएल की टाइटल स्पॉन्सर रही थी।

**डीएलएफ सबसे पहली स्पॉन्सर कंपनी** – इस समय आईपीएल का टाइटल स्पॉन्सर टाटा है। यानी आईपीएल को सिर्फ आईपीएल नहीं, टाटा आईपीएल कहा जाएगा। मतलब लीग के नाम से पहले ब्रांड का नाम। जैसे 2008 में डीएलएफ आईपीएल कहा जाता था। इसे ही टाइटल स्पॉन्सरशिप कहते हैं, जिसके लिए कंपनियां बोली लगाकर डील हासिल करती हैं।

साल 2008 में टाइटल स्पॉन्सरशिप के लिए सालाना 50 करोड़ दिए गए थे, वहीं 2024 में ये आंकड़ा सालाना 500 करोड़ रुपए तक पहुंच गया। टाटा और बीसीसीआई के बीच 5 साल की डील हुई है, जिसके लिए टाटा ने कुल 2500 करोड़ दिए हैं।

**22 मार्च से शुरू हो सकता है आईपीएल** – इस साल आईपीएल का 17वां सीजन खेला जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार, टूर्नामेंट 22 मार्च से शुरू हो सकता है, लेकिन देश में लोकसभा चुनाव की तारीखें जारी नहीं होने के कारण अब तक आईपीएल शेड्यूल का ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है। पिछला टूर्नामेंट 31 मार्च से 28 मई 2023 तक चला था। तब चेन्नई सुपर किंग्स ने फाइनल में गुजरात टाइटंस को हराकर खिताब जीता था।

## न्यूज ब्रीफ

### बाउंसरों की तादाद बढ़ने से गेंद और बल्ले के बीच प्रतिस्पर्धा संतुलित होगी : उनादकट

मुम्बई । आईपीएल 2024 में इस बार गेंदबाज दो बाउंसर फेंक सकेंगे। तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट



ने कहा है कि आईपीएल के 17 वें सत्र में नये नियम लाने से गेंदबाजों को लाभ मिल सकता है। इस नये नियम के तहत फेंके जाने वाले बाउंसरों की तादाद बढाई जा सकती है। इसका लक्ष्य बल्ले और गेंद के बीच प्रतिस्पर्धा को संतुलित बनाने का प्रयास माना जा रहा है। नये नियम के तहत बाउंसरों की संख्या को एक से बढ़ाकर दो किया जा सकता है। वहीं अभी के नियम के मुताबिक एक गेंदबाज एक से ज्यादा बाउंसर नहीं डाल सकता है। अगर वह ऐसा करता है तो इस गेंद को नो बॉल करार दिया जाता है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस साल सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के दौरान इस नये नियम का ट्रायल किया गया था। इसके तहत मुश्ताक अली ट्रॉफी में गेंदबाजों को दो बाउंसरों की अनुमति मिली थी। उनादकट ने नए नियम का स्वागत करते हुए भविष्यवाणी की कि इससे गेंदबाजों को अतिरिक्त लाभ मिलेगा। उनादकट ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा, मुझे लगता है कि एक ओवर में दो बाउंसर बहुत फायदेमंद होते हैं और मुझे लगता है कि यह उन चीजों में से एक है जो गेंदबाज को बल्लेबाजों पर अतिरिक्त फायदा देता है। एक बाउंसर के नियम के दौरान बल्लेबाज को पता था कि कोई और बाउंसर अब नहीं आएगा। इस मामले में, भले ही आप ओवर के पहले भाग में एक धीमी बाउंसर फेंकते हैं, फिर भी आप एक और बाउंसर से बल्लेबाज को परेशानी में डाल सकते हैं। ऐसे में बल्लेबाजों को मुसीबत का सामना करना पड़ सकता है। उनादकट का कहना है कि इससे गेंदबाजों को यॉर्कर और धीमी गेंदों के अलावा डेथ ओवरों में एक और विकल्प मिलेगा।

### एकदिवसीय विश्वकप की हार को इस कारण नहीं भूल पा रहे रोहित, अब टी20 विश्वकप पर हैं नजरें

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा पिछले साल एकदिवसीय विश्वकप में मिली हार को



भुला नहीं पाये हैं। यह इसलिए कि रोहित इस खिताब को सबसे बड़ा पुरस्कार मानने हैं इसलिए इससे जीतना चाहते थे। भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया था और वह सभी मैच जीतकर फाइनल में पहुंची थी लेकिन वहां उसे ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इसी कारण रोहित अब भी उस हार को अभी तक नहीं भुला पाए हैं। वहीं रोहित से जब उस हार के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि वह हार के बारे में अब ज्यादा नहीं सोचना चाहते हैं क्योंकि उस हार से उन्हें और टीम को काफी दुख हुआ था। रोहित ने कहा देखिए, मैं अभी इसके बारे में नहीं सोचना चाहता। मेरा मानना है कि 50 ओवर का विश्व कप सबसे बड़ा पुरस्कार है। इसका मतलब ये नहीं है कि मैं टी20 विश्व कप या विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप को अहम नहीं समझता हूं पर हम 50 ओवरों का विश्व कप देखकर बड़े हुए हैं और देश में ही होने के कारण ये और भी अहम हो गया था। उन्होंने कहा हमने हार से बचने की कोशिश की थी पर उसमें सफल नहीं हो पाये। इस कारण पूरी टीम के साथ ही प्रशंसक भी निराश हो गये थे। अब हमारे पास टी20 विश्वकप को जो अवसर है, हम उसमें जीतने की कोशिश करेंगे। टी20 वर्ल्ड कप 2024 जून में शुरु होने वाला है। ऐसे में रोहित और टीम इंडिया की नजरें पिछली सभी निराशाओं को भुलाकर इस विश्व कप को जीतने पर होगी।

### मोहम्मद रिजवान की इस हरकत पर शिखर धवन ने उड़ाई खिल्ली, बौखला गए पाकिस्तानी फैंस

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने शॉर्ट रन लिया था। इसके बाद वह सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल हो गए थे। अब भारत के स्टार बल्लेबाज शिखर धवन ने रिजवान की फोटो शेयर कर मजे लिए हैं। न्यूजीलैंड और पाकिस्तान के बीच यूनिवर्सिटी ओवल में तीसरा टी20 मैच खेला गया। न्यूजीलैंड ने 45 रन से इस मैच को अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट के नुकसान पर 224 रन बनाए थे। फिन एलन ने 137 रन की पारी खेली थी। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए पाकिस्तान 179 रन ही बना सका था। इसी मैच के दौरान पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान ने एक शॉर्ट रन लिया, वीडियो वायरल होने के बाद रिजवान पर मजेदार कमेंट किए थे। अब भारत के सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर फोटो शेयर करते हुए मजेदार कमेंट किया है। शिखर धवन ने रिजवान की फोटो शेयर करते हुए मजेदार कमेंट लिखा, कबड्डी...कबड्डी...कबड्डी। धवन के ट्वीट को देख पाकिस्तानी फैंस बौखला गए। दरअसल, पाकिस्तान की पारी के 6 ओवर में यह घटना घटी थी। मैट हेनरी के ओवर की पांचवीं गेंद पर रिजवान ने शॉर्ट खेला।

## शोएब मलिक की तीसरी शादी

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद के साथ फोटो शेयर की ; 2010 में सानिया मिर्जा से हुई थी दूसरी शादी

**मुम्बई ।**

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शोएब मलिक ने तीसरी शादी कर ली है। 41 साल के शोएब ने अब 30 साल की पाकिस्तानी एक्ट्रेस सना जावेद से शादी की। शोएब ने सना के साथ फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी। शोएब की पहली शादी आयशा सिद्दीकी से हुई थी। जिनसे तलाक के बाद उन्होंने 2010 में भारत की पूर्व टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा से दूसरी शादी की। सानिया और शोएब के तलाक के बारे में अब तक ऑफिशियल जानकारी नहीं मिली है।



### सानिया मिर्जा ने लिखा था, तलाक मुश्किल है

सानिया मिर्जा ने लिखा था कि तलाक मुश्किल है। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर स्टोरी लगाकर इंग्लिश में लिखा था, शादी मुश्किल है, तलाक मुश्किल है, अपनी मुश्किलें खुद चुनें। जीवन आसान नहीं, ये हमेशा ही मुश्किल रहेगा लेकिन हम मुश्किल को चुन सकते हैं। ध्यान से चुनें।

### सना जावेद ने इंस्टाग्राम पर अपना सरनेम बदला

सना जावेद ने अपने बायो में पति शोएब मलिक का नाम भी जोड़ लिया। पहले उनके अकाउंट पर सना जावेद लिखा हुआ था लेकिन अब उन्होंने अपने अकाउंट पर सना शोएब मलिक लिख लिया। इंस्टाग्राम पर उनकी भी आखिरी पोस्ट मलिक के साथ शादी की ही है। जिसका कैप्शन है, अलाहम्दुलिल्लाह, और उन्होंने हमें जोड़े में बनाया।

### सानिया से 5 महीने डेटिंग के बाद की थी शादी

सानिया-शोएब की पहली मुलाकात साल 2004-2005 में भारत में हुई थी। दोनों की ज्यादा बातचीत नहीं हुई। दोनों 2009-2010 में ऑस्ट्रेलिया के शहर होबार्ट में फिर मिले।

सानिया टेनिस खेलने और शोएब अपनी टीम के साथ क्रिकेट खेलने पहुंचे थे। इस समय पाकिस्तान की टीम ऑस्ट्रेलिया टूर पर थी। यहां दोनों की जान-पहचान दोस्ती में बदली और फिर मुलाकातों का सिलसिला शुरू हो गया। करीब 5 महीने तक एक-दूसरे को जानने के बाद 2010 में दोनों ने शादी करने का फैसला किया। हैदराबाद में 12 अप्रैल 2010 को सानिया और शोएब की शादी हुई। 15 अप्रैल को लाहौर में रिसेप्शन सेरेमनी हुई थी।

### शादी के 8 साल बाद जन्मा बेटा

सानिया मिर्जा और शोएब मलिक की शादी के 8 साल बाद 2018 में उनके बेटे इजहान का जन्म हुआ। सानिया ने अपने बेटे को जन्म देने के दौरान टेनिस से डेढ़ साल का ब्रेक लिया था। सानिया ने अपनी आत्मकथा 'ऐस अगेंस्ट ऑड्स' में लिखा है कि शोएब उनकी लाइफ में उस समय आए थे, जब वो अपनी प्रोफेशनल लाइफ में परेशानियों से जूझ रही थीं।

### सानिया ने पिछले साल जनवरी में लिया था रिटायरमेंट

शोएब की दूसरी पत्नी सानिया भारत की पूर्व टेनिस खिलाड़ी हैं, उन्होंने जनवरी 2023 में खेल से रिटायरमेंट ले लिया। भारत के रोहन बोपन्ना के साथ उन्होंने हैदराबाद के लाल बहादुर स्टेडियम में फेयरवेल मैच खेलकर टेनिस को अलविदा कहा। सानिया ने टेनिस करियर में ज्यादा मैच डबल्स और मिक्स्ड डबल्स कैटेगरी में ही खेले। उन्होंने 6 ग्रैंड स्लैम जीते हैं। 2016 के रियो ओलिंपिक में वह सेमीफाइनल स्टेज तक भी पहुंची थीं। ग्रैंड स्लैम के अलावा वह करियर में अलग-अलग लेवल पर 43 खिताब जीत चुकी हैं।

### शोएब ने इंस्टाग्राम बायो से हटाया था सानिया का नाम

सानिया मिर्जा और शोएब के बीच तलाक की खबरें पिछले एक साल चर्चा में थीं। इससे पहले, जुलाई में शोएब मलिक ने अपने इंस्टाग्राम बायो में बदलाव किया था। शोएब ने सानिया मिर्जा का नाम अपने बायो से हटा दिया था। शोएब ने पहले अपने बायो में सानिया मिर्जा को मेंशन करते हुए लिखा था हसबैंड टु ए सुपरवुमन। उन्होंने बाद में यह लाइन अपने बायो से हटा दी। इसकी जगह लिखा- लिव अनब्रोकन।

### मलिक ने 2021 में खेला था आखिरी मैच

शोएब मलिक पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रह चुके हैं। उन्होंने 1999 में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू करने के बाद 2001 में टेस्ट और 2006 में टी-20 डेब्यू भी किया। 2019 में उन्होंने टेस्ट से रिटायरमेंट की घोषणा की। उनके नाम टेस्ट में 1898, वनडे में 7534 और टी-20 में 2435 रन हैं। 2021 के टी-20 वर्ल्ड कप में शोएब पाकिस्तान से खेले, जिसमें टीम सेमीफाइनल तक पहुंची। उन्होंने अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच टी-20 के रूप में 20 नवंबर 2021 को बांग्लादेश के खिलाफ खेला। उन्होंने अब तक इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास नहीं लिया है।

**आयशा सिद्दीकी से हुई थी शोएब की पहली शादी** - मलिक ने तीसरी बार शादी की। उनकी पहली शादी 2002 में भारत के हैदराबाद की मॉडल आयशा सिद्दीकी से हुई।

## सबालेंका और कोको गॉफ चौथे दौर में पहुंचीं

# सिनर और मैनारिनो ने भी तीसरे दौर में हासिल की जीत



**नई दिल्ली ।**

गत चैंपियन बेलारूस की आर्यना सबालेंका और चौथी वरीयता प्राप्त 19 साल की कोको गॉफ ने आसान जीत के साथ महिला एकल के चौथे दौर में पहुंच गई हैं। पुरुष वर्ग में दुनिया के नंबर चार खिलाड़ी यानिक सिनर बिना सेट गंवाए चौथे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने सेबेस्टियन बेइजल को 6-0, 6-1, 6-3 से हराया। इटालियन खिलाड़ी ने 25 में से 18 अंक नेट पर हासिल किए। 20वीं वरीयता के एड्रियन मैनारिनो ने अमेरिका के बेन शेल्टन को 7-6, 1-6, 6-7, 6-3, 6-4 से हराया। चौथे दौर में उनका सामना दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी नोवाक जोकोविच से होगा। महिला वर्ग में सबालेंका ने यूक्रेन की लेसिया सुरेंको को 6-0, 6-0 से हराया। गॉफ ने एलिसा पार्कस को 6-0, 6-2 से हराया। वहीं, तीसरे दौर के अन्य मुकाबलों में मैग्दलेना फ्रेच ने अनास्तासिया जखारोवा को 4-6, 7-5, 6-4 से हराया। मार्ता कोस्तयुक ने एलिना को 2-6, 6-4,6-4 से और मिर्रा एंड्रीवा ने पैरी को 1-6, 6-1, 7-6 से हराया। दूसरी वरीयता की सबालेंका ने 12 महीने पहले अपना पहला ग्रैंडस्लैम जीता था। उन्हें 28वीं वरीयता की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत हासिल करने में महज 52 मिनट लगे। अब तक तीन दौर में उन्होंने सिर्फ छह अंक गंवाए हैं। सबालेंका ने मजाकिया अंदाज में कहा कि पिछले साल स्वियातेक ने कई सेट 6-0 से जीते थे। मेरी कोशिश उस लक्ष्य के करीब पहुंचने की थी। मैं जिस तरह से खेल रही हूं, उससे सुपर हैप्पी हूं। मैं इसी लय को और बेहतर करने का प्रयास करूंगी। मैच के बाद सबालेंका और सुरेंका ने हाथ नहीं मिलाया। यूक्रेन के खिलाड़ी युद्ध के चलते रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाते। हालांकि सुरेंगो ने सबालेंका का जुबानी मुबारकबाद दी। सबालेंका का सामना अब अमांदा एनिसिमोवा से होगा, जिन्होंने पाउला बोडोसा को 7-5, 6-4 से हराया।

# रणजी ट्रॉफी में भी विफल रहे रहाणे, टीम इंडिया में वापसी की संभावनाएं समाप्त

**मुम्बई ।**

**बल्लेबाज आजिंक्य रहाणे की भारतीय टीम में वापसी की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी हैं। रहाणे रणजी ट्रॉफी में भी विफल रहे हैं। मुम्बई की ओर से खेलते हुए वह लगातार दो बार पहली ही गेंद पर आउट हुए हैं। रहाणे को उम्मीद थी कि वह रणजी में बेहतर प्रदर्शन कर इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज के लिए अपना दावा पेश करेंगे पर उनका ये प्रयास भी विफल हो गया। चयनकर्ताओं ने इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है जिसमें उन्हें शामिल नहीं किया गया है।**



ऐसा नहीं है कि रहाणे को अवसर न मिले हों पिछले साल ही उनको चयनकर्ताओं ने वापसी का मौका दिया था और टीम का उप कप्तान भी बनाया था पर वह उसका लाभ नहीं उठा पाये। रहाणे वापसी वाले मुकाबले में रन बनाने में विफल रहे। इसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। टेस्ट टीम से बाहर किए जाने के बाद रहाणे के पास घरेलू क्रिकेट में रन बनाकर वापसी करने का अवसर था जिसे भी उन्होंने खो दिया है। रणजी ट्रॉफी के इस सत्र में वह बिहार के खिलाफ सत्र के पहले मैच में खेलने नहीं उतरे और उसके बाद आंध्र प्रदेश और केरल के खिलाफ विकेट के पीछे लगातार दो मैचों में खाता भी नहीं खोल पाये थे। ऐस में रहाणे की इंग्लैंड के खिलाफ वापसी भी इसलिए संभव नहीं है क्योंकि चयनकर्ताओं के पास हर स्थान के लिए युवा खिलाड़ी उपलब्ध हैं और इसलिए वह टीम में बदलाव नहीं करना चाहेंगे।

# प्रणय पहली बार इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में ताइवान के वांग जू वेई को तीन गेमों के संघर्ष में हराया

**नई दिल्ली ।**

एशियाई खेलों के पदक विजेता एचएस प्रणय ने पहली बार इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। प्रणय ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ताइवान के विश्व नंबर 28 वांग जू वेई तीन गेमों के संघर्ष में 21-11, 17-21, 21-18 से हराया। उन्हें यह मुकाबला जीतने में एक घंटा 17 मिनट लगे।



### पहला गेम आसानी से जीता

31 वर्षीय प्रणय इससे पहले वांग से पांच मुकाबले जीत चुके थे और तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। दर्शक दीर्घा से आ रही एचएसपी-एचएसपी की आवाजों के बीच उन्होंने पहले गेम में 11-4 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद उन्होंने यह गेम आसानी से जीत लिया, लेकिन वांग ने दूसरे गेम में जबरदस्त शुरुआत करते हुए 11-6 की बढ़त बनाई। इसके बाद प्रणय ने संघर्ष किया, लेकिन यह गेम वांग के नाम रहा।

### अब शी यूकी से होगी भिड़ंत

तीसरे गेम में वांग और प्रणय 5-5 की बराबरी पर थे, लेकिन वांग ने ब्रेक के दौरान 11-9 की बढ़त बना ली। यहां से प्रणय ने वापसी की और स्कोर 12-12 कर दिया। दोनों खिलाड़ी अंक बनाने का मौका नहीं चूक रहे थे। स्कोर 15-15 था। इसके बाद उन्होंने 18-16 की बढ़त बनाई। प्रणय का अनुभव यहां काम आया। उन्होंने शांत रहते हुए यह गेम 21-18 से जीतकर मैच भी जीत लिया। प्रणय सेमीफाइनल में चीन के शी यूकी से भिड़ेंगे, जिन्होंने जापान के कोकी वातानाबे को 23-21, 21-13 से हराया।

### सर्वोच्च वरीय एन से यंग बाहर

इससे पहले महिला एकल में सर्वोच्च वरीय कोरिया की एन से यंग को चोट के चलते हार का सामना करना पड़ा। सिंगापुर की जिया मिन यू के सामने उन्हें मुकाबला दूसरे गेम में छोड़ना पड़ा। उस वक्त वह 19-21, 0-3 से पिछड़ रही थीं। मिन सेमीफाइनल में पूर्व विश्व नंबर एक ताइवान की ताई जू यिंग से होगा। ताई ने चीन की हे बिंग जियाओ को 21-12, 21-12 से हराया। हांगकांग के ली च्यूक यी ने ओलंपिक पदक विजेता एंथोनी सिंसुका गिंटिंग को 21-17, 18-21, 21-13 से, जापान के कोडाई नरोका ने मलयेशिया के ली जी जिया को 13-21, 21-9, 21-16 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

## पीटरसन की इंग्लैंड को जड़ेजा और अक्षर का सामना करने पर सलाह

# बस यह सुनिश्चित करें कि आप बोल्ड या एलबीडब्ल्यू नहीं हो रहे

**नई दिल्ली ।**

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने मौजूदा टेस्ट टीम को सलाह दी है कि वे रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल की बाएं हाथ की स्पिन जोड़ी के खिलाफ बोल्ड या एलबीडब्ल्यू आउट न हों। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 25 जनवरी से हैदराबाद में शुरू हो रही है। पीटरसन ने मुंबई में भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में टर्निंग पिच पर शानदार 186 रन बनाए थे, जिसने इंग्लैंड के लिए टेस्ट सीरीज 2-1 से जीतने का आधार तैयार किया था। 2012 में इंग्लैंड से 2-1 से हारने के बाद से भारत घर पर लगातार 16 टेस्ट सीरीज़ में विजयी हुआ है। मैंने (रवींद्र) जडेजा का बहुत सामना किया। यह तकनीक के बारे में है। जडेजा मुरली नहीं हैं और वह शेन वार्न नहीं हैं। वह बाएं हाथ का स्पिनर है जो एक तरफ गेंदबाजी करता है और कभी-कभी गेंद



को स्लाइड भी कराता है। यदि आपकी तकनीक स्किड होने वाली गेंद को खेलने के लिए पर्याप्त ठोस है, तो आपको ठीक होना चाहिए। यदि आपके पैर अच्छे हैं, और आप अपना अगला पैर नहीं लगा रहे हैं और आप गेंद की लाइन से नीचे खेल रहे हैं, तो आपको ठीक होना चाहिए। बस यह सुनिश्चित कर लें कि आप बोल्ड या एलबीडब्ल्यू नहीं हो रहे हैं। यदि आप इसे फिसलने के लिए काटते हैं, तो कोई समस्या नहीं है। यदि आप बोल्ड या एलबीडब्ल्यू हो जाते हैं तो यह एक बड़ा मुद्दा है। पीटरसन ने कहा, आपके पास गेंद का इंतजार करने और फिर लेंथ या लाइन को आंकने और फिर आगे बढ़ने के लिए बहुत समय है। पीटरसन ने यह भी बताया कि इंग्लैंड के बल्लेबाजों को अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का सामना कैसे करना चाहिए। मैंने अश्विन का दूसरा चुना। वह अपने रन-अप के पीछे गेंद को लोड करता था और मुझे लगता है कि वह अब भी ऐसा करता है। ऑफ स्पिनर के रूप में वह कभी भी गेंद हाथ में लेकर नहीं दौड़े और इसे दूसरा के लिए देर से बदला; आप ऐसा नहीं कर सकते. उन्होंने इसे जल्दी लोड कर लिया। उन्होंने कहा, जब वह गेंद फेंकने जा रहा था तो मैं 100 प्रतिशत आश्वस्त था और आपने देखा होगा कि मैंने कितनी बार उसे ऑफ साइड पर मारा। मैंने उसके निशान के पीछे दूसरा देखा था और, क्योंकि उसके पास चार या छह खिलाड़ियों के साथ एक स्टैक्ड लेग-साइड फ़ील्ड थी क्योंकि गेंद इतनी अधिक घूम रही थी। 2012 में भारत के दौरे से, पीटरसन को बल्लेबाजी अभ्यास सत्र के दौरान एक अभ्यास करना याद आया, जो आगंतुकों के लिए काम आएगा। हम, जो रूट, जॉनी बेयरस्टो और मैं, भारत में हर समय यह अभ्यास करते थे। रूटी शानदार है, किसी भी अन्य खिलाड़ी जितना ही अच्छा। यह सीखने के बारे में है कि खुद को फ्रंटफुट पर न रखें; गेंद की लंबाई चुनने के इंतजार के बारे में, इसलिए आप केवल अपने हाथों से नहीं खेल रहे हैं। ऐसा करने के लिए, किसी भी गेंद को, जहां भी वह पिच हो, ऑफ साइड से मारना है। मैं नेट्स में सिर्फ बचाव करने में समय बिताऊंगा; बचाव करना वास्तव में नकारात्मक नहीं है। उन्होंने कहा, बचाव करने की क्षमता आपको आक्रमण करने में सक्षम होने का आत्मविश्वास देती है। रक्षा करना; सीधी रेखा में खेलें, अपना अगला पैर न रखें; गेंद की प्रतीक्षा करें; सिर्फ अपने हाथों से मत खेलो. यदि आप ऐसा कर सकते हैं और आपके पास ठोस बचाव के लिए प्रतिबद्ध होने और उस पर भरोसा करने का साधन है, तो यह आपको आराम करने की अनुमति देता है। पीटरसन का यह भी मानना है कि इंग्लैंड के प्रमुख बल्लेबाज जो रूट सीरीज में मेहमान टीम के लिए अहम बल्लेबाज होंगे। वह गेंद का इंतज़ार करता है। वह प्रतिबद्ध नहीं है; वह बैकफुट पर खेलता है। वह इतना प्रतिभाशाली और इतना निर्णायक है कि आगे जाना है या पीछे जाना है। वह सबसे शानदार खिलाड़ी हैं। और वह और भी बेहतर खिलाड़ी बन रहा है क्योंकि उसकी स्ट्रोक की सीमा व्यापक हो रही है। रिवर्स-स्वीपिंग सीमर्स एक अपव्यय को दर्शाता है जो किसी ऐसे व्यक्ति से आ रहा है जो इतने लंबे समय तक काफी सही था।

# भोजन के बाद क्यों खाते हैं सौंफ, पान



**स्वस्थ** शरीर के लिए पाचन का सही होना जरूरी है। यदि पाचन तंत्र में कोई गड़बड़ी होती है तो शरीर में कई तरह की समस्याएं सामने आती हैं। मसलन गैस्ट्रिक, एसिडिटी, कब्ज, डायरिया, अपच, बदहजीम आदि। कुछ घरेलु नुस्खों को अपनाकर पेट को गैस और अपच से छुटकारा दिला सकते हैं। खाना खाने के बाद कुछ चीजों के सेवन से पाचन में काफी सहायता मिलती है। साथ ही, ये माउथ फ्रेशनर का भी काम करता है।

- एक कप पानी में सौंफ, इलायची और अदरक व एक चुटकी हींग अच्छी तरह से मिक्स करें। पेट में गैस बनने से रोकने के लिए हर बार खाना खाने के बाद एक टुकड़ा अदरक चबाना न भूलें।
- कब्ज की समस्या होने पर सौंफ का सेवन करें। सौंफ का सेवन पाचन और कब्ज से निजात दिलाने में काफी मददगार है।
- अगर आपके मुंह से हमेशा बदबू आती रहती है तो आप इलायची का ज्यादा इस्तेमाल करें। इलायची मुंह की बदबू हटाने में सबसे कारगर साबित होती है और इलायची व पुदीनायुक्त पान चबाने से भी मुंह की बदबू से निजात मिलती है।
- खाना खाने के बाद इलायची का सेवन करना काफी फायदेमंद होता है। इसमें मौजूद तत्व खाने को पचाने में मदद करते हैं। साथ ही इसके रासायनिक गुण की वजह अंदरुनी जलन में भी राहत मिलती है। अगर आपको लगातार उल्टी जैसा महसूस हो रहा हो तो भी आप छोटी इलायची का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- इलायची के रासायनिक गुण शरीर में मौजूद फ्री-रेडिकल और दूसरे विषैले तत्वों को दूर करने का भी काम करता है। इससे रक्त भी साफ होता है।
- कफ की समस्या होने पर अदरक युक्त चाय पिएं। इसका सेवन करने से ठंड की वजह से गले में खराश और कफ की समस्या से निजात मिलती है। मधु के साथ अदरक के छोटे टुकड़े को चबाकर भी इसमें आराम मिलता है।
- पान कई बीमारियों का नाश करता है। यदि आप केवल पान के पत्ते का इस्तेमाल करते है तो यह काफी लाभकारी हो सकता है। इसे खानें से गंभीर से गंभीर बीमारियों से निजात मिल सकता है। इसमें कई तरह के एंटीसेप्टिक गुण छिपे हैं।
- पान के पत्ता का वैसे माउथ फेशनर की तरह इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन इसे चबाने से हमारें लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। जब हम इसे चबा कर खाते है तब हमारी लार ग्रंथि पर असर पड़ता है। इससे सलाइव लार बनने में मदद मिलती है। जो हमारी पाचन तंत्र के लिए बहुत ही जरुरी है। अगर आपने भारी भोजन भी कर दिया है उसके बाद आप पान खा लें। इससे आपको भोजन आसानी से पच जाएगा।
- पान के पत्तों में कई ऐसे यौगिक होते हैं जो सांसों में बदबू को खत्म करता है। इसके अलावा पान में लौंग, सौंफ, इलायची जैसे विभिन्न मसाले मिलने से ये एक बेहतरीन माउथ-फ्रेशर भी बन जाता है।
- अगर आपको मसूड़ों में गांठ, सूजन जा फिर खून आ रहा हो तो इसके लिए पान के पत्तों को पानी में उबालकर उन्हें मैश कर लें। इन्हें मसूड़ों पर लगाने से खून बहना बंद हो जाता है।
- पान के पत्ते के रस को गैस्ट्रोप्रोटेक्टिव गतिविधी के लिए भी जाना जाता है जिससे गैस्ट्रिक अल्सर को रोकने में मदद मिलती है।
- इसका आयुर्वेद में बाल तोड़ फोड़े-फुंसी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है। पान के पत्ते गरम करके उसमें आरंडी का तेल लगाकर फोड़े पर लगाने से आराम मिलता है।
- पान के पत्ते के डंठल को आरंडी के तेल में मिलाकर खाने से कब्ज से राहत पाई जा सकती है। इसके अलावा पान के पत्ते के साथ फ्लैक्सीड, त्रिफला और नींबू के सेवन से भी कब्ज का इलाज किया जा सकता है।

## पेनकिलर है हानिकारक



जीवन में बहुत बार ऐसे अवसर आते हैं जब हमें पेनकिलर दवाओं का सेवन करना पड़ता है। विशेषत आस्टियो-आर्थराइटिस के मरीजों को अधिक मात्रा में पेनकिलर दवाओं का सेवन करने की आदत हो जाती है। ऐसे मरीजों को यदि हृदय रोग भी हो तो ये दवाएं उनके लिए बहुत खतरनाक हो सकती हैं। इसके अतिरिक्त अधिक मात्रा में या पेनकिलर का अधिक सेवन हमारे गुर्दों को क्षतिग्रस्त कर सकता है।

## दिल की हिफाजत के लिए पैदल चलें



आपने बुजुर्गों को अकसर यह कहते सुना होगा कि पैदल चलना सेहत के लिए अच्छा है। अब तो विज्ञान ने भी इसे सच साबित कर दिया है। शोधकर्ताओं के अनुसार भारतीय जीवनशैली में आने वाले बदलाव की वजह से अगले दो दशकों में यहां हृदय रोग के बढ़ने की आशंका है। इस नतीजे पर पहुंचने के लिए शोधकर्ताओं ने लगभग चार हजार प्रतिभागियों के आंकड़ों का विश्लेषण किया।

# एलर्जी के कितने रूप

**एलर्जी** तब होती है, जब शरीर किसी पदार्थ के प्रति प्रतिक्रिया करता है। एलर्जी को हल्के में लेना सेहत के लिए भारी पड़ सकता है, लेकिन कुछ सजगताएं बरतकर एलर्जी से बचा जा सकता है। फिर भी अगर कोई शख्स एलर्जी से ग्रस्त हो ही गया, तो उसका इलाज संभव है ...

देश में लगभग 25 फीसदी जनसंख्या एक या एक से अधिक एलर्जी से संबंधित रोगों से ग्रस्त है। वे पदार्थ जिनके कारण शरीर में प्रतिक्रिया होती है, एलर्जन कहलाते हैं। एलर्जी के विभिन्न प्रकार होते हैं। एटॉपिक डर्मेटाइटिस यह भी एलर्जी का एक प्रकार है, जिसमें त्वचा में सूजन आ जाती है। यह समस्या उन लोगों में ज्यादा पाई जाती है, जिनके परिवार के अन्य सदस्यों में भी एलर्जी के लक्षण पाए जाते हैं।

## खाद्य पदार्थों से होने वाली एलर्जी

इस तरह की एलर्जी में हमारे शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र (इम्यून सिस्टम) भोजन में शामिल किसी खास प्रोटीन के प्रति अतिसंवेदनशीलता प्रकट करता है। ऐसे खाद्य पदार्थों की थोड़ी-सी मात्रा खाने से एलर्जी के लक्षण प्रकट होने लगते हैं। कुछ खास खाद्य एलर्जन्स में दूध, अंडे, मछली और अन्य मांसाहारी भोजन, सोया, प्रिजर्वेटिव्स, फास्टफूड्स और गेहूं भी शामिल हैं। फूड इनटॉलरेन्स और फूड एलर्जी में एक खास अंतर यह होता है कि एलर्जी में प्रतिरक्षा तंत्र एक अनावश्यक प्रतिक्रिया प्रकट करता है, जो उस खाद्य पदार्थ में शामिल किसी खास प्रोटीन के कारण होता है। दूसरी ओर फूड इनटॉलरेन्स किसी पाचक एन्जाइम की कमी के कारण होता है।

## लेटेक्स एलर्जी

लेटेक्स रबर के पौधे से स्रावित दूध जैसा दिखने वाला चिपचिपा द्रव होता है, जिसमें कुछ रसायन मिलाकर रबर का निर्माण किया जाता है। इसका इस्तेमाल दस्ताने, गुब्बारे, रबर बैन्ड, इरेजर व खेल के सामान बनाने में किया जाता है। इस तरह की एलर्जी उन लोगों में ज्यादा देखने को मिलती है, जो लेटेक्स की बनी चीजें ज्यादा उपयोग में लाते हैं। उदाहरण के तौर पर डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों को संक्रमण से बचाव के लिए लेटेक्स से बने दस्ताने पहनने होते हैं।

ऐसे लोगों में यह एलर्जी ज्यादा देखी गई है। लेटेक्स एलर्जी से पीड़ित 50 फीसदी लोगों में अन्य तरह की एलर्जी भी देखी गयी है। ऐसे लोगों में खाद्य एलर्जी भी तुलनात्मक रूप से ज्यादा होती है। परफ्यूम, इत्र और रसायन कुछ लोगों को सुगंधित स्प्रे, इत्र, व रसायनों से भी विभिन्न प्रकार की एलर्जी हो जाती है।

**खिलौनों से एलर्जी**- विशेषतः सॉफ्ट टॉयज और फर वाले टेडी बियर से बच्चों में त्वचा की एलर्जी व दमा की शिकायत हो जाती है।



## त्वचा की एलर्जी के मुख्य लक्षण

- त्वचा पर खुजली होना।
- बार-बार त्वचा का संक्रमण।
- शरीर के जोड़ों वाले भागों पर ज्यादा असर होना।
- रोग का पारिवारिक इतिहास।
- त्वचा पर पपड़ी का जमना।
- मुंह के कोनों का फटना।
- हाथ या पैर में खुजली होना।

## दवाओं से एलर्जी

दवाओं से एलर्जी के प्रभाव का दायरा काफी बड़ा है। हर व्यक्ति के शरीर पर इसके अलग-अलग असर देखने को मिल सकते हैं। किसी व्यक्ति के शरीर पर चकत्ते और खुजली हो सकती है, वहीं दूसरे को कोई दिक्कत न हो ऐसा भी संभव है। इस तरह की एलर्जी कुल होने वाली एलर्जी का 5 से 10 फीसदी होती है। कुछ दवाओं के प्रति एलर्जी ज्यादा देखी जाती है।

एंटीबॉयोटिक्स में जैसे पेंसिलीन, दर्द निवारक दवाएं, मिर्गी के दौरों की दवाएं और कीमोथेरेपी (कैंसर की दवाएं)। दवाओं से होने वाली गंभीर प्रकार की एलर्जी के लक्षणों में उल्टी से लेकर बालों का झडना, पेट खराब होना और दस्त आदि शामिल हैं। कई बार ब्लड प्रेशर के इलाज में दी जाने वाली कुछ दवाओं के एंजाइम से खांसी, चेहरे और जीभ में सूजन जैसे लक्षण प्रकट हो जाते हैं।



## डायग्नोसिस

**त्वचा परीक्षण:** ये परीक्षण एलर्जी उत्पन्न करने वाले पदार्थ की पहचान के लिए किए जाते हैं।

**रक्त परीक्षण:** रक्त में विशिष्ट एंटीबॉडी से संबंधित परीक्षण किया जाता है।

**इनविट्रो परीक्षण:** फूड एलर्जी की संभावना का पता करने के लिए किया जाता है।

कीटों के डंक से एलर्जी हममें से अनेक लोग मधुमक्खियों और बर्र के डंक की पीड़ा बर्दाश्त कर चुके हैं और तब आपको यह भी ध्यान जरूर होगा कि उस जगह पर किस तरह से तीखी पीड़ा के साथ लालिमा और सूजन आ जाती थी। जो लोग इस तरह की एलर्जी से पीड़ित होते हैं, उनमें यह स्थिति और ज्यादा गंभीर हो जाती है। अन्य गंभीर लक्षणों में चेहरे, गले और जीभ पर सूजन, सांस लेने में दिक्कत, शरीर में भारीपन, पेट में मरोड़, जी मिचलाना और शरीर में चकत्ते व खुजली आदि को शुमार किया जाता है। पालतू जानवरों से एलर्जी पालतू जानवरों के रोएं, रूसी, लार और पेशाब में पाए जाने वाले पदार्थ एलर्जी पैदा कर सकते हैं। इसके अलावा इन जानवरों के रोएं में एकत्र होने वाले परागकण और फफूंद के बीजाणु (स्पोर्स) भी एलर्जी का कारण बन सकते हैं। इस तरह की एलर्जी के लक्षणों में छींके आना, खुजली होना, आंखों से पानी आना और अस्थमा तक के लक्षण शामिल हैं। पालतू जानवरों की उपस्थिति अन्य किस्म की एलर्जी से पीड़ित लोगों में लक्षणों की तीव्रता बढ़ाने का कारण बन सकती है।



## उपचार

एलर्जी का इलाज काफी लंबा चलता है। इसलिए रोगी को धैर्यपूर्वक इलाज कराना चाहिए। डॉक्टर के परामर्श से दवाओं का सही व नियमित प्रयोग करना चाहिए। एलर्जी की समस्या में कुछ दवाएं कारगर होती हैं।

जैसे सेट्रीजीन (ब्रांड नेम नहीं बल्कि केमिकल एलीमेंट है), लीवो सेट्रीजीन, फैक्सोफेनाडीन, क्लोरफेनीरामीन और मोंटील्यूकास आदि। एलर्जी के इलाज में इम्यूनोथेरेपी का भी इस्तेमाल किया जाता है।

# नीम एक लेकिन फायदे अनेक



**सेहत** के लिहाज से नीम एक सौगात की तरह है। इसके पत्ते और छिलकों में ऐसे तत्व पाए जाते हैं जिनमें गंभीर बीमारियों को ठीक करने की क्षमता पाई जाती है। नीम का जूस हालांकि कड़वा होता है लेकिन इसके जूस को पीने से तन और मन दोनों तंदुरुस्त रहते हैं। नीम के सेवन के फायदों पर डालते हैं एक नजर

## त्वचा के लिए फायदेमंद

नीम के पत्तों में विटामिन सी पाई जाती है। नीम के पत्तों को पीसकर शरीर पर लगाने से त्वचा से संबंधित रोग ठीक होते हैं। नीम के पत्ते त्वचा पर बने कालेधब्बों को हटाने और त्वचा को साफ रखने में फायदेमंद हैं।

## अस्थमा के इलाज में कारगर

नीम की पत्तियां नियमित रूप से खाने पर अस्थमा के इलाज में मदद मिलती है। नीम की पत्तियां श्वास रोग, कफ और बलगम रोकने में सहायक हैं।

## घावों को भरने में फायदेमंद

पेट की बीमारियों के लिए नीम काफी उपयोगी है। नीम पीएच स्तर को नियंत्रित करने में उपयोगी होने के साथ ही अल्सर होने से रोकता है।

## मधुमेह को नियंत्रित रखने में मददगार

नीम की पत्तियां शरीर में शूगर के स्तर को नियंत्रित रखने में मदद करती हैं। नीम का उपयोग टाइप-2 मधुमेह के इलाज में किया जा सकता है। नीम एक तरीके से इंसुलिन का काम करता है।

## दांतो के लिए फायदेमंद

नीम का दातुन नियमित रूप से इस्तेमाल करने से दांतो में पाए जाने वाले कीटाणु नष्ट हो जाते हैं। इससे मसूड़े मजबूत, दांत चमकीले और निरोगी हो जाते हैं।



# ये हैं सबसे उम्दा देश...

**हाल** ही में हुए एक सर्वे में दुनिया के 196 देशों में से 10 सबसे उम्दा देशों को चुना गया है। यह सर्वे गुड कंट्री इंडेक्स द्वारा कराया गया। सबसे बेहतर देश आयरलैंड को चुना गया। हैरानी की बात है कि इस सूची में भारत, चीन और यहां तक कि अमेरिका जैसे देश शामिल नहीं हैं। इन देशों को पर्यावरण और कुदरती संसाधनों को बचाने में सहयोग, विश्व शाांति बनाए रखने में योगदान, समानता, समृद्धि और साइंस एंड टेक्नोलॉजी में आगे रहने के चलते 'टॉप टेन' में जगह दी गई।

## फिनलैंड

उत्तरी यूरोप में स्थित इस देश को साइंस एंड टेक्नोलॉजी और समृद्धि के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। इस देश के नाम सबसे ज्यादा नोबेल प्राइज हैं। यह क्वालिटी इंटरनेशनल पब्लिकेशन और एक्सपोर्ट के लिए जाना जाता है।

## स्विटजरलैंड

यह देश अपने खूबसूरत पहाड़ों, विंटर स्पोर्ट्स और मनोहारी प्राकृतिक नज़ारों के लिए जाना जाता है। यहां के लोगों का 'स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग' काफी अच्छा है।



**आयरलैंड** इस देश को 'टॉप टेन' देशों में पहला स्थान मिला है। यह देश सभी मामलों में नंबर एक माना गया है। कल्चर, वर्ल्ड ऑर्डर, हेल्थ, लोगों का उच्च जीवन-स्तर, यूएन की स्वैच्छिक सेवाओं में मजबूत भागीदारी को देखते हुए इसे सर्वे में पहले नंबर पर रखा गया।



**नीदरलैंड:** यह देश अपने 'पॉजिटिव ग्लोबल इंपैक्ट' के लिए मशहूर है। नीदरलैंड अपने कल्चर, वर्ल्ड ऑर्डर, समानता, स्वास्थ्य और लोगों के उच्च जीवन स्तर की वजह से इस सूची में है। इसी के साथ नीदरलैंड को 'फ्रीडम ऑफ मूवमेंट' और 'प्रेस फ्रीडम' के लिए भी रेट किया गया है।

## न्यूजीलैंड

इस देश को पर्यावरण और साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए इस सूची में शामिल किया गया है। यहां के लोग 'इको फ्रेंडली' घरों को ही तरजीह देते हैं।

## नॉर्वे

प्राकृतिक खूबसूरती और शहरों के विकास के लिए नॉर्वे को आठवें स्थान पर रखा गया है। नार्वे पर्यावरण संरक्षण, विश्व शांति के लिए प्रयास और लोगों के 'हाई स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग' के लिए जाना जाता है।

## यूनाइटेड किंगडम

क्वीन एलिजाबेथ के देश यूनाइटिड किंगडम को इस रैंक में 7वां स्थान मिला है। इस देश को समानता, समृद्धि, स्वास्थ्य और लोगों के उच्च जीवन स्तर के लिए इस सूची में जगह दी गई है। इसके अलावा यह साइंस और टेक्नोलॉजी में नंबर-1 देश है।

## डेनमार्क

यह खूबसूरत देश अपने कल्चर, बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाओं और लोगों के उच्च जीवन-स्तर के लिए जाना जाता है। डेनमार्क को फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट, दूसरे देशों को खाद्यान्न में मदद और गरीब देशों को डोनेशन देने में आगे रहने के लिए इस सूची में शामिल किया गया है।

## बेल्जियम

यूरोप का यह देश समानता, समृद्धि और लोगों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अव्वल देशों में गिना जाता रहा है। इसके अलावा भी इस देश को बेहतरीन क्रिएटिव गुड्स एक्सपोर्ट, फ्रीडम ऑफ मूवमेंट और प्रेस फ्रीडम के लिए 'टॉप टेन' की सूची में शामिल किया गया है।

## स्वीडन




यह देश अपने हाउसिंग स्टोर 'इकेया', स्विस चॉकलेट और वोदका के लिए मशहूर है। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण में यह देश आइसलैंड और कनाडा के बाद तीसरे नंबर पर है। यह देश सीओ2 और ग्रीन हाउस गैसों के कम से कम उत्सर्जन के लिए भी जाना जाता है।

# रेसिपी

## हरी मटर का पराठा



कितने लोगों के लिए 8

### सामग्री

3 कप आटा, 2 टे.स्पून घी, आधा टी स्पून नमक।

**भरावन के लिए:**

2 कप उबली हुई हरी मटर, 5 बारीक कटी हरी मिर्च, 1 टी स्पून जीरा, 1 टे.स्पून घी, नमक स्वादानुसार। तलने के लिए आवश्यकतानुसार घी।

### विधि

**भरावन तैयार करने के लिए:** उबली हुई मटर को हाथ से अच्छी तरह मैश कर लें। एक पैन में घी गर्म करें जब घी गर्म हो जाए तो उसमें जीरा डाल दें। जब जीरा चटकने लगे तो हरी मिर्च, मैश की हुई मटर और नमक डालकर 1 मिनट तक भूने और मिश्रण को ठंडा होने के लिये रभ दें।

पराठे के लिए आटे को छानकर उसमें नमक और घी मिलाकर, पानी डालकर मुलायम गूंध लें। 15 मिनट तक ढ़क कर रख दें। उसके बाद आटे की लोइयां बनाकर उसमें एक-एक चम्मच भरावन की सामग्री भरकर अच्छी तरह बंद कर दें, चकले बेलन की सहायता से बेल कर गर्म तवे पर डालकर दोनों तरफ से घी लगाकर अच्छी तरह सेक लें। गर्मागर्म मटर का पराठा चटनी या अचार के साथ सर्व करें।

## सेब की चटनी



कितने लोगों के लिए 10

### सामग्री

500 ग्राम हरे सेब(छीलकर कटे हुए), 2 टे.सपून घी या तेल, 1-1/2 टी स्पून जीरा, 2 हरी मिर्च (बारीक कटी हुई), 2 टी स्पून पिसा अदरक, 1 टी स्पून हल्दी पाउडर, 1/4 कप पानी, 1/2 टी स्पून दालचीनी, 1 चुटकी जायफल (पिसा हुआ), 1 कप चीनी।

### विधि

तेल या घी को गर्म करके जीरे को भून लें। हरी मिर्च व अदरक पेस्ट डालकर 1 मिनट पकाएं फिर सेब और हल्दी डाल कर 2-3 मिनट तक हिलाएं। आंच धीमी कर के पानी, दालचीनी व जायफल डालें। जब तक सेब नरम न हो जाए तब तक बीच-बीच में हिलाते हुए पकाते रहें। चीनी डाल कर चटनी को तब तक पकाएं जब तक कि जैम जैसी न लगने लगे।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय)** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **(सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)**